kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-275 ❐ शुक्रवार, 06 नवम्बर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



2010 के पैरा एशियन खेलों में भारत ने बस 1 स्वर्ण और कुल 14 पदक जीते थे। इस बार यह आंकड़ा 114 है। यह यात्रा खिलाड़ियों के परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम है। नरेंद्र मोदी

फर्जी मतदाताओं को बचाने की कोशिश हो रही: नित्यानंद राय 11

उत्तराखंड में परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हुईं 59 नई बसें 12

संक्षेप

यूपी के 18 लाख कर्मचारियों को दिवाली तोहफा, खाते में आएगा बोनस का पैसा

लखनऊ। यूपी के 18 लाख कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। यूपी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को 30 दिन का बोनस देने का ऐलान किया है। 2025-2026 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने का शासनादेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिग अलग-अलग कर्मचारियों के खाते में सात हजार रुपये तक बोनस का पैसा दिया जाएगा। मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि पूर्ण कालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों को बोनस का लाभ मिलेगा। सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्यभारित कर्मचारियों को भी इस दायरे में रखा गया है।

हरदीप सिंह पुरी राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

भोपाल। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए। गुरुवार को नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी उमेश कुमार शर्मा ने उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपा। इस उपचुनाव में हरदीप सिंह पुरी के अलावा दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र जमा किया था। कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी का नामांकन अनिवार्य फॉर्म-26 शपथपत्र संलग्न नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया गया था। लोहानी ने दस्तावेजों की कमी दूर करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की। दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन भी दस्तावेजों में अधूरी जानकारी के चलते निरस्त कर दिया गया। इसके बाद पुरी अकेले वैध प्रत्याशी रह गए । ज्ञात हो कि राज्यसभा की यह सीट केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के 14 अक्तूबर को सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी।

'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह का समय बदलेगा: राष्ट्रपति भवन

नई दिल्ली। इस शनिवार से 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह सुबह आठ से नौ बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह एक सैन्य परंपरा है, जो हर हफ्ते आयोजित की जाती है। इसके जरिए राष्ट्रपति के अंगरक्षकों (पीबीजी) का एक नया दल कार्यभार संभालता है।एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट (प्रांगण) में हर शनिवार को होने वाला 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह इस शनिवार (सात नवंबर, 2026) से सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा।इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने पिछले महीने 10 अक्तूबर से इस साप्ताहिक समारोह का समय बदल कर सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे कर दिया था।

आपातकाल लगाने वाले लोकतंत्र की बात कर रहे : सीएम योगी

एजेंसी

गाजियाबाद में सीएम की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा



गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही समर्थकों ने भगवान राम, हनुमान, श्रीकृष्ण और महादेव के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने भी मंच से संबोधन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्ष के आंदोलन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लोकतंत्र की बात करते हैं, जबकि इसी पार्टी ने 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र और भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है। ऐसे लोगों का लोकतंत्र की बात करना हास्यास्पद लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इंडी गठबंधन के खिलाफ दूधेश्वर नाथ की पावन धरती पर लोग एकत्र हुए हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कई घोटालों के कारण जनता का विश्वास खोया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल घोटाले, कोयला घोटाले और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। योगी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल आज देश के विकास में बाधा डालने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तस्वीर बदली है। वर्ष 2014 से पहले देश आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रहा था, लेकिन आज इन चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के दिल्ली में प्रदर्शन करने का एकमात्र कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की बदलती पहचान है। नए भारत ने अपनी विरासत और विकास की यात्रा को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल सरकार को कटघरे में खड़ा करके विकास के रास्ते में रुकावट पैदा करना चाहता है।

उन्होंने कहा कि आज भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है और भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने परीक्षा और परिणाम का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज बार-बार असफल होने के बाद अलग-अलग बहाने बनाते हैं।

योगी ने कहा कि जब उनसे परिणाम के बारे में पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि उन्होंने परीक्षा तो लिखी थी, लेकिन शिक्षक ने उत्तर पुस्तिका बदल दी। दूसरी बार कहते हैं कि प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर के थे। तीसरी बार कहते हैं कि कलम की स्याही खत्म हो गई थी और चौथी बार कहते हैं कि सामने वाला तेजी से लिख रहा था, जिससे उनका ध्यान भटक गया। मुख्यमंत्री ने इस उदाहरण के ● शेष पेज 11 पर

जिस निष्पक्षता से मिली नौकरी, उसी ईमानदारी से पीड़ित को न्याय दिलाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 28 वैज्ञानिक अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग की पारदर्शी एवं निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त हुए वैज्ञानिक अधिकारियों की जिम्मेदारी अब यह सुनिश्चित करना है कि उनके पास आने वाले प्रत्येक फॉरेंसिक साक्ष्य की जांच पूरी शुद्धता, ईमानदारी और समयबद्धता के साथ हो। जिस निष्पक्षता और न्याय की अपेक्षा उन्होंने अपनी नियुक्ति प्रक्रिया में की थी, उसी ● शेष पेज 11 पर

धनतेरस से पहले शेयर बाजार में मनी दिवाली

एजेंसी



❐ पहली बार 500 लाख करोड़ के पार पहुंचा बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में दिवाली जैसी रौनक देखने को मिली। लगातार छठे कारोबारी दिन बाजार में जोरदार तेजी रही। सेंसेक्स और निफ्टी करीब ढाई प्रतिशत तक उछल गए। इस तूफानी तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार 500 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। दिन के दौरान यह 501.64 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा। इससे निवेशकों की संपत्ति में करीब 8.40 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद खरीदारी और तेज हो गई। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 2,100 अंकों से अधिक उछलकर 79,470 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी 24,579 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और करीब तीन महीने बाद 24,500 के ऊपर बंद होने में सफल रहा। शेयर बाजार में चौतरफा खरीदारी के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार 500 लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया। कारोबार के दौरान यह 501.64 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह आंकड़ा करीब 494.4 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों की संपत्ति में लगभग 8.40 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। बाजार में तेजी की प्रमुख वजह अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजे रहे। डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़ती राजनीतिक पकड़ के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद मजबूत हुई। इससे वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बना और भारतीय शेयर बाजार को भी फायदा मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट ने भारतीय बाजार को मजबूती दी। ब्रेंट क्रूड करीब 10 प्रतिशत गिरकर 94 डॉलर प्रति बैरल के नीचे पहुंच गया। सप्ताहभर में इसकी कीमतों में लगभग 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। कच्चे तेल के सस्ता होने से भारत जैसे तेल आयातक देश को राहत मिलने की उम्मीद है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय बाजार में वापसी ने भी तेजी को मजबूती दी। पिछले कारोबारी सत्र में विदेशी निवेशकों ने करीब 7,284 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी निवेशकों की खरीदारी जारी रहने से बाजार की मौजूदा तेजी को और समर्थन मिल सकता है। कारोबार के दौरान बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और वाहन क्षेत्र के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। इन क्षेत्रों के शेयरों ने बाजार की तेजी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, अपोलो ● शेष पेज 11 पर

छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसएसआर का ऐलान

एजेंसी



नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम में मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की घोषणा की। इस पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र मतदाताओं, विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना है। आयोग के अनुसार, मतदाता सूचियों का प्रारूप 30 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 21 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। इस अभियान में उन लोगों को भी पहले से आवेदन की सुविधा मिलेगी, जो 2027 में एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर को मतदान के योग्य यानी 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे। इन आवेदनों पर संबंधित तिमाही में ही कार्रवाई की जाएगी, जब आवेदक मतदान के लिए पात्र होंगे। आयोग ने कहा है कि दोहराव या एक से अधिक एंट्री से संबंधित नाम हटाने के आवेदनों के मामले में क्षेत्रीय सत्यापन अनिवार्य होगा। किसी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कुल संख्या के दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाने के प्रस्ताव या एक ही आपत्तिकर्ता द्वारा पांच से अधिक आपत्तियां दाखिल किए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जांच करनी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 6 और 8 में आधार का विवरण देना स्वैच्छिक रहेगा। आधार का विवरण नहीं देने के आधार पर न तो मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का कोई आवेदन खारिज किया जा सकेगा और न ही पहले से दर्ज किसी नाम को हटाया जा सकेगा। ● शेष पेज 11 पर

यूजीसी के नए नियमों पर फिर विचार, विशेष समिति का होगा गठन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्ष 2026 के नए नियमों पर दोबारा विचार करने के लिए विशेष समिति का गठन करेगी। सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि समिति सभी पक्षों की चिंताओं पर विचार करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी वर्ग के छात्र को भेदभाव या उपेक्षा का सामना न करना पड़े। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों की चिंताओं को दूर करना चाहती है और सभी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना चाहती है। न्यायालय ने कहा कि नियम बनाते समय सभी वर्गों के विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखना जरूरी है। युवा पीढ़ी की चिंताओं और उनके कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें कोई भी समूह खुद को अलग-थलग, असुरक्षित या आशंकित महसूस न करे। गौरतलब है कि ● शेष पेज 11 पर

जंतर-मंतर हिंसा मामले में कम शिकायतें मिलीं

एजेंसी



❐ सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रदर्शनकारियों और पुलिस पर हमले के पर्याप्त सबूत नहीं, जांच कमेटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और पुलिस की कथित ज्यादती की जांच कर रही समिति को अब तक बहुत कम शिकायतें मिली हैं। पर्याप्त सामग्री नहीं मिलने के कारण समिति फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय जांच समिति ने अदालत को बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन पोर्टल और ईमेल की सुविधा उपलब्ध कराने के बावजूद बेहद कम शिकायतें मिली हैं। 29 अक्टूबर को हुई बैठक में केवल एक शिकायतकर्ता हलफनामे के साथ पहुंचा था। समिति ने बताया कि 13 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया था। इसके अलावा देशभर के 149 अखबारों में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर शिकायतें मांगी गई थीं। 17 अक्टूबर को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई और 21 अक्टूबर को दोबारा शिकायतें आमंत्रित की गईं। इसके बावजूद ईमेल, डाक और कार्यालय में सीधे कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने पोर्टल शुरू होने से पहले ही समिति को शिकायतें सौंप दी थीं। बाद में निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक और शिकायत दर्ज कराई गई। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत से कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल वीडियो, हलफनामे और अन्य दस्तावेज समिति को सौंपने की अनुमति दी जाए, ताकि पीड़ितों को अलग-अलग पेश न होना पड़े। हालांकि, सॉलिसिटर ● शेष पेज 11 पर

हिरासत के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना जरूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने के साथ ही उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज करने के समय से नहीं गिना जाएगा। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसियां पहले किसी व्यक्ति को हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का तरीका नहीं अपना सकतीं। हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच का समय भी 24 घंटे की कानूनी समयसीमा में शामिल होगा। यह फैसला त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उन्हें हिरासत में लेने और औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की।

संसद में हंगामा करना विपक्ष की कार्यशैली : अमित शाह



एजेंसी

❐ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना, कहा- मुद्दों पर चर्चा नहीं करते

करनाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने संसद में हंगामा करने को कांग्रेस की कार्यशैली बना दिया। नेता प्रतिपक्ष सहित पूरी कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर चर्चा नहीं करती। गृह मंत्री ने करनाल में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की अगुवाई की।

शाह ने लोकतंत्र में संसद को बहस का सर्वोपरि स्थान बताते हुए कहा कि राहुल गांधी संसद को चलने नहीं देते और आम जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं करते। हंगामा करना और बहिष्कार का सहारा लेना कांग्रेस की कार्यशैली बन गई है। शाह ने कहा कि 80 साल पुराना लोकतंत्र विपक्ष के झांसे में नहीं आएगा। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने दोहराया कि केंद्र सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के ● शेष पेज 11 पर

ट्रंप की हार से अमेरिकी राजनीति में बड़ा उलटफेर

संसद के दोनों सदनों पर डेमोक्रेट्स का कब्जा

एजेंसी

❐ सीनेट में 54 सीटों पर डेमोक्रेटिक पार्टी और 44 सीटों पर रिपब्लिकन पार्टी का कब्जा


❐ 2 सीटों के नतीजे आने बाकी है

❐ प्रतिनिधि सभा में 245 सीटें जीती हैं डेमोक्रेटिक पार्टी, 147 सीटें जीती हैं रिपब्लिकन पार्टी ने

❐ 43 सीटों के नतीजे आने शेष हैं

❐ हार के बाद ईरान युद्ध पर घिरे ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी उठाए सवाल

❐ ट्रंप बोले- ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का फैसला सही था



वॉशिंगटन। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की भारी हार हुई है। प्रतिनिधि सभा में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी 245 सीट जीतने में कामयाब रही, जबकि रिपब्लिकन पार्टी 147 सीटें ही जीत सकीं। वहीं, सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 सीटें हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं। अब सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों सदनों (कांग्रेस) में डेमोक्रेटिक पार्टी का नियंत्रण हो गया।

अमेरिकी कांग्रेस (सदन) में बहुत खाने के बाद ट्रंप को कानून पास कराने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उधर, भारी हार के बाद बुधवार को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध के फैसले का समर्थन करने से बचते दिखे और मतदाताओं की ओर से राष्ट्रपति को दिए गए स्पष्ट संदेश से खुद को अलग रखने की कोशिश की। वहीं, उपराष्ट्रपति के अपने राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबी पोस्ट लिखकर रिपब्लिकन पार्टी की करारी हार के लिए ईरान के साथ युद्ध को जिम्मेदार ठहराया। वेंस ने लिखा कि हमारी हार की वजह वह युद्ध है। उन्होंने कहा कि अगर लोग यह तर्क देना चाहते हैं कि अगले छह साल के लिए सीनेट पर अपना नियंत्रण खो देना सही है, तो बेशक ऐसा तर्क दें। व्हाइट हाउस में बन रहे 'बॉलरूम' का अचानक दौरा कराते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान के मामले में हमें ऐसा करना ही था और हम इसे जारी रखेंगे। वेंस की सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी वेंस से बात हुई थी। उन्होंने इसे अच्छा बताया और कहा कि मैं जानता हूं कि वह इस बारे में क्या सोचते हैं और मुझे लगता है कि यह (ईरान युद्ध का निर्णय) ठीक था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहे हैं। ट्रंप ने 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि मैं इसे अपनी हार नहीं ● शेष पेज 11 पर

नतीजों से पता चलता है अमेरिकी वोटरों ने ट्रंप की लड़ाई को खारिज किया: खामेनेई

तेहरान, एजेंसी। ईरान के सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि मतदाताओं ने ट्रंप की लड़ाई को खारिज कर दिया है। खामेनेई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अगर अभी भी कुछ लोग हैं जो बर्ताव में बदलाव या दबदबे वाले सिस्टम में पार्टी और गुटबाजी में बदलाव की थोड़ी सी भी उम्मीद रखते हैं, या जो सोचते हैं कि अमेरिका को छूट देकर वे उसे ईरानी देश के प्रति दुश्मनी से रोक सकते हैं, तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं। पार्लियामेंट स्पीकर, मोहम्मद बाघेर कलीबाफ ने कहा, अमेरिकियों ने युद्ध के लिए नहीं कहा है, और हम इस संदेश का समर्थन करते हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिकियों ने एक साफ संदेश भेजा है और ट्रंप को इसे नजरअंदाज न करने की चेतावनी दी है। अगर वो ऐसा करते हैं, तो इस बड़ी गलती के नतीजे पहले से भी ज्यादा बुरे होंगे।

पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद- 2026 का भव्य आयोजन

❐ कुलाधिपति के आगमन के पश्चात वैदिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद- 2026 का आयोजन किया गया।

कुलाधिपति के आगमन के पश्चात वैदिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय की नवीन शैक्षिक सुविधाओं का लोकार्पण तथा स्टार्टअप प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। तत्पश्चात सभागार में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवर्तन में विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने कहा कि नीति के माध्यम से नवाचार और नए आइडियाज को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाराणसी, अयोध्या, मथुरा जैसे नगरों में टूरिज्म को स्टार्टअप से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने पूर्वांचल के ट्टडग्ट्ट विश्लेषण एवं राजभवन के समन्वय से विश्वविद्यालय नेटवर्क 'समर्थ से सामर्थ्य' पर अपने विचार साझा किए।

प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय, कुलपति, ए.के.टी.यू. लखनऊ ने पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि - ''एप्पल, गूगल, फ़ेसबुक, व्हाट्सएप जैसे वैश्विक प्लेटफॉर्म स्टार्टअप के रूप में ही प्रारंभ हुए और आज सफलता के शिखर पर हैं। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में स्टार्टअप्स की निर्णायक भूमिका होगी।'' उन्होंने 'फिजिक्स वाला' जैसे स्वदेशी स्टार्टअप का उदाहरण देकर युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया।

तकनीकी सत्रों में प्रथम सत्र डॉ. अभय जेरे, एमडी एवं सीईओ ने 'डिजाइन थिंकिंग' और नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों के नवीन विचारों को प्रोत्साहित करना चाहिए। 'फ़ेल अर्ली, फ़ेल फास्ट' की अवधारणा समझाते हुए उन्होंने 'कू' ऐप की विफलता पर चर्चा की और सभी विश्वविद्यालयों में 1-2 सप्ताह का अनिवार्य डिजाइन थिंकिंग कोर्स शुरू करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र सुमित राजेश महाजन , सीईओ, यूपी स्टार्टअप मिशन ने डीप टेक स्टार्टअप्स के लिए सीड कैपिटल, प्रोटोटाइप अनुदान, 40 करोड़ तक के पेशेंस कैपिटल तथा टाक और कम्प्यूट पावर पर मिलने वाले वित्तीय प्रोत्साहनों की जानकारी दी।

तृतीय सत्रप्रो. एस.पी. मिश्र, एडवाइजर, इनोवेशन हब, ए.के.टी.यू. : प्रत्येक कॉलेज और विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने पर जोर देते हुए डॉ. एस. पी. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज पूर्वांचल क्षेत्र को स्टार्टअप्स की अत्यधिक आवश्यकता है और युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल अपने स्टार्टअप विचार लेकर आएं, बाकी सभी व्यवस्थाओं का पूरा सहयोग दिया जाएगा। अपराह्न में कुलाधिपति की अध्यक्षता में कुलपति गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, कुलसचिवों एवं वरिष्ठ शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। गोलमेज सम्मेलन में पूर्वांचल क्षेत्र में नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम के सुदृढ़ीकरण, विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा विद्यार्थियों के आइडियाज को उद्योग से जोड़ने पर गहन चर्चा हुई।

जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत, खंड शिक्षाधिकारी कोराँव को मिली जांच

❐ पूर्व में निस्तारण संतोषजनक न होने से फिर हुई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराँव, प्रयागराज। ग्राम पंचायत देवीबांध, विकास खंड व तहसील कोराँव में संचालित उदित नारायण पब्लिक स्कूल देवीबांध के मानक के विपरीत संचालन को लेकर जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत की जांच खंड शिक्षाधिकारी कोराँव को सौंपी गई है।

शिकायतकर्ता रजनीश कुमार मिश्रा एडवोकेट, निवासी रत्योरा करपिया ने संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज को संबोधित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि विद्यालय की मान्यता कक्षा 8 तक की है, लेकिन प्रबंधक द्वारा कक्षा 10 तक का एडमिशन कर क्षेत्र के लोगों को ठगा जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि विद्यालय में न तो शौचालय है, न स्वच्छ जल की व्यवस्था है और न ही स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था है। नियुक्त शिक्षकों के पास न स्नातक, न परास्नातक, न बीएड और न डीएलएड की डिग्री होने का भी आरोप लगाया गया है। प्रार्थना पत्र में प्रधानाध्यापक रत्नेश शुक्ला पर बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करने और हर वर्ष मनमाने ढंग से फीस बढ़ाकर वसूलने का आरोप है। समिति के गठन में अपने ही पिता एवं सगे रिश्तेदारों को शामिल कर प्रबंध कारणी का गठन करने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार इस मामले की पूर्व में संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उसका निस्तारण संतोषजनक नहीं हुआ। इसी कारण पुनः जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि उक्त विद्यालय की उच्च स्तरीय जांच कराकर यदि मानक के विपरीत संचालन पाया जाए तो प्रबंध समिति भंग कर संचालन पर रोक लगाई जाए। जन सुनवाई पोर्टल के अग्रसारित विवरण के अनुसार संदर्भ का प्रकार अंतरित है, आदेश दिनांक 03-11-2026 है और इसे ऑनलाइन संदर्भ के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग को प्रेषित किया गया है। शिकायत संख्या 40017526120902 है और वर्तमान में स्थिति लंबित है।

पुरवा इटवा में माटी महोत्सव में गूंजा बाल विवाह मुक्त समाज का संकल्प



कोराव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को पुरवा इटवा में माटी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया गया, जिसमें सबसे पहला संकल्प बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने का रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सिंह ने कहा कि आज माता-पिता अपनी इज्जत और प्रतिष्ठा बचाने के चक्कर में बेटियों की जल्दी शादी कर दे रहे हैं, जो उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बालिकाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता की मर्यादा बनाए रखें, परिवार से प्यार करें, पढ़ाई और किताबों से प्यार करें। जब तक पढ़-लिखकर अपने मुकाम को हासिल न कर लें, तब तक किसी भी अनैतिक कार्य से दूर रहें। लक्ष्य पूरा करने के बाद ही शादी करें। महोत्सव में थाना खीरी की मिशन शक्ति प्रभारी सब इंस्पेक्टर निकिता वर्मा ने कहा कि देश के बुद्धिजीवियों और वैज्ञानिकों ने सोच-समझकर ही लड़कियों की शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष तय की है। 18 वर्ष की उम्र तक लड़की इंटरमीडिएट पास कर जाती है और 21 वर्ष तक लड़का स्नातक कर जाता है, जो उन्हें कैरियर के नजदीक पहुंचा देता है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सभी हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तार से जानकारी दी। जिला समन्वयक शहजाद अख्तर ने बाल विवाह और बाल श्रम से निजात पाने के उपायों पर प्रकाश डाला। ब्लॉक समन्वयक मेजा रोशन लाल ने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और तस्करी जैसी समस्याओं का एकमात्र निदान शिक्षा है। शिक्षा से ही समाज की हर चुनौती का समाधान संभव है। इस अवसर पर संस्थान के शंकरगढ़ ब्लॉक समन्वयक संजय पाण्डेय, विजय बहादुर, सुभावती देवी, संजू आदिवासी, राजकुमारी, सविता दिघलो, शीला निषाद, अमरबहादुर, पूनम निषाद, राजकुमारी खम्भरिया, गुड़िया खूंटा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

नॉर्मल डिलीवरी के चक्कर में गर्भवती की मौत का आरोप, परिजनों के पहुंचने पर मामला रफा-दफा

कोराँव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोराँव के गांधी चौराहा के पूरब दिशा की ओर स्थित एक हॉस्पिटल में नॉर्मल डिलीवरी कराने के चक्कर में गर्भवती महिला की मौत हो जाने का आरोप लगा है। सूचना पर परिचितों के काफी लोग अस्पताल पहुंच गए। बाद में बातचीत कर मामला रफा-दफा हो गया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी एक हॉस्पिटल में नवजात बच्चे की मौत हो गई थी। इसी प्रकार गांधी चौराहा के बगल एक अप्रशिक्षित महिला नर्स द्वारा डिलीवरी कराए जाने के दौरान जन्म देने वाली मां की ही मौत हो जाने का आरोप लगा था। स्थानीय लोगों के अनुसार इसके कुछ दिन बाद मेजा वाली रोड पर स्थित एक मेडिकेयर हॉस्पिटल में भी जन्म देने वाली मां की मौत हो गई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में जरूर आया, लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। लोगों का आरोप है कि हर बार केवल खानापूर्ति करके, दबाव बनाकर और सौदेबाजी कर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। इससे क्षेत्र में अवैध व मानक विहीन तरीके से संचालित हो रहे अस्पतालों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गांधी चौराहा व आसपास संचालित अस्पतालों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, डिलीवरी कराने वाले स्टाफ की डिग्री व प्रशिक्षण की जांच हो और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आगे किसी गर्भवती या नवजात की जान न जाए।

मेजा में अधिवक्ताओं का हड़ताल का ऐलान, 4 से 7 नवंबर तक न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

मेजा, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बार एसोसिएशन मेजा ने अधिवक्ता चन्द्रभान प्रसाद मिश्रा व उनके परिवार के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित मारपीट व फर्जी मुकदमा कायम किए जाने के विरोध में 4 नवंबर 2026 से 7 नवंबर 2026 तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। बार एसोसिएशन की ओर से उप जिलाधिकारी मेजा को दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि थाना मेजा के दरोगा व पुलिसकर्मियों ने अधिवक्ता चन्द्रभान प्रसाद मिश्रा, उनकी लड़कियों व पूरे परिवार को थाना मेजा में ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद अधिवक्ता व पूरे परिवार के विरुद्ध पद का दुरुपयोग कर फर्जी मुकदमा कायम कर दिया गया। पत्र में कहा गया है कि पुलिस के इस कार्य से समस्त अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी है। मांग की गई है कि जब तक दरोगा फर्जी मुकदमा वापस नहीं लेता और दरोगा व पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं हो जाता, तब तक समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

मंडल महिला कल्याण संगठन ने 50 संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को शॉल एवं उपहार भेंट कर किया सम्मानित



वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंडल महिला कल्याण संगठन, वाराणसी की अध्यक्षा श्रीमती वाणी जैन द्वारा अधिकारी क्लब, लहरतारा में 50 संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को उनके कार्य के प्रति समर्पण एवं कर्त्तव्यनिष्ठा हेतु शॉल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वाणी जैन ने संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय है तथा उनके प्रति सम्मान एवं प्रोत्साहन व्यक्त करना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में संगठन की सचिव श्रीमती जागृति सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती मधुलिका सिंह तथा सदस्याओं श्रीमती सुनीता गौर, श्रीमती मौसमी चौधरी एवं श्रीमती शालिनी अवस्थी ने सहभागिता की। इस अवसर पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

एलन मस्क के बयानों के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच की आक्रोश रैली, स्टारलिंक को मंजूरी न देने की मांग

वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्वदेशी जागरण मंच ने गुरुवार शाम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सिंहद्वार पर एलन मस्क के बयानों के विरोध में आक्रोश रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने मस्क के बयानों की कड़ी निंदा करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि बताया और स्टारलिंक को भारत में सेवा शुरू करने की मंजूरी न देने की मांग की। रैली में वक्ताओं ने कहा कि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने के लिए लाइसेंस आवेदन किया है, जो अभी लंबित है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सवालों और सरकार की ओर से मांगी गई जानकारी पर संतोषजनक जवाब देने के बजाय मस्क की ओर से भारतीय व्यापार और सरकार पर परोक्ष आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वक्ताओं ने आशंका जताई कि कंपनी नियामकीय शर्तों को पूरा किए बिना लाइसेंस हासिल करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि स्टारलिंक की सैटेलाइट तकनीक, विशेषकर लेजर आधारित अंतरिक्ष संचार प्रणाली, भारत की सुरक्षा और नियामकीय व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती है।

डीसीपी कार्यालय में हुई जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। गुरुवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर मनीष कुमार शांडिल्य द्वारा रोज की भांति पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध व प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई अब लोगों के लिए विश्वास का माध्यम बन चुकी है। जिन फरियादियों को थाना, चौकी या एसीपी कार्यालय में न्याय नहीं मिल पाता, वे बड़ी उम्मीद के साथ डीसीपी के पास फरियाद लेकर पहुंचते हैं। उन्हें भरोसा रहता है कि उच्चाधिकारी कुछ न कुछ जरूर करेंगे। इसी विश्वास के साथ लोग किराया-भाड़ा खर्च करके और दिन भर का काम छोड़कर पहुंचते हैं। हालांकि काम थाना-चौकी स्तर से ही होता है, लेकिन उच्चाधिकारियों के लाख निर्देश-आदेश के बावजूद स्थानीय स्तर पर सुधार नहीं हो रहा है, ऐसा लोगों का कहना है।

फरियादियों का मानना है कि यदि चौकी-थाना स्तर पर ईमानदारी और निष्ठा से कार्य किया जाए तो उन्हें भागदौड़ से बचाया जा सकता है। जनसुनवाई में आए लोगों ने यह भी मुद्दा उठाया कि थाना-चौकी स्तर पर सीएम हेल्पलाइन 1076 का बोर्ड कुछ दिन दिखा, अब नहीं दिख रहा है। इसी के साथ तमाम वाहन खड़े-खड़े जंग खा रहे हैं, उनकी नीलामी नहीं की जा रही है। थाना स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं रहती। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराया है।

उन्होंने मांग की है कि थाना-चौकी स्तर पर प्रॉपर सीसीटीवी कैमरा लगे, अपराधियों की करेंट सूची, हल्का वार दरोगा व पुलिसकर्मी का नाम और फोन नंबर स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। साथ ही पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों का नंबर भी लिखा रहना चाहिए, ताकि फरियादी सीधे संपर्क कर सकें।

मां विंध्यवासिनी के श्रृंगारिया को मिला योगी का दीपावली उपहार

❐ मुख्यमंत्री की ओर से हर साल की तरह भेजी गई सौगात पाकर खिल उठे चेहरे, जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर । दीपावली के पर्व पर मां विंध्यवासिनी के दरबार से जुड़े लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्नेह पहुंचा। मुख्यमंत्री की ओर से मां विंध्यवासिनी के श्रृंगारिया विश्व मोहन मिश्र उर्फ शिवजी समेत अन्य लोगों को दीपावली का उपहार भेंट किया गया। पर्व के मौके पर मिली इस सौगात से लोगों में खुशी देखी गई। मुख्यमंत्री की ओर से हर साल दीपावली पर उपहार भेजने की परंपरा इस बार भी निभाई गई। उपहार प्राप्त करने वालों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उनका कहना था कि त्योहार पर मिला यह उपहार महज एक सौगात नहीं, बल्कि स्नेह और सम्मान का प्रतीक है।

चाचा के घर चोरी करने वाला भतीजा गिरफ्तार, 17 लाख के जेवर बरामद

❐ अजीतमल पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ किया चोरी की घटना का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी करने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरी की वारदात को किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि परिवार के ही भतीजे ने अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 17 लाख रुपये कीमत के शत-प्रतिशत चोरी हुए आभूषण बरामद किए हैं। वारदात में इस्तेमाल बेलचा भी बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने बताया कि शास्त्रीनगर निवासी उमेश कुमार 21 अक्टूबर को पत्नी और बच्चों के साथ अछल्दा में एक रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने घर के पीछे के दरवाजे से अंदर घुसकर आलमारी का लॉकर तोड़ दिया और सोने के जेवरात चोरी कर लिए थे। उमेश की तहरीर पर अजीतमल थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

गुरुवार की शाम थाना अजीतमल पुलिस और स्वाट-सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांधी नगर मोहल्ले में पावर हाउस के पास एनएच-19 हाईवे से अंशुल उर्फ यश (21) पुत्र अम्बेश कुमार दोहरे निवासी शास्त्रीनगर, अजीतमल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उमेश कुमार उसके चाचा हैं और उसका उनके घर आना-जाना था। इसी वजह से उसे घर में रखे जेवरात की जानकारी थी। चाचा के परिवार सहित बाहर जाने पर उसने अपने घर से बेलचा लिया और उनके मकान में पहुंच गया। अंदर से बंद दरवाजे को धक्का देकर खोलने के बाद बेलचे से आलमारी का लॉक तोड़कर जेवरात चोरी कर लिए। बाद में उसने इन्हें अपने घर के पीछे बने टूटे कमरे के मलबे में ईंटों के नीचे छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 10.947 ग्राम की अंगूठी, 8.097 ग्राम के झाले, 35.109 ग्राम की सोने की माला, 18.292 ग्राम के माला के तीन टुकड़े, 28.706 ग्राम का ब्रेसलेट और 6.148 ग्राम की दूसरी अंगूठी बरामद की। बरामद सोने के आभूषणों का कुल वजन 107.299 ग्राम बताया गया है। पुलिस ने मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की है।

यम द्वितीया पर चित्रगुप्त धाम में होगा सामूहिक कलम-दवात एवं शस्त्र पूजन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । यम द्वितीया पर भगवान श्री चित्रगुप्त धाम, झूलेलाल वाटिका में कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सामूहिक कलम-दवात एवं शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि यम द्वितीया कायस्थ समाज का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है। इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की विशेष पूजा-अर्चना, सामूहिक कलम-दवात एवं शस्त्र पूजन तथा 56 भोग अर्पित कर समाज के लोग उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा, सामूहिक हवन तथा प्रसाद स्वरूप कलम वितरण किया जाएगा। साथ ही भगवान श्री चित्रगुप्त घाट पर जीवनदायिनी आदि गंगा मां गोमती की भव्य आरती होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव एवं महामंत्री मनोज डींगर ने बताया कि धाम को फूलों एवं आकर्षक झालरों से सजाया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं संयुक्त मंत्री निशीथ श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

दिलीप श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने के साथ कायस्थ समाज की एकता, सामाजिक चेतना और राजनीतिक जागरण को नई दिशा देना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मुहूर्त के अनुसार यम द्वितीया दिनांक 10 नवंबर को समय करीब 12 से 11 नवंबर को 2 बजे तक है इसी वजह से 10 नवंबर को कलम दवात पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कायस्थ समाज सहित समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार समारोह में सम्मिलित होने की अपील की।

मां अन्नापूर्णा मंदिर की सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी वाराणसी सत्येन्द्र कुमार द्वारा माँ अन्नपूर्णा मंदिर की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध एवं सुगम दर्शन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

माँ अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन हेतु दिनांक 06.11.2026 से 10.11.2026 तक पांच दिनों के लिए मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः 05:00 बजे से रात्रि 11:15 बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा माँ अन्नपूर्णा मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान मंदिर के महन्त शंकरपुरी महाराज जी से संवाद कर सुरक्षा एवं दर्शन व्यवस्था के संबंध में सुझाव प्राप्त किए गए तथा पुलिस एवं मंदिर प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया।

मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से सतत निगरानी रखने तथा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़ की गतिविधियों एवं दबाव पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। किसी भी असामान्य स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

दर्शनार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी प्वाइंट्स का निरीक्षण कर तैनात पुलिस बल को पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने, एकल मार्ग व्यवस्था का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं को 'सर' एवं 'मैडम' कहकर संबोधित करने तथा उनके साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग तथा श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए निर्धारित मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.11.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदादाता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या	01142026 दिनांक 04.11.2026	
1	कार्य का नाम	**1.** वरि. मंडल अभियन्ता–तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में खलीसपुर, जफराबाद, अकबरपुर, जौनपुर, शाहगंज, शिवपुरी तथा लोहता स्टेशनों पर पांच साल के लिए संचालन और रखरखाव के साथ न्यूनतम क्लोरीनीकरण स्तर बनाए रखने के लिए स्वचालित जल क्लोरीनेटर प्रदान करना एवं स्थापित करना। **2.** वरि. मंडल अभियन्ता–तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में सहायक मंडल अभियन्ता-जौनपुर के अधीन वाराणसी–जफराबाद के बीच में पुल संख्या 51 अप तथा डाउन, 62 डाउन एवं 67 अप (कुल 03 सं0) के गर्डर को बदलने का कार्य।	
2	अनुमानित लागत	1. रु. 54,59,671.14	2. रु. 98,00,908.66
3	धरोहर राशि	1. रु. 1,09,200.00	2. रु. 1,96,000.00
4	कार्य की समापन अवधि	**क्रम सं. 01 के लिए:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। **क्रम सं. 02 के लिए:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह।	
5	निविदा डालने का प्रारंभ	**क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए** : 13.11.2026	
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	**क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए** : 27.11.2026 15:00 बजे	
7	वेबसाइट	**www.ireps.gov.in**	

नोट : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3857/26

रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़,1124 अभ्यर्थियों को मिला नौकरी का अवसर

❐ बीकेटी इंटर कॉलेज में 24 कंपनियों ने लगाए स्टॉल, 10वीं पास से परास्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को मिला नौकरी का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए गुरुवार को बीकेटी इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले में अवसरों की सौगात मिली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ की ओर से आयोजित मेले में 24 निजी कंपनियों ने हिस्सा लिया।

रोजगार पाने की उम्मीद में सुबह से ही बड़ी संख्या में युवा कॉलेज परिसर पहुंचने लगे। कंपनियों के स्टॉल पर अभ्यर्थियों की भीड़ जुटी रही। युवाओं ने अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार आवेदन किया और चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। दिनभर चली प्रक्रिया के बाद कुल 1124 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई और पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती के अवसर उपलब्ध कराए गए। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता और कौशल के आधार पर उनका साक्षात्कार लेकर चयन किया। मेले में बीकेटी के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला और सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। ऐसे रोजगार मेले युवाओं और निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का बेहतर माध्यम हैं। इससे युवाओं को अपनी योग्यता और कौशल के अनुरूप नौकरी पाने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

सहायक निदेशक सेवायोजन प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न शैक्षिक योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए कंपनियों की ओर से भर्ती के अवसर उपलब्ध कराए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया गया।इस दौरान सहायक सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह, ईशान प्रकाश समेत विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

दीपावली पर हर घर में हो खुशियों का उजाला, हर चेहरे पर खिले मुस्कान : अमरेंद्र भारद्वाज

❐ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों को खुशियों में शामिल करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । दीपावली के अवसर पर बख्शी का तालाब 169 विधानसभा क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में लखनऊ जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला सहमंत्री अमरेंद्र भारद्वाज ने क्षेत्रवासियों समेत प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।अमरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने, बुराई पर अच्छाई की जीत और जीवन में सकारात्मकता अपनाने का संदेश देती है। भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दीपावली का प्रकाश प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद, ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही उनकी कामना है।

उन्होंने कहा कि त्योहार की वास्तविक खुशी तभी है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें शामिल हो और जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर भी मुस्कान आए। सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

भाजपा जिला सहमंत्री ने लोगों से दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और कारीगरों से खरीदारी करने से उनके कारोबार को मजबूती मिलती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने तथा समाजहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही कामना की कि दीपावली का पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए तथा क्षेत्र में विकास, सद्भाव और खुशहाली का वातावरण कायम रहे।

कार्यकर्ताओं के सम्मान से संगठन को मजबूती देने में जुटे हंसराज रावत

❐ दीपावली पर उपहार और अंगवस्त्र भेंट कर बढ़ाया उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में संगठनात्मक समीक्षा बैठकों के क्रम में गुरुवार को गोसाईगंज मंडल में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत ने दीपावली के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बूथ अध्यक्षों को मिठाई एवं उपहार भेंटकर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। हंसराज रावत ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत और आधार स्तंभ हैं। उनके समर्पण, मेहनत और सहयोग से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, विधानसभा प्रभारी बलराम वर्मा, जिला सह-संयोजक आईटी सेल विपिन सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा राजेश वर्मा और पूर्व जिला मंत्री महिला मोर्चा कृष्णा भार्गव सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सेक्टर संयोजक, सेक्टर अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

बंथरा के दर्जनों गांवों में मोबाइल नेटवर्क ध्वस्त, महंगे रिचार्ज के बाद भी उपभोक्ता परेशान

❐ इंटरनेट ठप होने से ऑनलाइन और डिजिटल काम पूरी तरह प्रभावित हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। इलाके के हरौनी, शिवदीन खेड़ा, नारायणपुर, दाराबनगर बरकोता और सैदपुर पुरही, रहीम नगर पाड़ियाना, लतीफ नगर सहित दर्जनों गांवों में पिछले कई हफ्तों से मोबाइल नेटवर्किंग व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। इसके चलते स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क न होने से जहां एक ओर लोग फोन पर जरूरी बात नहीं कर पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इंटरनेट ठप होने से ऑनलाइन और डिजिटल काम पूरी तरह प्रभावित हैं।

शिवदीन खेड़ा के निवासी नारायण कुमार शुक्ला ने रोष व्यक्त करते हुए कहा नेटवर्क की स्थिति इतनी खराब है कि एक मिनट की बात करने के लिए घंटों की मशक्कत करनी पड़ती है। टेलीकॉम कंपनियां लगातार रिचार्ज महंगे कर रही हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उपभोक्ताओं को सिर्फ ठगा जा रहा है।वहीं लतीफ नगर के चंद्रकांत त्रिवेदी का कहना है कि जब कॉलिंग और इंटरनेट का इस्तेमाल ही नहीं हो पा रहा, तो इतने महंगे रिचार्ज कराने का क्या फायदा? उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे एयरटेल और जियो जैसी निजी कंपनियों पर सरकार या प्रशासनिक अधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। कंपनियां मनमाने ढंग से उपभोक्ताओं की जेब काट रही हैं और सुविधाएं देने के नाम पर सिर्फ परेशान कर रही हैं।

दीपोत्सव अयोध्या-2026 में फिर गूंजेगा राम भजन और राम नाद, भजन गायक व जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव को मिला आमंत्रण

लखनऊ । अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में इस बार भी राम भजन और राम नाद की गूंज सुनाई देगी। भजन गायक एवं लखनऊ नगर निगम में जोनल अधिकारी श्री मनोज कुमार यादव को दीपोत्सव के भव्य आयोजन में प्रस्तुति देने के लिए पुनः आमंत्रित किया गया है। इस बार उनके कार्यक्रम में पारंपरिक राम भजनों के साथ विशेष रूप से राम नाद की प्रस्तुति भी शामिल होगी।

राम नाद एक ऐसी सामूहिक भक्ति प्रस्तुति है, जिसमें गायक के साथ श्रोता भी एक लय और स्वर में भगवान श्रीराम के नाम का उद्घोष करते हैं। इसमें हजारों श्रद्धालु एक साथ राम नाम का जाप करते हुए भक्ति के इस आयोजन में सहभागी बनते हैं। आयोजकों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को केवल भजन सुनने तक सीमित न रखते हुए उन्हें सामूहिक रूप से राम नाम की धुन से जोड़ना है।

बाइक सवार युवक बुजुर्ग महिला से टकराकर गिरा फिर एक दर्जन लोगों ने जमकर पीटा

मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गनेशखेड़ा में बुजुर्ग महिला से वाहन टकराने के बाद हुए विवाद में एक युवक की एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा सामूहिक पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को इतनी बुरी तरह पीटा कि वह बेहोश हो गया। होश आने पर भी आरोपियों ने उसके साथ दोबारा मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, मोहनलालगंज के धरमावतखेड़ा निवासी ब्रम्हादेई पत्नी भगवान की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में दी गई तहरीर में बताया गया है कि बीते 28 अक्टूबर की देर रात उनका पुत्र बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक बुजुर्ग महिला बाइक से टकरा गई, जिससे उनका पुत्र अनियंत्रित होकर गिर पड़ा।आरोप है कि इसी बात को लेकर शेरा पुत्र अज्ञात निवासी धरमावतखेड़ा तथा एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों ने एकराय होकर युवक पर हमला कर दिया और उसकी जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान युवक बेहोश हो गया। कुछ देर बाद होश आने पर आरोपियों ने फिर से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।इस मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

रानीखेड़ा में श्री श्याम डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ, कम खर्च में मिलेगी जांच की सुविधा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलाल गंज क्षेत्र के रानीखेड़ा के डेहवा में गुरुवार को एसडीवी अकैडमी के पास श्री श्याम डायग्नोस्टिक सेंटर (पैथोलॉजी लैब) का शुभारंभ हुआ। सेंटर के संस्थापक लवकुश यादव प्रधान ने बताया कि क्षेत्र में जांच की सुविधा न होने से लोगों को दूर जाना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए सेंटर की शुरुआत की गई है। यहां कम खर्च में बेहतर पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को समय और पैसे की बचत होगी। लवकुश यादव एसडीवी अकैडमी के प्रबंधक होने के साथ उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के लखनऊ मंडल अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सेंटर की सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

त्योहारों से पहले लखनऊ में नगर निगम का महाअभियान

❐ नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहरभर में चला विशेष अभियान, बाजारों, प्रमुख मार्गों, आवासीय कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर रहा जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा गुरुवार, 05 नवंबर 2026 को सभी आठ जोनों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, आवासीय कॉलोनियों, मोहल्लों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई कराई गई। सफाई कर्मचारियों की टीमों ने झाड़ू लगाने, कूड़ा उठान, नालियों एवं नालों की सफाई और शिल्ट हटाने का कार्य किया।

जोन-1 में शहर के प्रमुख व्यावसायिक और सार्वजनिक क्षेत्रों को अभियान में शामिल किया गया। हजरतगंज, अमीनाबाद, कैसरबाग, नजीराबाद, फतेहगंज गल्ला मंडी रोड, सुभाष मार्ग, जगत नारायण रोड, नवीउल्लाह रोड, गंगा प्रसाद स्ट्रीट रोड, पार्क रोड, कालीदास मार्ग, विक्रमादित्य रोड, सुल्तानपुर रोड, कैंट रोड, एपी सेन रोड, रिसालदार पार्क, बालू अड्डा, लक्ष्मण मेला मैदान, जियामऊ बंधा, जय प्रकाश नगर, प्रेम नगर, माथुर कंपाउंड और आसपास की गलियों में सफाई कार्य कराया गया। इसके साथ ही शीश बैंक कॉलोनी, बारादरी रोड, ख्यालीगंज, बेलदारी लेन और अन्य चिह्नित स्थानों पर भी सफाई कराई गई। जोन-2 में लेबर कॉलोनी के डबल पार्क के पास और कोठारी बंधु कॉलोनी, कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड के जीवन हॉस्पिटल के पास, राजाजीपुरम और टैक्सी स्टैंड तथा ऐशबाग की पीली कॉलोनी और पुरानी लेबर कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया गया। इन क्षेत्रों में सड़क किनारे जमा कूड़े को हटाने और आसपास की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने का कार्य किया गया। अभियान के दौरान सफाई कार्यों की पहले और बाद की तस्वीरों के माध्यम से मॉनिटरिंग भी की गई।

जोन-3 में डालिगंज-निराला नगर के मोहसिनगंज, कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड के राजाजीपुरम, लाला लाजपत राय वार्ड के सेक्टर-एम अलीगंज, मनकामेश्वर मंदिर वार्ड के मुकारीम नगर, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र वार्ड के कटरा, महानगर की नगर निगम कॉलोनी बंधे के सामने और विवेकानन्दपुरी की पीली कॉलोनी में सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त जानकीपुरम तृतीय के आधारखेड़ा, अलीगंज के सेक्टर-एन अलीगंज, त्रिवेणी नगर के पतौरागंज तथा फैजुल्लागंज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़े 16,999 रुपये, नगराम पुलिस ने 6,999 रुपये कराए वापस

❐ अल्पा कटियार और रश्मि देवी ने संभाली जांच, शेष रकम की बरामदगी के प्रयास जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर साइबर ठगी के शिकार युवक को नगराम पुलिस ने राहत दिलाई है। साइबर टीम ने खाते से निकाले गए 16,999 रुपये में से 6,999 रुपये वापस करा दिए। शेष रकम की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

थाना प्रभारी अंजनी सिंह के मुताबिक, करोरा निवासी ऋषभ कुमार ने 20 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। ऑनलाइन सामान की डिलीवरी न होने पर कस्टमर केयर से संपर्क करना उन्हें महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया और खाते से 16,999 रुपये निकाल लिए।

शिकायत मिलते ही नगराम थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर अल्पा कटियार और रश्मि देवी ने जांच शुरू की। साइबर टीम ने एमआरएम पोर्टल के जरिए कार्रवाई कर 26 सितंबर को 6,999 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। शेष होल्ड रकम की वापसी के लिए संबंधित बैंक से समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है।

धनतेरस-दीपावली को लेकर नगराम पुलिस अलर्ट



नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी धनतेरस और दीपावली त्योहार को देखते हुए गुरुवार को नगराम थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ कस्बा समेसी और नगराम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सर्राफा बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों को त्योहार के दौरान सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी का अवध क्षेत्र कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी के प्रथम बार अवध क्षेत्र कार्यालय पहुंचने पर गुरुवार को भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम की उपस्थिति में विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने सरदार दिलप्रीत सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और अवध क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा की गतिविधियों का विस्तार करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा पार्टी संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय, समर्पण एवं सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करें। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने पार्टी नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर अवध क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। समारोह में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा अल्पसंख्यक समाज के बीच सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विमल सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर अहमद, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम, प्रदेश मंत्री आनिश खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुहाना जैन सहित अवध क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे।

कुबहरा में मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की विवेचना

नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना नगराम क्षेत्र के बल्दीखेड़ा मजरा कमालपुर बिचलिका निवासी ऊषा की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में रूबी, रंजती, छोटेलाल और रीना शामिल हैं। नगराम थाना प्रभारी अंजनी सिंह के मुताबिक घटना 24 अगस्त 2026 को ग्राम कुबहरा में हुई थी। मामले में पूर्व में दर्ज एनसीआर की विवेचना के आधार पर गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया गया। उपनिरीक्षक चंद्रशेखर को मामले की विवेचना सौंपी गई है।

चिनहट में दर्दनाक हादसा, प्लाई लदा ई-रिक्शा पलटने से 16 वर्षीय किशोरी की मौत



चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोरी की जान चली गई। प्लाई लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, सेमरा स्थित आदर्श इंक्लेव निवासी प्रियंका (16) अपनी बहन निशा के साथ प्लाई लदे ई-रिक्शा पर सवार होकर कमता की तरफ जा रही थी। शाम करीब 4:30 बजे अयोध्या रोड स्थित आदर्श ढाबा के सामने अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान प्रियंका बचने के लिए बाहर निकलने लगी, तभी ऊपर लदी प्लाई उसके सिर पर गिर गई। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है और मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कठौता झील की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददात



चिनहट, लखनऊ। चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। गोमती नगर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के उद्देश्य से बनाई गई कठौता झील में पिछले कई वर्षों से लगातार दुर्घटनाएं होती रही हैं। इन घटनाओं पर निगरानी रखने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए झील के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन मौजूदा स्थिति में सुरक्षा के ये इंतजाम पूरी तरह बदहाल नजर आ रहे हैं।

तस्वीरो मे दिख रहा है कि झील के किनारे लगे कई सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए गए हैं, जबकि कुछ कैमरों का मुंह दूसरी दिशा में मोड़ दिया गया है। ऐसे में झील के आसपास होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखना मुश्किल हो गया है। इन कैमरों की देखरेख की जिम्मेदारी जल निगम की है, लेकिन कैमरों की बदहाल स्थिति विभागीय लापरवाही की ओर इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम होते ही झील के किनारे अराजक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

अब सवाल यह उठता है कि जब झील की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, तो उनकी नियमित निगरानी और रखरखाव क्यों नहीं किया जा रहा है? जबकि इस झील मे बीते दिनों कई बड़ी घटना भी घटित हो चुकी है जिसके बाद भी निगम की नींद नहीं खुली है।

महंगाई से आम जनता परेशान 2027 में पूर्ण बहुमत से सपा सरकार बनने का दावा : सोनू कनौजिया

कैनविज टाइम्स संवाददात



काकोरी, लखनऊ । 168 विधानसभा क्षेत्र मालिहाबाद में समाजवादी पार्टी के प्रभारी एवं नि0 प्रत्याशी सोनू कनौजिया (सुरेन्द्र कुमार) ने महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। सोनू कनौजिया ने कहा कि आज महंगाई ने गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। बिजली की दरों, खाद की कीमतों, सब्जियों के दाम, पेट्रोल-डीजल तथा रोजगार की जरूरतों की सामग्री महंगी होने से आम आदमी का घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सोनू कनौजिया ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण परिवारों के सामने घर का खर्च चलाना चुनौती बनता जा रहा है। किसान खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं। मजदूर और छोटे व्यापारी आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। आम नागरिक को रसोई से लेकर आवागमन तक हर जगह अधिक खर्च उठाना पड़ रहा है। सरकार को जनता की इन परेशानियों पर गंभीरता से विचार करते हुए राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। युवाओं को रोजगार और किसानों को मिले उचित सम्मान सोनू कनौजिया ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के सामने बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया अपनाना तथा छोटे उद्योगों और व्यापार को बढ़ावा देना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास तभी संभव है, जब युवाओं को रोजगार मिले और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों को समय पर खाद, बीज और बिजली उपलब्ध कराने के साथ उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए। खेती को लाभकारी बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास होने चाहिए।

सोनू कनौजिया ने कहा कि मालिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी का पुराना और मजबूत राजनीतिक आधार रहा है। वर्ष 1996 से लेकर 2022 तक पार्टी ने क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। सोनू कनौजिया ने विशेष रूप से कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मालिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में अब तक के चुनावों की तुलना में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए थे। ये पार्टी के प्रति जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती को दर्शाता है।

खमरिया में इलाज के नाम पर कथित मौत का कारोबार! जगह-जगह खुले अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर

- स्वास्थ्य विभाग की निगरानी पर सवाल
- सीएचसी के जिम्मेदारों की कथित मिलीभगत से फल-फूल रहे अवैध चिकित्सा प्रतिष्ठान, अस्पताल संचालक ने प्रति माह रकम देने का किया दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा लखीमपुर खीरी। कस्बा खमरिया पंडित में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर कथित तौर पर नियमों को ताक पर रखकर अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों का संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। संतोषी माता मंदिर मार्केट समेत कस्बे के विभिन्न इलाकों में तेजी से खुल रहे निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों की वैधता, वहां उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं और संचालकों की योग्यता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर प्रशिक्षित चिकित्सकों और योग्य तकनीकी कर्मचारियों के अभाव में ही मरीजों को उपचार और जांच की सुविधाएं दी जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में चिकित्सा प्रतिष्ठानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इनके पंजीकरण, मानकों के अनुपालन और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की प्रभावी जांच होती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले मरीजों की जिंदगी जोखिम में पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मामले को और गंभीर बनाने वाला दावा एक अस्पताल संचालक ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर किया है। उसका कथित आरोप है कि अस्पतालों के संचालन के एवज में सीएचसी खमरिया के अधीक्षक को हर महीने मोटी रकम दी जाती है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित अधीक्षक का पक्ष सामने आया है। आरोपों की निष्पक्ष जांच होने पर ही पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कस्बे में बिना आवश्यक पंजीकरण अथवा निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहे हैं तो संबंधित विभाग की निगरानी व्यवस्था कहां है? क्या इन प्रतिष्ठानों के पंजीकरण, चिकित्सकों की शैक्षिक योग्यता, पैथोलॉजी जांच करने वाले तकनीकी कर्मचारियों और उपलब्ध उपकरणों का सत्यापन किया जा रहा है?

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले का संज्ञान लेकर खमरिया कस्बे में संचालित सभी निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों की व्यापक जांच कराने की मांग की है। साथ ही संतोषी माता मंदिर मार्केट में संचालित चिकित्सा प्रतिष्ठानों के अभिलेखों और मानकों का सत्यापन कराने की मांग उठाई है।

खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत एलिया व लहरपुर विकास खण्डों के गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- खेत बचाओ अभियान: लहरपुर और एलिया के तीन गांवों में 330 किसानों को किया गया जागरूक
- मिट्टी की सेहत बचाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग की संयुक्त पहल, किसानों को दिया टिकाऊ खेती का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया, सीतापुर द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जनपद के लहरपुर एवं एलिया विकासखंड के तीन गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 330 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 142 महिला एवं 188 पुरुष किसान शामिल रहे। लहरपुर विकासखंड के ग्राम भेलवा एवं किशुनपुर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने तथा मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। दोनों गांवों के कार्यक्रमों में कुल 110 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 32 महिला एवं 78 पुरुष किसान थे। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से श्याम सिंह, एसएमएस; पंकज कुमार वर्मा, एडीओ (पीपी); आशीष मिश्रा, बीटीएम तथा पंकज कुमार, एटीएम उपस्थित रहे।

इसी क्रम में एलिया विकासखंड के ग्राम कुसुमा में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार की उपस्थिति में किसानों को खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखने, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के विवेकपूर्ण प्रयोग, फसल चक्र अपनाने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 110 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 03 महिला एवं 107 पुरुष किसान शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग से शिव कुमार, एसएमएस; राम नरेश वर्मा, एडीओ (पीपी) तथा अंकित राज, टीएसी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने किसानों से अपील की कि वे मृदा स्वास्थ्य को खेती की आधारशिला मानते हुए मिट्टी की जांच के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखना ही कृषि उत्पादन की निरंतरता, खेती की लागत में कमी तथा किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण आधार है। खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुरक्षित रखते हुए कृषि को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- कबड्डी, खो-खो, दौड़ और योगासन में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, विजेता टीमों को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, लखीमपुर खीरी। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा, कौशल एवं दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान योगासन, 100 मीटर दौड़, कबड्डी और खो-खो सहित कई खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया।

योगासन प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर में प्राथमिक विद्यालय बसौना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि संविलियन विद्यालय कोयली पुरवा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं 100 मीटर दौड़ के उच्च प्राथमिक स्तर में सुरजीत ने अपनी तेज रफ्तार के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवा द्वितीय और आनंद तृतीय स्थान पर रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता के उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में संविलियन विद्यालय धौरहरा की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि संविलियन विद्यालय कोनिया की टीम उपविजेता रही। प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में संविलियन विद्यालय बसंतापुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। खो-खो प्रतियोगिता के उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में अमेठी न्याय पंचायत की टीम विजेता रही, जबकि गुदरिया न्याय पंचायत की टीम को उपविजेता स्थान से संतोष करना पड़ा। वहीं बालिका वर्ग में भी अमेठी न्याय पंचायत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जुगनुपुर न्याय पंचायत की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। खेलों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मंत्री अपनेश चंद्र वर्मा, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष युवराज शर्मा, मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी सहित मुनीश कुमार, संत कुमार, योगेंद्र, जुबेर, रजोलें प्रसाद, नुरूल हसन, मकसूद अली समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को मिलेगा मीठा हलुआ और नमकीन उपमा

मीरजापुर । पीएम पोषण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ पूरक पोषण के रूप में मीठा हलुआ और नमकीन उपमा हलुआ भी दिया जाएगा। इसकी शुरुआत छह नवंबर को धनतेरस के दिन से होगी। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय सप्ताह में बच्चों को मीठा हलुआ परोसा जाएगा। वहीं द्वितीय, चतुर्थ और पांचवें सप्ताह में नमकीन उपमा हलुआ दिया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर योजना का सभी विद्यालयों में नियमित पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। वितरण व्यवस्था की निगरानी मां समूह, विद्यालय प्रबंध समिति और टास्क फोर्स के माध्यम से कराई जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ पूरक पोषण के तहत दोनों तरह के हलुआ भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

नलकूप खंड प्रथम में नए प्रशासनिक कक्ष का हुआ उद्घाटन

- अधीक्षण अभियंता संदीप कठेरिया ने हवन-पूजन कर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नलकूप खंड प्रथम कार्यालय में प्रशासनिक कामकाज को और अधिक सुचारू बनाने के लिए तैयार किए गए नए कक्ष का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए कक्ष का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अधीक्षण अभियंता संदीप कठेरिया द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर किया गया।


समारोह की शुरुआत विधि-विधान से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई, जिसमें अधीक्षण अभियंता ,अधिशाषी अभियंता हिमांशु विक्रम सिंह एवं सहायक अभियंता हरेंद्र कुशवाहा ने आहुति देकर विभाग की प्रगति और कर्मचारियों के कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर नए कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया और उसमें प्रवेश किया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ने कहा कि कार्यालय में नए बुनियादी ढांचे और बेहतर कार्यस्थल मिलने से न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के किसानों और आम जनता से जुड़े नलकूप संबंधी कार्यों को भी अधिक गति और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। वही अधीक्षण अभियंता संदीप कठेरिया ने अधिशासी अभियंता हिमांशु विक्रम सिंह की जनपद में नलकूप व्यवस्था और ऑफिस के कार्यों को लेकर सराहना व्यक्त की ।उद्घाटन समारोह के दौरान अधिशाषी अभियंता नलकूप खंड द्वितीय गौरव चतुर्वेदी , सहायक अभियंता हरेंद्र कुशवाहा ,रजनीश सिंह राणा , संदीप पांडे ,एवं अवर अभियंता प्रशांत कुमार मौर्य ,अजय सैनिक,अभय पटेल,देवेश यादव,दीप कुमार,ज्ञानेंद्र सिंह,अनिल सिंह परमार ,शेषनाथ सिंह, और कार्यालय के समस्त पटल प्रभारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और अंत में उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

जब शिक्षक बने डीएम, ब्लैकबोर्ड पर समझाया गणित, त्रिकोणमिति से लेकर पाइथागोरस प्रमेय तक पढ़ाया

- पीके इंटर कॉलेज में अचानक कक्षा में पहुंचे डीएम अंजनी कुमार सिंह, बच्चों से पूछे सवाल, सही जवाब पर तालियों से बढ़ाया उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर, खीरी । प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की शैक्षिक समझ परखने निकले डीएम अंजनी कुमार सिंह गुरुवार को पीके इंटर कॉलेज की हाईस्कूल कक्षा में पहुंचे तो वहां गणित की पढ़ाई चल रही थी। डीएम ने कक्षा में पहुंचते ही विद्यार्थियों से गणित के कई सवाल पूछे और उनकी विषय पर पकड़ को परखा। इसके बाद उनका एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। डीएम खुद शिक्षक की भूमिका में आ गए और ब्लैकबोर्ड संभालकर गणित का पाठ पढ़ाना शुरू कर दिया। डीएम ने विद्यार्थियों को त्रिकोणमिति, त्रिभुज और पाइथागोरस प्रमेय जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बोर्ड पर लिखकर सरल और रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने गणितीय अवधारणाओं को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करते हुए बताया कि विषय को केवल याद करने के बजाय उसकी मूल अवधारणा को समझना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने बीच-बीच में विद्यार्थियों से सवाल भी किए और उनके जवाब सुनकर शैक्षिक समझ का आकलन किया। कक्षा में उस समय उत्साह का माहौल बन गया, जब विद्यार्थियों ने डीएम के सवालों के सही जवाब दिए। डीएम ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें इसी तरह आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। एक ओर जहां विद्यार्थी डीएम को अपने बीच शिक्षक की भूमिका में देखकर उत्साहित नजर आए, वहीं दूसरी ओर गणित जैसे विषय को सीधे जिलाधिकारी से समझने का अनुभव उनके लिए खास रहा।

सिंगाही में सरकारी जमीन और चकमार्ग की दोबारा हुई पैमाइश, अतिक्रमण हटाने की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही-खीरी। कस्बे में सरकारी भूमि और चकमार्ग पर कथित अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पूर्व में जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत का निस्तारण होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटने से असंतुष्ट शिकायतकर्ता की मांग पर जिलाधिकारी के निर्देश से राजस्व टीम ने दोबारा मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की और सरकारी जमीन की निशानदेही की।

कस्बे के काजीहाउस निवासी जसविंदर कौर पत्नी गुरचरण सिंह ने छह अक्टूबर को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि एवं चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर जांच आख्या लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया गया। हालांकि, शिकायतकर्ता पूर्व में की गई जांच से संतुष्ट नहीं थीं। उनका आरोप था कि शिकायत का निष्पक्ष एवं सही तरीके से निस्तारण नहीं हुआ और चकमार्ग की भूमि से अवैध कब्जा भी नहीं हटाया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, राजस्व लेखपाल दिलीप कुमार कश्यप, कानूनगो सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम ने संबंधित सरकारी भूमि और चकमार्ग की पैमाइश कर भूमि को चिन्हित करते हुए उसकी निशानदेही की। हल्का लेखपाल दिलीप कुमार कश्यप ने बताया कि चकमार्ग एवं नगर पंचायत की भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट एसडीएम निघासन को भेजी जाएगी। वहीं, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए संबंधित कब्जेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर दोबारा पैमाइश कर निशानदेही कराई गई है। अतिक्रमण हटाने का आदेश मिलने के बाद नियमानुसार सरकारी भूमि को खाली कराया जाएगा।

किसानों को तिलहन उत्पादन की तकनीक को लेकर किया गया जागरूक

गोला गोकरननाथ खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद ने विकासखंड बिजुआ के पड़रिया तिलकापुर गांव में तिलहन उत्पादन जागरूकता कार्यक्रम किया। केंद्र चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एसके विश्वकर्मा ने कहा कि किसानों को तिलहन उत्पादन की तकनीक बताने के लिए कार्यक्रम रखा गया। उन्होंने सरसों को नगदी तिलहनी फसल बताते हुए योजनाबद्ध तरीके से उत्पादन करने की सलाह दी। केंद्र के फसल वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने अच्छी प्रजाति चुनने और मिट्टी की जांच की सिफारिश के अनुसार पोषक तत्व डालने की जानकारी दी। उन्होंने सरसों की सुरेखा प्रजाति के बारे में भी बताया और फसल से मिले बीज को किसानों के बीच बेचने की सलाह दी। केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जियालाल गुप्ता ने बुवाई के 30 से 35 दिन बाद पौधों की छंटाई करने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने पोषक तत्वों के सही इस्तेमाल और कीटों व बीमारियों से बचाव की तकनीक भी बताई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राम अनुज और प्रगतिशील किसान ओम प्रकाश राठौर समेत 55 से अधिक किसान शामिल हुए। किसानों ने तकनीकी जानकारी ली और अपने सवालों के जवाब पाए।

काशी विश्वनाथ धाम के अन्नपूर्णा मंदिर से बटेंगा खजाना, भगवान विश्वेश्वर को अर्पित होगा छप्पन भोग

वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम में धनतेरस एवं अन्नकूट महापर्व के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न होंगे। धनतेरस (धन त्रयोदशी) के अवसर पर भोर 04:00 बजे माँ अन्नपूर्णा की विशेष पूजा-अर्चना, भव्य शृंगार एवं आरती संपन्न की जाएगी। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए माँ अन्नपूर्णा के दर्शन की व्यवस्था रहेगी तथा उन्हें माँ का पावन प्रसाद 'खजाना' वितरित किया जाएगा। गुरूवार को यह जानकारी मंदिर के मुख्य कार्यापालक अधिकारी (सीईओ) सत्यम मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि माँ अन्नपूर्णा के दर्शन एवं प्रसाद वितरण की यह विशेष व्यवस्था अन्नकूट महापर्व 10 नवंबर को रात्रि शयन आरती तक निरंतर जारी रहेगी। अन्नकूट महापर्व के अवसर पर ही मध्याह्न भोग आरती के दौरान भगवान विश्वेश्वर को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। इस भोग में विविध प्रकार के मिष्ठान्न, फल, नमकीन, मेवे एवं पारंपरिक पकवान सम्मिलित होंगे। इस पावन अवसर पर भगवान श्री विश्वनाथ(शिव परिवार) की चल प्रतिमा को गर्भगृह में विराजमान कर दिव्य शृंगार किया जाएगा। साथ ही, लड्डुओं से निर्मित भव्य शिवालय का निर्माण किया जाएगा, जिसके दर्शन गर्भगृह के पश्चिमी द्वार के समीप स्थित श्री वैकुंठ महादेव प्रांगण में होंगे। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोग आरती के उपरांत भगवान श्री शिव परिवार की चल प्रतिमा के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए सुलभ होंगे। श्रद्धालु गर्भगृह के बाहर से झाँकी स्वरूप दर्शन कर सकेंगे। सायंकाल 06:00 बजे के उपरांत नियमित आरतियाँ निर्धारित समयानुसार संपन्न होंगी। अन्नकूट महापर्व के दिन नियमित शयन आरती, जो सामान्यतः गर्भगृह के पश्चिमी द्वार से संपन्न होती है, इस दिन गर्भगृह के दक्षिणी द्वार से संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन दोनों पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित किया है। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि निर्धारित दर्शन व्यवस्था का पालन करते हुए मंदिर प्रशासन एवं सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें।

झागयुक्त, बदबूदार पानी की सप्लाई से लोग परेशान

हाथरस, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सादाबाद नगर पंचायत की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे के बरौलियान इलाके में पिछले चार दिनों से पाइपलाइन के जरिए घरों में बदबूदार, झागदार और गंदा पानी पहुंचने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोग इस पानी का इस्तेमाल घरेलू कार्यों के लिए नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर पंचायत की पाइपलाइन से आने वाले पानी में तेज दुर्गंध और झाग दिखाई दे रहा है। लगातार चार दिनों से यही स्थिति बनी रहने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। पीने के पानी के अलावा खाना बनाने, बर्तन धोने और अन्य घरेलू जरूरतों के लिए भी लोगों को दूसरे स्थानों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। लोग बता रहे हैं कि पिछले चार दिनों से नलों में लगातार बदबूदार और झागदार पानी आ रहा है। उन्होंने नगर पंचायत में शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूरी में लोगों को आसपास के घरों में लगे सबमर्सिबल पंपों से पानी भरकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से पाइपलाइन की जांच कर गंदे पानी की आपूर्ति का कारण पता लगाने और जल्द स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। नागरिकों ने दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमारियां फैलने की आशंका भी जताई है। नगर पंचायत सादाबाद के जलकर इंचार्ज विदित यादव ने गुरुवार को बताया कि पिछले दो दिनों से बिजली न रहने के कारण पानी की सप्लाई पूरी तरह नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि पंप के जरिए लाइन को सुखाया जाता है और लंबे समय तक पानी न चलने से पाइपलाइन में जंग की बदबू आने लगती है।

स्वच्छता की राह में नगर पंचायत का कूड़ा बना रोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। नगर पंचायत धौरहरा में विकास और स्वच्छता के दावों के बीच गंदगी की तस्वीर जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। कस्बे के प्रमुख रास्तों से लेकर हाईवे के किनारे तक कूड़े के ढेर लगे हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों के सामने कस्बे की जो तस्वीर उभर रही है, वह स्वच्छता अभियान के दावों से बिल्कुल उलट है। तहसील तिराहे से ढखेरवा जाने वाले मार्ग पर पीर बाबा स्थान के निकट जमा कूड़ा नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

हैरानी की बात यह है कि सार्वजनिक मार्गों के किनारे गंदगी का जमावड़ा होने के बावजूद उसके निस्तारण को लेकर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था नियमित नहीं है। कूड़ा उठान और निस्तारण की जिम्मेदारी संभालने वाले तंत्र की निष्क्रियता के चलते सड़कों के किनारे गंदगी बढ़ती जा रही है। इससे राहगीरों को परेशानी के साथ आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आदेशों के बाद भी नहीं बदली तस्वीर

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की ओर से स्वच्छता व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए जाने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद धौरहरा में हालात जस के तस बने रहना नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खान और अधिशासी अधिकारी (ईओ) की निगरानी में सफाई व्यवस्था संचालित होने के बावजूद यदि प्रमुख मार्गों पर कूड़ा जमा है तो जिम्मेदारी तय होना भी जरूरी है। आखिर सफाई कर्मचारियों की नियमित निगरानी कौन कर रहा है और कूड़ा उठान की व्यवस्था का निरीक्षण कितनी बार किया जाता है?

इस प्रकरण में नगर पंचायत कर्मचारी मोनू मिश्रा से बातचीत के दौरान उन्होंने कथित तौर पर अधिकारियों के निर्देश पर काम कराने की बात कही। बातचीत में अधिकारियों पर भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोप लगाए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

पटाखा बाजार में सुरक्षा से नहीं होगा समझौता, डीएम ने किया निरीक्षण

- पीके इंटर कॉलेज मैदान में पूर्व की भांति लगेंगी अस्थाई दुकानें, सुरक्षा मानकों के साथ पारदर्शी आवंटन के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। दीपावली के पावन पर्व पर शहरवासियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ पीके इंटर कॉलेज मैदान में लगने वाली अस्थाई पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पटाखा दुकानों की स्थापना पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए और सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी तरह की लापरवाही न हो।

डीएम ने निर्देशित किया कि पूर्व की भांति पीके इंटर कॉलेज मैदान में ही निर्धारित व्यवस्था के अनुसार अस्थाई पटाखा दुकानों की स्थापना सुनिश्चित कराई जाए। दुकानों के बीच निर्धारित दूरी, अग्नि सुरक्षा सहित सभी जरूरी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि पटाखों की खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और बाजार में सुरक्षित माहौल बना रहे।

उन्होंने मैदान के समीप ही व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, जिससे खरीदारी के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और लोगों को अपने वाहनों की पार्किंग के लिए भटकना न पड़े। डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुव राजू आर और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय कुमार को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए।डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटाखा बाजार में सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन और आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे दीपावली का पर्व खुशियों और उल्लास के साथ सुरक्षित वातावरण में मनाया जा सके।

निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी महक शर्मा, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, ईओ संजय कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हर बूथ पर भाजपा की मजबूती और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी : अभय कुमार गिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हर बूथ पर भाजपा की मजबूती और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी- अभय कुमार गिरी

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक में ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठक अभय कुमार गिरी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।क्षेत्रीय संगठक अभय कुमार गिरी ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है, उन्होंने कहा कि 2027 का विगुल फूंक चुका है और अब हम सभी के पास तैयारी के लिए कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी और भूमिका तय करते हुए आज से ही पूरी सक्रियता के साथ कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए। उन्होंने कहा चुनाव किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक परिश्रम, समर्पण और बेहतर समन्वय से जीता जाता है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो पार्टी की विचारधारा और रीति-नीति को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। हम सभी को टीम वर्क की भावना के साथ काम करना है और संगठन की निर्धारित योजनाओं को धरातल पर उतारना है। प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुए संगठनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक भाजपा को और अधिक मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ की संरचना, वहां की गतिविधियों और जनसंपर्क को लेकर गंभीरता से काम करे। पार्टी की नीतियों, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए। जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा भाजपा की मजबूती केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता उसके क्षेत्र और बूथ पर दिखाई देनी चाहिए। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक आपसी समन्वय और संवाद मजबूत करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराना है। वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुभव और युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा के समन्वय से भाजपा को नई गति प्रदान करनी है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लक्ष्य मानकर अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएं। समय का सदुपयोग करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और पार्टी के प्रत्येक अभियान एवं कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। हमारा संकल्प मजबूत संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता और सशक्त बूथ के माध्यम से भाजपा की विजय सुनिश्चित करने का होना चाहिए। बैठक में मंच का संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, क्षेत्रीय महामंत्री राजेश्वर सिंह पटेल, क्षेत्रीय मंत्री महेश राठौर एवं डीएस लोधी, सहित जिला पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, विस्तारक, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

काशीराम आवास की भूमि को कब्जामुक्त कराने, पात्र लाभार्थियों की जांच एवं महापुरुषों के पार्कों के सौंदर्यीकरण की मांग प्रमुखता से उठाई गई

नविज टाइम्स संवाददाता

काशीराम आवास की भूमि को कब्जामुक्त कराने, पात्र लाभार्थियों की जांच एवं महापुरुषों के पार्कों के सौंदर्यीकरण की मांग प्रमुखता से उठाई गई

बदायूं। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित गिहार के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मंच संगठन के आमंत्रण पर एक संवाद एवं बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा मंच संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अमित गिहार का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। नवादा, बदायूं में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के उपरांत काफिले के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित गिहार का फूल-मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, पगड़ी धारण कराकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष माननीय अमित गिहार ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को प्रोत्साहित करना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर लाभ दिलाने तथा अनुसूचित जनजाति की 21 जातियों, उपजातियों एवं विभिन्न वर्गों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर युवा मंच संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत आवंटित भूमि पर जहां-जहां भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे किए गए हैं, उन भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग प्राथमिकता से रखी जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत आवास प्राप्त कर रहे लोगों की पात्रता एवं आवंटन की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके। ध्रुव देव गुप्ता ने आगे कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी, महर्षि वाल्मीकि जी एवं अनुसूचित जनजाति समाज के अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं, पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा नवीन पार्कों के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के सम्मान, सामाजिक समरसता एवं जनहित के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना संगठन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में युवा मंच संगठन एवं भगवा सेना के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी ने सामाजिक उत्थान, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय मिश्रा मनोज गुप्ता, सोनू वर्मा , भूराज सिंह राजलॉयर, विकास माहेश्वरी, शिवस्वरूप गुप्ता, सुशील कुमार मौर्य, नीलेश साहू, दिलीप जोशी, पुष्पेंद्र मिश्रा, हामिद रसूल, अजय दिवाकर, सलमान गद्दी, सर्वेश चंद्र गुप्ता, विनोद यादव, सुमित वाल्मीकि, ऋतिक सागर, रामबाबू तिवारी, संजय कुमार, जीत गिहार, शंकर शाक्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कोतवाल पर लगाया ढाई लाख की रिश्वत मांगने का आरोप, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। दातागंज में आर्य रामलीला कमेटी के मेले में डांस पार्टियां बुलाए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कमेटी के अध्यक्ष ने कोतवाल ऋषि पाल सिंह पर मेले में आकर कमेटी अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों से अभद्रता करने, मारपीट और ढाई लाख रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत एसएसपी से मिलकर की है। वहीं, कोतवाल ने आरोपों को गलत ठहराया है। एसएसपी ने जांच एसपी सिटी को सौंपी है। आर्य रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार उर्फ मोंटी गुप्ता ने बुधवार को अन्य पदाधिकारियों के साथ बदायूं आकर एसएसपी अंकिता शर्मा से मुलाकात की और मेले की अनुमति वापस कर दी। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में अध्यक्ष ने कहा है कि 28 अक्तूबर से 20 नवंबर तक आर्य रामलीला कमेटी ने मेले को आयोजित करने की विधिवत प्रशासन से अनुमति ली थी। मेले में कानपुर की नौटंकी संचालित करने की भी अनुमति थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मेले में नौटंकी चलवाने के लिए दातागंज कोतवाल ऋषिपाल सिंह ने ढाई लाख रुपये की मांग की थी। रकम देने में असमर्थता जताई तो कोतवाल ने मेले में कार्रवाई की। विरोध करने पर कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ गालीगलौज और अभद्रता की गई। उधर, कोतवाल ऋषिपाल सिंह का कहना है कि मेला परिसर में वैरायटी शो के नाम पर 70 से अधिक नर्तिकयों के अश्लील डांस और जुआ संचालित होने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर वैरायटी शो और जुआ बंद कराया गया है। इसी कार्रवाई को लेकर कमेटी के लोग नाराज हैं। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि कमेटी के पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत कर इंस्पेक्टर पर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच एसपी सिटी को सौंपी गई है। जांच आख्या आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और कमेटी के बीच हुए विवाद का असर मेले में दुकानें और खेल-तमाशे लगाने वाले कारोबारियों पर पड़ना शुरू हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि हजारों रुपये खर्च कर दुकानें लगाईं, लेकिन विवाद के चलते मेले में लोग ही नहीं पहुंच रहे। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है छह खेल-तमाशा संचालक मेला छोड़कर जा चुके हैं।

देवरिया : साइबर हेल्प डेस्क ने दो पीड़ितों के खाते में वापस कराए 45,880 रुपये

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर कारखाना थाने की साइबर हेल्प डेस्क ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो पीड़ितों के 45,880 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों की धनराशि वापस कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 नवंबर को रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी उस्मान शेख पुत्र शाकिर शेख ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनके 41,500 रुपये वापस कराए। वहीं शामीपट्टी निवासी असीम शेख पुत्र अब्दुल बराक शेख के 4,380 रुपये वापस कराए गए। दोनों मामलों में साइबर हेल्प डेस्क ने संबंधित बैंकों और वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर धनराशि

देवरिया : त्योहारों को लेकर डीआईजी ने की समीक्षा बैठक, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के दिये निर्देश

एजेंसी

देवरिया । उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चनप्पा ने पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। इसमें उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे, जबकि जिले के सभी प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष गूगल मीट के माध्यम से जुड़े।

डीआईजी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहे। बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाए। आमजन की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखा जाए। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखें और छोटी से छोटी सूचना को भी गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई करें। किसी भी परिस्थिति में शांति व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय नागरिकों और आयोजकों से संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी तैयारियां समय से पूरी करने और डीआईजी के निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह और जिले के सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

पटाखों के भण्डारण और बिक्री पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी : एसपी

पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में मातहतों को दिशा निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा के दृष्टिगत कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरोधात्मक कार्यवाही में तेजी लाने, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने कहा कि आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा के दृष्टिगत बाजारों, प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, सर्राफा प्रतिष्ठानों, बैंकों एवं एटीएम के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर सतर्क निगरानी रखने तथा पैदल गश्त एवं रात्रि गश्त बढ़ाने, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने, मोबाइल पुलिस टीमों को सक्रिय रखने तथा सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर अराजक एवं शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा पटाखों की दुकानों एवं आतिशबाजी के अस्थायी बाजारों का संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निरीक्षण करने व निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने, छठ पूजा के दृष्टिगत घाटों एवं जलाशयों पर पर्याप्त पुलिस प्रबंध, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान सतर्कता बरतने और सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर करें आतिशबाजी की बिक्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बृहस्पतिवार को सहसवान स्थित प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय के मैदान में आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्थाई लाइसेंस धारक आतिशबाजी की बिक्री के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें।

जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि तहसीलवार चिन्हित आतिशबाजी बिक्री स्थलों पर एक-एक फायर टेण्डर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस धारकों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों एवं सावधानियों से भलीभांति अवगत कराया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक तहसील में चिन्हित कलस्टर स्थल पर प्राथमिक उपचार की सुविधा के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं, प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड को निर्देश दिए हैं कि तहसीलवार चयनित कलस्टर स्थलों का निर्धारित मानकों के अनुरूप लेआउट तैयार कराया जाए। लेआउट में दुकानों की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हुए उसी के अनुसार दुकानों का व्यवस्थित आवंटन एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आतिशबाजी की बिक्री के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा दुर्घटना की आशंका न रहे। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक अमले के साथ सहसवान स्थित नगर पालिका परिषद रोड पर पैदल मार्च कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सहसवान सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

चार बच्चों को जन्म देने वाली प्रसूता की बरेली में उपचार के दौरान मौत

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। चार जुड़वा बच्चों को एकसाथ जन्म देने वाली मूसाझाग क्षेत्र के गांव करौलिया निवासी एकता की बुधवार सुबह बरेली में उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि मंगलवार को ऑपरेशन के दौरान एक बच्चा मृत पैदा हुआ था। उसके तीनों बच्चे स्वस्थ हैं, जिन्हें परिजन घर ले गए हैं। करौलिया के रामबाबू की पांच साल पहले टिकरापुर की एकता (27) से शादी हुई थी। करीब दो साल पहले ऑपरेशन से एकता ने एक बच्ची को जन्म दिया था, जिसकी कुछ दिन में ही मौत हो गई थी। उसके बाद एकता फिर गर्भवती हुई। मंगलवार को दिक्कत होने पर परिजन ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने इलाज के दौरान बताया कि गर्भ में चार बच्चे हैं। इनमें एक की मौत हो चुकी है। ऐसे में ऑपरेशन करना जरूरी है। मंगलवार को ऑपरेशन के बाद चार बच्चों को जन्म दिया, जिसमें एक नवजात (लड़की) की मौत हो गई। तीन नवजात (पुत्र) पैदा हुए। ऑपरेशन के बाद रात में महिला की हालत गंभीर होने लगी। इस पर परिजन एकता को गंभीर हालात में बरेली ले गए। बरेली में चौपुला के पास स्थित एक निजी अस्पताल में उसको भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सुबह में उसकी मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, गांव प्रशासक अनिल कुमार ने बताया कि रामबाबू के परिवार में उनके पिता, मां और भाई व बहन हैं। रामबाबू खेती करते हैं। पत्नी की मौत के बाद बच्चों की परवरिश को लेकर परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

शासन के आदेश पर भारत हयूमैनिटी ब्लड बैंक सील

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की ओर से पिछले दिनों की गई जांच में भारत हयूमैनिटी में कई कमियां मिली थीं। मुख्य तौर पर अभिलेखों में गड़बड़ी मिली थी। साफ-सफाई व्यवस्था भी खराब थी। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। वहीं से आए आदेश पर ब्लड बैंक बुधवार को सील कर दिया गया। औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने जिले में प्राइवेट ब्लड बैंकों को चेक किया था। शहर के जलंधरी सराय स्थित भारत हयूमैनिटी ब्लड बैंक के अभिलेखों में काफी कमियां मिली थीं। ब्लड बैंक मानकों को भी पूरा नहीं कर रही थी। रिपोर्ट औषधि निरीक्षक ने बनाकर शासन को भेजी। शासन स्तर से आए आदेश के बाद बुधवार को ब्लड बैंक सील कर दिया गया। इसके साथ ब्लड बैंक में मिला 12 यूनिट रक्त जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में रखवा दिया गया है। शासन के आदेश पर ब्लड बैंकों की जांच की गई थी।

06, 07 नवम्बर 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत जलालपुर ब्लाक कादरचौक में 06 एवं 07 नवम्बर 2026 को दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा।

स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी से कार्य करें

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ऋषि कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नागरिक सुरक्षा कोर के समस्त स्वयंसेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग, यातायात व्यवस्था तथा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की ड्यूटी एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उपनियंत्रक ने सभी स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों के दौरान सभी स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। सभी स्वयंसेवकों को निर्देशों का पालन करने एवं नागरिक सुरक्षा कोर की जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

औरैया : पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति स्कूली बच्चों को किया जागरूक, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में यातायात माह के तहत गुरुवार को इराज इंटरनेशनल स्कूल ककोर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के निर्देशन में यातायात पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित आवागमन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। साथ ही निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने और सड़क पार करते समय विशेष सावधानी बरतने के बारे में बताया।

कोई भी टीबी ग्रसित बच्चा उपचार से वंचित न रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे टीबी के लक्षण होने पर स्वयं बलगम नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे बच्चों में टीबी की पुष्टि के लिए जांच के नमूने लेने की प्रक्रिया के बारे में वीडियो के माध्यम से जानकारी देने के साथ ही सीएचसी एवं पीएचसी से आए चिकित्सा अधिकारियों को टीबी के लक्षण वाले बच्चों को अधिक से अधिक रेफर करने तथा आवश्यक नमूने लेकर जांच कराने के लिए प्रशिक्षित किया गया, ताकि कोई भी टीबी ग्रसित बच्चा उपचार से वंचित न रहे। जनपद में बच्चों में क्षय रोग (टीबी) की शीघ्र पहचान, समयबद्ध जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स द्वारा स्टेट टीबी सेल के समन्वय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के एनएचएम सभागार में बुधवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक मेहनत एवं समन्वय के साथ कार्य का आह्वान किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों को चिह्नित कर उनमें टीबी के लक्षणों की पहचान करने की प्रक्रिया बताई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में कार्यरत लगभग 120 चिकित्सकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देकर विद्यालयों में छोटे बच्चों में टीबी के लक्षणों की पहचान एवं उन्हें सीएचसी/पीएचसी पर रेफर करने के संबंध में जानकारी दी गई। जनपद के दो बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत एवं डॉ. अमित रस्तोगी को डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जिनके द्वारा भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने जनपद में क्षय रोगियों की स्थिति, टीबी के लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गौरीगंज पुलिस ने लूट का खुलासा कर दो बदमाशों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुये दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से लूट के पांच हजार आठ सौ रुपये नकद,एक तमंचा दो जिंदा कारतूस, कूट रचित नंबर प्लेट लगी एक मोटर साइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल यूपी 62 बी क्यू 8031 पर सवार उमेश रमेश कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी महात्मा फुले नगर शहाड पाटक, तालुका थाना उल्हासनगर एक थाणे, उल्हासनगर ठाणे शहर, महाराष्ट्र राज्य व सूरज पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम छनेहता भीखापुर थाना मुगराबाद शाहपुर जनपद जौनपुर को रोककर तलाशी ली गई तो उमेश रमेश कुशवाहा के कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस व तीन हजार एक सौ रुपये नकद व सूरज के कब्जे से दो हजार सात सौ रुपया नकद बरामद हुआ। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि वह अलग अलग जगह पर बैंक के अंदर खड़े होकर रेकी करते हैं और जो व्यक्ति बैंक से रुपये निकाल कर जाता है उनका पीछा करके उचित स्थान देखकर लूट लेते हैं और लोगों को डराने के लिए तमंचा रखते हैं।कछ दिन पहले केनरा बैंक के पास रेकी कर एक लड़के से एक बैग, जिसमें उसका चेक बुक व तीस हजार रुपये व आधार कार्ड, लूट लिया था और रुपये आपस में बांट लिया था,बरामद रुपये उसी लूट के हैं। भागते समय बैग से रुपये निकाल कर उक्त बैग को लोदी बाबा नाला के पास फ़ेक दिया था। बीती तीन अगस्त को भी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ में दुर्गागंज मार्केट टहनी शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा से एक व्यक्ति से बीस हजार रुपये छीन कर भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर लोदी बाबा नाले के पास से उक्त बैग बरामद किया गया। दोनों युवकों को मौके से गिरफ्तार कर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मॉडल गौशाला में गोवंश का कैसा सम्मान मौत के बाद शवों से उतार ली खाल



गोवंश के अंतिम संस्कार से पहले खाल निकालने का आरोप, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

केयरटेकर पर मुकदमा दर्ज,गौशाला संचालन से जुड़े जिम्मेदारों की भूमिका पर भी उठे सवाल

केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज ; गौ संरक्षण के दावों पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की जिस गौशाला को प्रदेश की पहली मॉडल गौशाला होने का गौरव हासिल है,वहीं गोवं श की मौत के बाद उनके शवों से खाल निकाले जाने का मामला सामने आने से गौ संरक्षण व्यव स्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।विकासखंड मुजेहना के रुद्रगढ़ नौसी स्थित गौ आश्रय केंद्र से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो प्रसारित होने के बाद ह ड़कंप मच गया।मामला सामने आने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस व्यवस्था पर निराश्रित गोवंश की देखभाल और सम्मानजनक अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी है,वहां आखिर ऐसा कैसे हुआ ? मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौ आश्रय केंद्र के के यरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत अधिकारी की शिकायत पर शुरू हु ई पुलिस कार्रवाई ने गौशाला के संचालन और नि गरानी व्यवस्था को भी सवालों के घेरे में ला दिया है।

गोवंश का अंतिम संस्कार से पहले निकाली खाल

पुलिस के अनुसार, बुधवार चार नवंबर को ग्राम पंचायत अधिकारी रमेश कुमार पुत्र समयदीन ने थाना धानेपुर में लिखित तहरीर दी।उन्होंने बताया कि रुद्रगढ़ नौसी स्थित गौ आश्रय केंद्र में दो गोवं श की मौत हो गई थी।नियमानुसार मृत गोवंश के शवों का निर्धारित स्थान पर अंतिम संस्कार करा या जाना था,लेकिन आरोप है कि अंतिम संस्कार से पहले ही उनके शवों से खाल निकाल ली गई। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वा यरल होने पर वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज,जांच शुरू

ग्राम पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गौ आश्रय केंद्र के केयरटेकर श्याम दीन पुत्र स्वर्गीय कर्ताराम यादव के खिलाफ मुक दमा दर्ज किया है। वह ग्राम पंचायत बेलहरी का निवासी बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।साक्ष्यों और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

गोवंश के जिम्मेदारों पर भी उठ रहे है सवाल

सोशल मीडिया पर वीडियो में कथित तौर पर खा ल उतारने वाले व्यक्ति द्वारा केयरटेकर की अनुम ति मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस दावे की कैनविज टाइम्स स्वतंत्र पुष्टि नही करता है।वीडियो की सत्यता जांच का विषय है।स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि गौशाला में मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराने की जिम्मेदारी तय है तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ ? निगरानी करने वाले अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

संत विश्वनाथ पाण्डेय ने कार्रवाई की उठाई मांग

रुद्रगढ़ नौसी के मजरा पंडित पुरवा निवासी संत विश्वनाथ पाण्डेय ने घटना पर कड़ी नाराजगी ज ताते हुए ग्राम प्रधान,पशु चिकित्सा अधिकारी के यरटेकर,खंड विकास अधिकारी और पंचायत स चिव समेत गौशाला संचालन से जुड़े जिम्मेदार लो गों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।वही प्रदेश की पहली मॉ डल गौशाला का तमगा हासिल करने वाले इस कें द्र में यदि मृत गोवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्- कार की व्यवस्था ही सवालों में है तो निगरानी व्य वस्था की जवाबदेही कौन तय करेगा ? क्या जांच सिर्फ केयरटेकर तक सीमित रहेगी या गौशाला के संचालन और पर्यवेक्षण से जुड़े अन्य जिम्मेदारों की भूमिका भी खंगाली जाएगी ? अब निगाहें जि ला प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर टिकी हैं।

भट्ठी की चूक से भड़की आग लपटों में स्वाहा हुआ चंपारण मीट हाउस

अंबेडकर चौराहे के पास सुबह-सुबह मची अफरा तफरी, एक घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग

एक घंटे तक दमकल और स्थानीय लोग जूझते रहे,गनीमत रही कि टल गया बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिला मुख्यालय के अंबेडकरचौराहे के पास गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चंपारण मीट हाउस अचानक आग की लपटों से घिर गया।रेस्टोरेंट में भट्ठी जलाने के दौरान तेल अधिक पड़ने से आग ऐसी भड़की कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया।ऊंची उठती लपटों और धुएं के गुबार ने आसपास के इ लाके में दहशत फैला दी। राहगीरों और स्थानीय लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।प्रत्यक्ष जान कारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब नौ बजे रेस्टोरेंट का एक कारीगर भट्ठी जलाने की कोशिश कर रहा था।इसी दौरान अधिक तेल पड़ने से आ ग अचानक भड़क उठी।देखते ही देखते आग ने रेस्टोरेंट के भीतर रखे सामान को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।हालात बिगड़ते देख राहगीरों ने दमकल विभाग को सूचना दी।इसके बाद स्था नीय लोगों,रेस्टोरेंट कर्मचारियों और दमकल कर्मि यों ने आग बुझाने की मशक्कत शुरू की।करीब एक घंटे की जद्दोजहद के बाद सुबह दस बजे आ ग पर काबू पाया जा सका।अग्निकांड में करीब दो लाख रुपये का फर्नीचर,मीट पकाने के उपकरण, आटा, चावल समेत अन्य खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। रेस्टोरेंट के भीतर रखा सामान राख में तब्दील हो गया।राहत की बात यह रही कि क र्मचारियों को अग्नि शामक यंत्र चलाने की जान कारी थी।शुरुआती स्तर पर आग बुझाने के प्रया स से लपटों को और फैलने से रोकने में मदद मि ली,समय रहते दमकल और स्थानीय लोगों की स क्रियता से आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।भट्ठी की एक चूक ने लाखों का नुकसान करा दिया।हालां कि इस घटना ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रसोई और आग से बचाव के इंतजामों की अहमियत ए क बार फिर सामने ला दी है।

खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत एलिया व लहरपुर विकास खण्डों के गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खेत बचाओ अभियान: लहरपुर और एलिया के तीन गांवों में 330 किसानों को किया गया जागरूक

मिट्टी की सेहत बचाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग की संयुक्त पहल, किसानों को दिया टिकाऊ खेती का संदेश

किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया, सीतापुर द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जनपद के लहरपुर एवं एलिया विकासखंड के तीन गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 330 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 142 महिला एवं 188 पुरुष किसान शामिल रहे।

लहरपुर विकासखंड के ग्राम भेलवा एवं किशुनपुर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने तथा मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। दोनों गांवों के कार्यक्रमों में कुल 110 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 32 महिला एवं 78 पुरुष किसान थे।

कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से श्याम सिंह, एसएमएस; पंकज कुमार वर्मा, एडीओ (पीपी); आशीष मिश्रा, बीटीएम तथा पंकज कुमार, एटीएम उपस्थित रहे।

इसी क्रम में एलिया विकासखंड के ग्राम कुसुमा में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार की उपस्थिति में किसानों को खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखने, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के विवेकपूर्ण प्रयोग, फसल चक्र अपनाने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 110 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 03 महिला एवं 107 पुरुष किसान शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग से शिव कुमार, एसएमएस; राम नरेश वर्मा, एडीओ (पीपी) तथा अंकित राज, टीएसी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने किसानों से अपील की कि वे मृदा स्वास्थ्य को खेती की आधारशिला मानते हुए मिट्टी की जांच के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखना ही कृषि उत्पादन की निरंतरता, खेती की लागत में कमी तथा किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण आधार है।

खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुरक्षित रखते हुए कृषि को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है।

मोतीगंज पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तीन बाइकों से पहुंचे थे मायके पक्ष के लोग, घर में घुसकर लाठी-डंडों से बरसाए थे वार

गोंडा । मोतीगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।भाभी के मायके पक्ष के लोगों ने कथित तौर पर साथियों के साथ तीन मोटरसाइकिलों से पहुंचकर एक परिवार पर हमला बोल दिया। घर में घुसकर गाली-गलौज और लाठी-डंडों से की गई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले में वांछित चल रहे नामजद आरोपी को मोतीगंज पुलिस ने गुरुवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

मामला ग्राम पिपरा-भिटौरा अंधरीजोत का है। गांव निवासी राजकुमार वर्मा उर्फ सोनू पुत्र चंद्रभान वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि आठ अक्टूबर 2026 को पारिवारिक विवाद के दौरान उनकी भाभी ने अपने मायके फोन कर दिया। इसके बाद मायके पक्ष के लोग अपने अन्य साथियों के साथ तीन मोटरसाइकिलों से उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने एकराय होकर घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से वादी तथा उनके परिजनों पर हमला कर दिया। हमले में चार लोग घायल हो गए। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित की तहरीर पर मोतीगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 222/ 2026 दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी।गुरुवार, पांच नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुकदमे में वांछित नामजद अभियुक्त राजेन्द्र वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिला फ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 32.17 ग्राम संदिग्ध स्मैक बरामद, महिला अभिरक्षा में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक महिला के कब्जे से 32.17 ग्राम संदिग्ध स्मैक बरामद की है। टीम ने मौके से भारतीय और नेपाली मुद्रा, एक मोबाइल फोन तथा इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन भी बरामद की है। महिला को अभिरक्षा में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के दिशा-निर्देशन में एसएसबी की सीमा चौकी बलइगांव और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम सहोनी, पोस्ट बलाइगांव, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच में यह कार्रवाई की। इस दौरान महिला के कब्जे से कंटेनर सहित 32.17 ग्राम संदिग्ध स्मैक, 8,910 रुपये भारतीय मुद्रा, 45 नेपाली रुपये, एक आईटेल एस कीपैड मोबाइल फोन और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक (सामान्य) सुरेन्द्र पाल ने किया। अभियान में एसएसबी के आठ अन्य कार्मिक भी शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान नारकोटिक डिटेक्टिव डॉग मिचू की भी सहायता ली गई। महिला की व्यक्तिगत तलाशी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आवश्यक कानूनी प्रावधानों और गरिमा का ध्यान रखते हुए ली गई। प्रारंभिक पूछताछ में अभिरक्षा में ली गई महिला ने कथित तौर पर मादक पदार्थ की खरीद और स्थानीय स्तर पर उसकी आगे बिक्री के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद महिला और बरामद सामग्री को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी की ओर से बताया गया कि स्थानीय पुलिस और अन्य

सड़क पर मिट्टी के पहाड़,प्रशासन की आंखों पर पट्टी, अंबेडकर चौराहे पर पलटी कार

नाला निर्माण के बाद सड़क किनारे छोड़े मिट्टी के ढेर बने जानलेवा,टक्कर से बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त, गनीमत रही नहीं हुई बड़ी अनहोनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शहर में विकास कार्यों की रफ्तार भले ही दिखाई दे रही हो,लेकिन निर्माण कार्यों के नाम पर सड़कों के किनारे खोदकर छोड़े गए मिट्टी के पहाड़ अब हादसों को खुला न्योता दे रहे हैं।जिम्मे दारों की कथित लापरवाही का खामियाजा राहगी रों को भुगतना पड़ रहा है।इसकी बानगी बीती रा त अंबेडकर चौराहे पर देखने को मिली,जहां तेज रफ्तार कार सड़क किनारे जमा मिट्टी के विशाल ढेर से टकराने के बाद कई बार पलट गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास लगा बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परख च्चे उड़ गए।घटनास्थल की तस्वीरें हादसे की भ यावहता बयां कर रही हैं।गनीमत रही कि इस दुर्घ टना में किसी बड़ी अनहोनी की सूचना नहीं है। हालांकि, कार में कौन सवार था और हादसे में उसे कितनी चोटें आईं, इसकी तत्काल जानकारी सामने नहीं आ सकी।सवाल यह है कि आखिर शहर की सड़कों पर मिट्टी के पहाड़ खड़े करके जिम्मेदार किस बात का इंतजार कर रहे हैं ? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद टूटेगी ? नाला निर्माण के लिए सड़क किनारे खुदा ई कर मिट्टी छोड़ देना और वहां सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग व पर्याप्त चेतावनी व्यवस्था न करना सीधे तौर पर आम लोगों की सुरक्षा को जोखिम में डालता है।अंबेडकर चौराहे की यह घटना महज एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। विकास के नाम पर सड़कें खोदना आसान है, लेकिन उन सड़कों से गुजरने वालों की सुरक्षा सु निश्चित करना भी प्रशासन और कार्यदायी संस्था ओं की जिम्मेदारी है।अब देखना यह है कि जिम्मे दार अधिकारी मिट्टी के इन पहाड़ों को हटवाकर हादसों पर रोक लगाते हैं या किसी और बड़े हाद से का इंतजार करते हैं।

डाक विभाग में फर्जीवाड़ा:भर्ती के वक्त सोया रहा विभाग,जांच में फर्जीवाड़ा उजागर !



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । डाक विभाग में नौकरी पाने के लिए शैक्षिक प्रमाणपत्रों का ही फर्जीवाड़ा कर दिया गया।गोंडा और बलरामपुर से जुड़े ग्रामीण डाक सेवक भर्ती के मामले में ऐसा खुलासा हुआ है,जिसने विभाग की चयन प्रक्रिया और दस्तावेज सत्यापन व्यव स्था की पोल खोल दी है।वर्ष 2024-25 की भर्ती में चयनित 42 अभ्यर्थियों के शैक्षिक प्रमाणपत्र जांच में फर्जी पाए गए। इनमें नौकरी कर रहे 22 ग्रामीण डाक सेवकों की सेवाएं सोमवार को समा प्त कर दी गईं। वहीं, 16 ऐसे चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं, जिन्होंने चयन के बाद कार्यभार ही ग्रहण नहीं किया था।

चार अ न्य मामलों में पहले ही कार्रवाई हो चुकी थी।माम ले का खुलासा संबंधित प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद हुआ।जांच में सामने आया कि सभी 42 अभ्यर्थियों ने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के हाई स्कूल समकक्ष प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे।डाक विभाग ने इन प्रमाणपत्रों की वास्तविकता की पु ष्टि के लिए संबंधित बोर्ड को भेजा था।वहां से मि ली सत्यापन रिपोर्ट में प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई का शिकंजा कस दिया।

नौकरी मिली तो कागजों की खुली पोल

ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में शैक्षिक अंकों के आ धार पर चयन होता है।ऐसे में फर्जी प्रमाणपत्रों के सहारे चयन हासिल करना उन योग्य अभ्यर्थियों के अधिकारों पर भी सवाल खड़ा करता है,जो वा स्तविक शैक्षिक अभिलेखों के बावजूद चयन से वंचित रह गए होंगे।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्तियां दी गईं, उनका सत्यापन नियुक्ति से पहले प्रभावी ढंग से क्यों नहीं कराया गया ? यदि समय रहते जांच हो जाती तो सरकारी व्यवस्था में फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने की नौबत ही नहीं आती।

बॉक्स

22 की नौकरी गई, 16 की नियुक्ति निरस्त

विभागीय कार्रवाई में 22 ऐसे ग्रामीण डाक सेव कों को बाहर का रास्ता दिखाया गया,जो नियुक्ति के बाद काम कर रहे थे।16 अभ्यर्थियों ने चयनित होने के बावजूद कार्यभार ग्रहण नहीं किया था, इसलिए उनकी नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं। चार अन्य अभ्यर्थियों पर पहले ही कार्रवाई हो चु की थी। इस तरह सत्यापन में सामने आए सभी 42 मामलों में विभागीय कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

बॉक्स

अब नौकरी से आगे कानूनी कार्रवाई की बारी

फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी सेवा हा सिल करने का मामला केवल सेवा समाप्ति तक सीमित रहेगा या संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी और अन्य विधिक कार्रवाई भी होगी, इस पर निगाहें टिकी हैं।हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि फर्जी प्रमाणपत्र किसने तैयार किए औ र इनके पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका थी या नहीं।

बॉक्स

डाक अधीक्षक ने की कार्रवाई की पुष्टि

डाक अधीक्षक एसपी राय ने बताया कि वर्ष 20 24-25 में ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के बाद चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख संबंधित बोर्ड को सत्यापन के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट में 42 अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए।इस के बाद विभाग ने कार्रवाई की। सोमवार को 22 कार्यरत ग्रामीण डाक सेवकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। आगे की विधिक कार्रवाई के संबंध में उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जा एगा।

नानपारा में रातभर सजी शाम-ए-ग़ज़ल की महफिल, हजारों की भीड़ के बीच सुबह चार बजे तक चला मुशायरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मोहल्ला तोपखाना स्थित जुलूस-ए-मोहम्मदी ग्राउंड में तंजीम अंजुमन दयारे अदब की ओर से शाम-ए-ग़ज़ल एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। इस दौरान शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मुशायरे में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और यह महफिल अगले दिन सुबह करीब चार बजे तक चली। कार्यक्रम के संयोजक मास्टर मोहम्मद अदीब, लाल नानपारवी और मोहम्मद नदीम रहे। मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में बलहा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयकर सिंह शामिल हुए। मुशायरे की अध्यक्षता खैराबाद से आए जिया खैराबादी ने की, जबकि संचालन कमर खैराबादी ने किया। कार्यक्रम के संरक्षक सोसन नानपारवी रहे। मुशायरे में शायर लाल नानपारवी ने नफरत के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा, शोले भड़केंगे तो आ जाओगे तुम भी जद में, आग नफरत की लगाओगे तो जल जाओगे। घायल खैराबादी ने रोजी-रोटी की जद्दोजहद को अपने अंदाज में बयां करते हुए पढ़ा, पूछो न क्या बताऊं मैं रोटी की दौड़ में, पतलून यूं फटी है कोई सिल नहीं रहा। उमर नानपारवी ने अपनी शायरी में आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए कहा, अब तो करनी है हमें खुद ही हिफाजत अपनी, कौन है अपना मददगार खुदा खैर करे। मुशायरे का संचालन कर रहे कमर खैराबादी ने अपने खास अंदाज में शेर पढ़ते हुए कहा, जितनी पीकर आप इतराते हैं महफिल में, इतनी तो अक्सर छलक जाती है मेरे जाम से। वहीं अदीब नानपारवी ने सबके लिए समान अधिकार और उजाले की बात रखते हुए कहा, मेरी जिद है कि उजालों पे सभी का हक है, धूप निकली है तो फिर धूप यहां तक पहुंचे। अंत में मुशायरे की अध्यक्षता कर रहे जिया खैराबादी ने अपना कलाम पेश किया, मालो-जर की बात हो तो दे दूं हंसकर, अब तो जालिम की नजर में मेरी अंगनाई है। कार्यक्रम के दौरान तंजीम की ओर से सभी शायरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें प्रमाणपत्र (सनद) और शील्ड भी भेंट की गई। मुशायरे के अंत में संरक्षक सोसन नानपारवी ने महफिल के समापन की घोषणा की। इसके साथ ही सुबह करीब चार बजे रातभर चली शाम-ए-ग़ज़ल की महफिल का समापन हुआ।

छात्र नेता नोमान अली वारसी ने सांसद से की मुलाकात,विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।देश की राजधानी दिल्ली में संभल लोकसभा क्षेत्र से युवा सांसद जियाउर्रहमान बर्क से खास मुलाकात हुई। इस दौरान सियासी व सामाजिक मुद्दों पर दिलचस्प गुफ्तगू हुई।

उक्त जानकारी समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सांसद जियाउर्रहमान बर्क से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान छात्र हितों, युवाओं के मुद्दों, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा की गई।समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने कहा कि बाबा मरहूम डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क साहब की गौरवशाली सियासी विरासत को आगे बढ़ा रहे जियाउर्रहमान बर्क की सादगी और संजीदगी काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने कहा कि युवा सांसद ने बड़ी ही गंभीरता से छात्र और युवा वर्ग की समस्याओं को सुना और उन पर सकारात्मक चर्चा की।मुलाकात में समाजवादी छात्र सभा को मजबूत करने, छात्र राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। साथ ही शिक्षा संस्थानों में छात्रों को हो रही परेशानियों, छात्रवृत्ति, फीस वृद्धि और रोजगार के अवसरों जैसे मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने कहा कि जियाउर्रहमान बर्क युवा सांसद के रूप में युवाओं की आवाज को संसद में मजबूती से उठा रहे हैं। उनकी सोच और कार्यशैली से युवा वर्ग को प्रेरणा मिलती है। इस खुशनुमा मुलाकात के लिए उन्होंने सांसद का दिल से शुक्रिया अदा किया।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में छात्र हितों की लड़ाई को और मजबूती से लड़ा जाएगा और युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का काम जारी रहेगा।

खेत में मिला लापता राजगीर का शव, हत्या या आत्महत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कूरेभार/सुल्तानपुर। ग्राम सभा सैदखानपुर के पटना गांव निवासी फागू राम यादव का शव गुरुवार सुबह पटना ग्राउंड के पास एक खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वह राजगीर का काम करते थे और बुधवार शाम करीब चार बजे से लापता थे। परिजनों के अनुसार, लापता होने के बाद उनका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। देर रात तक परिजन उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पटना ग्राउंड के पास खेत में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। शव की पहचान फागू राम यादव के रूप में हुई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनकी साइकिल भी पड़ी मिली। वहीं पास में पानी की बोतल, चप्पल, मोबाइल फोन और देसी शराब के पाउच का एक फटा पैकेट भी मिला। एक और किसी चीज का पैकेट मिला है जो स्पष्ट नहीं हो पा रहा फिलहाल पुलिस ने इन वस्तुओं को घटनास्थल से साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि यह हत्या है या आत्महत्या अथवा मौत की कोई अन्य वजह है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी कूरेभार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

विहान बालिका विद्यालय में लंच विद कलेक्टर कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विहान बालिका विद्यालय में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, सहायक श्रमायुक्त राज बहादुर यादव उपस्थित रहे। लायन्स क्लब के पदाधिकारियों व सामजिक संस्था सद्भावना के ब्लाक व शहर अध्यक्षों ने जिलाधिकारी का फूल, माला व अंगवस्त्र भेट कर स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के संचालन सदभावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं के साथ सामूहिक लंच किया। छात्रा राशि सिंह द्वारा पांच मिनट का भोजन मंत्र पढ़ने के बाद सभी भोजन शुरू किया। अविस्मणीय है कि बेटियों के साथ-साथ जिलाधिकारी भी भोजन मंत्र बोलते रहे। विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ स्पोर्ट पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है आज बेटियों के साथ भोजन मंत्र पढ़कर मुझे अपने प्राइमरी और जूनियर छात्र जीवन का स्मरण हो गया है प्रिंसिपल प्रगति सिंह और कालेज प्रबन्धन बधाई के पात्र है जो श्रमिक परिवार की बेटियों को इतना सुन्दर भविष्य दे रहे है मैं सदभावना संस्था, लायन्स क्लब व श्रम संगठन का आभारी हूँ जिन्होंने मुझे बेटियों के बीच आने का सौभाग्य दिया। जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने लायन्स व सदभावना के पदाधिकरियों से निरन्तर अच्छा कार्य करते रहने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर लगा बैनर जिस पर लिखा था कि जिलाधिकारी ने सबके लिए सबसे पहले निर्बल के लिए आकर्षण का रहा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, अजय वर्मा उत्तम, पत्रकार मगन पाण्डेय, गुफरान अली, रामभजन त्रिवेदी, इंजीनियर दिनेश यादव, महेश अवस्थी, हंसराम आजाद, राम जियावन, आलोक मिश्र, रामदीन गौतम, प्रमोद यादव, शासवत पाठक, असगर अली, सल्मा खां व लायन्स क्लब के पदाधिकारी आदर्श अग्रवाल, अमित टण्डन, श्यामकरण टेकड़ीवाल, अमित टंडन, मनीष ओझा, जिलाध्यक्ष शकील अहमद खां समेत विद्यालय प्रबन्धन व छात्राएं उपस्थित रही।

निराश्रित गोवंश और जंगली जानवरों से फसल बचाने की मांग को लेकर किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार दोपहर प्रभारी खंडविकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान कराने की मांग की। प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह व तहसील उपाध्यक्ष रेशम सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में निराश्रित गोवंश और जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि पूरनपुर-बंडा मार्ग सहित घाटमपुर, घुंघचिहाई, लुटिहाई, कमपारा, गुलड़िया भूपसिंह और पोखरापुर गांवों में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। इससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। संगठन ने गोवंश को पकड़वाकर नजदीकी गोशालाओं में संरक्षित कराने की मांग व इसके अलावा अभयपुर जंगल से सटे गांवों में जंगली सुअर और नीलगाय से फसलों को बचाने के लिए प्रभावी इंतजाम करने तथा प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की गई। इस दौरान जसविंदर सिंह लल्ली, सरवजीत सिंह काहलों, नरवैर सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजकुमार राजू की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी की ओर से 129 विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मझारा महाराजपुर में गुरुवार दोपहर पीडीए पंचायत आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सपा नेता एवं समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' का ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।राजकुमार राजू ने कहा कि पीडीए पंचायत का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों की आवाज बुलंद करना और गांवों में जनसमस्याओं को समझना है। उन्होंने सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।उमाशंकर यादव ने कहा कि सपा किसानों, मजदूरों, युवाओं, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। संजय सिंह यादव ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया।नोमान अली वारसी, गुरदयाल सिंह, काशीराम सरोज, राजेश पाल, ओम शर्मा, मीता सिंह और याकूब अंसारी ने भी पीडीए की एकजुटता और संगठन मजबूत करने पर जोर दिया।पंचायत में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय समस्याएं उठाईं। नेताओं ने समाधान के लिए आवाज उठाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान संतोष प्रधान, गुरमीत प्रधान, बाबूलाल यादव, इंद्रजीत सिंह, वली मोहम्मद, यूनुस गाजी, मान सिंह, सतीश वर्मा, रजनीश यादव, तरसेम सिंह, शेर सिंह गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे हैं।

साामूहिक विवाह समारोह में रिश्तों की डोर में बंधे दो सौ सत्तर जोड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में दो सौ सत्तर जोड़ो ने रिश्तों की डोर थामी और अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे के हुये। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान पुरोहितों ने विधिवत विवाह किया जिसमें दो सौ साठ हिंदू और दस मुस्लिम जोड़े शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और योजना को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान बताया। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि इन लाभार्थियों के बैंक खातों में चौंसठ हजार रुपये भेजे जायेंगे इसके अलावा गृहस्थी की सामग्री और भोजन व्यवस्था इत्यादि आयोजन पर खर्च किये गये है।कार्यक्रम में सिंहपुर, तिलोई और बहादुरपुर विकास खंडों के दो सौ सत्तर जोड़ों ने हिन्दू वैदिक रीति रिवाज के अनुसार एक दूसरे का हाथ थामकर सात फ़ेरे लिए।कार्यक्रम में दस मुस्लिम जोड़ों को मोलबी ने निकाह सम्पन्न कराया। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ जिलाधिकारी शशांक चौधरी,मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अंकित पासी सहित अन्य तमाम अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना बेटियों को सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक गरिमा प्रदान करने के साथ साथ परिवारों पर विवाह का आर्थिक बोझ भी कम कर रही है। विवाह कार्यक्रम आचार्य राजकुमार उपाध्याय एवं आचार्य करुणाशंकर मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण और सात बचनो सहित अग्नि के सात फ़ेरों के साथ सभी हिन्दू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस मौके पर एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव, तहसीलदार अभिषेक यादव, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा, कमलेश यादव, वीरेंद्र तिवारी, रमेश कुमार सिंह, कौशलेंद्र सिंह, आशीष सिंह,प्रवीण कुमार, मनीष सिंह,नितेश कुमार यादव, सुशील सिंह, सौरभ सिंह, रणवीर सिंह, राजेंद्र सैनी, आनंद सिंह, दिग्विजय सिंह, पंकज अवस्थी, अमरीश जायसवाल, गिरिराज यादव, गंगा विभूति, सुरेश यादव, अवनीश श्रीवास्तव, विद्याधर यादव, विजय यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

शारदा नहर और उसके माइनरों में अवैध खनन का खुला खेल, खबर छपने के बाद विभागीय सक्रियता पर भी संदेह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में शारदा नहर और उसकी माइनरों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। नहरों की पटरियों के किनारे से लेकर अंदरूनी हिस्सों तक मिट्टी की खुदाई कर उसे बेचने का आरोप है। स्थानीय स्तर पर खुलेआम हो रही इस गतिविधि ने नहर विभाग की निगरानी व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर सरकारी संपत्ति की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाला विभाग अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश क्यों नहीं लगा पा रहा है । आरोप है कि दबंगों के प्रभाव में दिनदहाड़े नहरों की खुदाई की जाती है। कई स्थानों पर नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर निकाली गई मिट्टी के खुले बाजार में बिकने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। यदि सिल्ट सफाई की आड़ में मिट्टी का कारोबार हो रहा है, तो इसकी मात्रा, उठान, परिवहन और बिक्री का हिसाब किसके पास है। विभागीय अभिलेखों और मौके की वास्तविक स्थिति का मिलान इस पूरे मामले की गंभीरता उजागर कर सकता है। जग्गी बाबा की कुटी के पास का मामला, विभाग की जवाबदेही पर सवाल जग्गी बाबा की कुटी के पास शारदा नहर में अवैध खनन का मामला कोई पहली शिकायत नहीं बताया जा रहा है। नहर सूखने के बाद मिट्टी की खुदाई और उठान किए जाने के आरोप सामने आते रहे हैं। इससे नहर की पटरी और संरचना को नुकसान पहुंचाई जाती रही है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो सरकारी राजस्व क्षति और भ्रष्टाचार की धमक बनी रहेगी। जो शासन और प्रशासन के लिए चुनौती होगा। खबर छपी तो जागा विभाग, कार्रवाई या कागजी खानापूर्ति अवैध खनन की खबर प्रकाशित होने के बाद नहर विभाग के जिम्मेदारों की सक्रियता बढ़ने की बात सामने आई है। लेकिन सवाल यह है कि यह सक्रियता अवैध खनन रोकने के लिए है या केवल विभागीय कागजों में कार्रवाई दिखाने तक सीमित रहेगी। जांच के नाम पर साक्ष्य जुटाने और मामला दबाने की कोशिशों की चर्चा भी स्थानीय स्तर पर हो रही है। लीपापोती हुई तो जवाबदेही तय करना मुश्किल सूत्रों के मुताबिक विभागीय स्तर पर जांच और कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि जांच केवल औपचारिकता न बने। खुदाई के स्थानों का भौतिक निरीक्षण, मिट्टी की निकासी का रिकॉर्ड, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी और अवैध खनन में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट की जाए। यदि विभागीय मिलीभगत या लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदारों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

जनपद के इमिलिया की घटना से बढ़ी चिंता

दो दिन पहले जिले के इमिलिया गांव में कथित खनन माफियाओं की दबंगई का मामला भी सामने आया। ऐसे घटनाक्रमों के बीच बल्दीराय क्षेत्र में नहरों की सुरक्षा को लेकर चिंता और गहरी हो गई है। अब बड़ा सवाल यही है कि नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी वास्तव में अवैध खनन पर रोक लगाएंगे या विभागीय निष्क्रियता और कथित संरक्षण के आरोप यूं ही बने रहेंगे। शासन की मंशा अवैध खनन पर अंकुश लगाने की है, लेकिन बल्दीराय में नहरों की स्थिति विभागीय निगरानी की वास्तविक परीक्षा बन गई है। अब देखना होगा कि जांच निष्पक्ष होती है, कार्रवाई जमीन पर दिखाई देती है या मामला कागजी खानापूर्ति तक सिमटकर रह जाता है। और आगे भी शासनादेशों की धज्जियां उड़ाई जस्ती रहेगीं ।

अक्षरों को दीवार पर सजाकर खूबसूरती का रूप दे रही हैं अल्मोड़ा की महिला पेंटर मीनाक्षी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अल्मोड़ा।पहाड़ की वादियों में बसे जनपद अल्मोड़ा शहर में एक महिला अपनी कला से सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। नाम है पेंटर मीनाक्षी। मीनाक्षी अल्मोड़ा की पहली महिला पेंटर आर्टिस्ट के रूप में पेंटिंग और बोर्ड राइटिंग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। उनकी खासियत हाथों से सुंदर अक्षरों में लिखने की कला है।आज के डिजिटल दौर में जहां कंप्यूटर और फ्लेक्स प्रिंटिंग ने हाथ की लिखावट को लगभग खत्म कर दिया है, वहीं पेंटर मीनाक्षी ने अपने ब्रश और रंगों से हाथ की लिखावट को फिर से जिंदा कर दिया है। वह स्कूल, मंदिर, कॉलेज, दुकानों और सरकारी व निजी कार्यालयों के लिए हाथ से लिखे जाने वाले साइन बोर्ड, नाम एवं विज्ञापन बोर्ड, नेम प्लेट और कई तरह के कार्य करती हैं। उनके हाथों से लिखे गए अक्षरों में एक अलग ही खूबसूरती और आकर्षण झलकता है, जिसे देखकर हर कोई उनकी तारीफ किए बिना नहीं रहता। पेंटर मीनाक्षी सिर्फ बोर्ड राइटिंग तक ही सीमित नहीं हैं। वह कुमाऊंनी पारंपरिक ऐपन कला के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत रख रही हैं। ऐपन कला उत्तराखंड की प्राचीन लोक कला है, जिसे शुभ अवसरों पर घरों के आंगन और दीवारों पर बनाया जाता है।

पेंटर मीनाक्षी इस कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। उनके बनाए गए ऐपन में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मेल देखने को मिलता है।जहां पेंटिंग और बोर्ड राइटिंग जैसे कामों को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था, वहीं मीनाक्षी ने ब्रश और रंगों को अपना साथी बनाकर इस सोच को बदलने की कोशिश की। उन्होंने साबित किया कि हुनर का कोई लिंग नहीं होता, बस उसे निखारने के लिए मेहनत और हौसले की जरूरत होती है। शुरुआत में लोगों ने उनके काम को लेकर कई तरह की बातें कहीं, लेकिन मीनाक्षी ने हार नहीं मानी। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।मीनाक्षी का कहना है कि हर महिला के अंदर कोई न कोई हुनर छिपा होता है। जरूरत है तो बस उसे पहचानने और उस पर विश्वास करने की। वह चाहती हैं कि महिलाएं किसी भी काम को छोटा न समझें और अपने हुनर के दम पर आत्मनिर्भर बनें।आज मीनाक्षी को अल्मोड़ा ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी काम के लिए बुलाया जाता है। लोग विशेष रूप से उनसे हाथ से लिखे बोर्ड बनवाना पसंद करते हैं। उनका सफर पहाड़ की उन बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो अपने हुनर के दम पर अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं।

अमेठी में खेवनहारों के लिये दुधारु गाय साबित हो रही खेलकूद प्रतियोगिता

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टारलेंस नीति की कैसे धज्जियां उड़ाई जा रही है अगर इसकी जमीनी हकीकत जांचनी व परखनी हो तो विकास क्षेत्र तिलोई एवं सिंहपुर आइये। इन दोनों ब्लाकों में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिये दुधारु गाय साबित हो रही है और प्रत्येक परिषदीय विद्यालय से छह सात सौ रुपये की धनउगाही इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिये प्रतिवर्ष न्याय पंचायत से लेकर मण्डल स्तरीय तक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है जिसमें परिषदीय विद्यालयों के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम भी रोशन करते हैं जिसके लिये प्रदेश सरकार द्वारा धनराशि भी आवंटित की जाती है लेकिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूब चुके बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी थमने का नाम नही ले रही है और विकास क्षेत्र सिंहपुर एवं तिलोई के खेवनहारों द्वारा तुगलकी फरमान जारी कर प्रति विद्यालय छह सौ और सात सौ रुपये की धनउगाही शुरु कर दी गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के इन मनबढ़ अधिकारियों की करतूतों पर कई शिक्षकों ने आपत्ति दर्ज कराई तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध जताते हुये कहा कि इससे सरकार की छबि धूमिल होती है लेकिन यह अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं। बताते चलें कि पड़ोसी जनपद रायबरेली और बाराबंकी में खेलकूद प्रतियोगिता के नाम पर एक भी पैसा नही वसूला जा रहा है केवल अमेठी जनपद में ही लूट खसोट का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

किसान धान की पराली खेतों में सड़ाकर प्राकृतिक खाद के रूप में करें उपयोग : उप कृषि निदेशक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पराली प्रबंधन से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर विशेष पराली प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कार्यालय उप कृषि निदेशक, कृषि भवन, ताला में स्थापित यह कंट्रोल रूम चौबीस घण्टे सातों दिन सक्रिय रहेगा। इसके सुचारू संचालन एवं प्रभावी निगरानी के लिये कर्मचारियों की ड्यूटियां भी निर्धारित कर दी गई हैं।इस संबंध में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पराली प्रबंधन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा समस्या के लिए जनपद के किसान, आम नागरिक एवं संबंधित अधिकारी कंट्रोल रूम के निर्धारित मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके लिये 7839882410 एवं 9415969047 नम्बर जारी किये गये हैं।उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि धान की कटाई के बाद खेतों में बची पराली को कदापि न जलाएं। इसके स्थान पर पराली को खेत में ही सड़ाकर जैविक एवं प्राकृतिक खाद के रूप में उपयोग करें। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा वायु प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिये पराली का उचित प्रबंधन बेहद आवश्यक है। सभी किसान पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये पराली न जलाएं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें।

खड़ी गाड़ी में बाइक की टक्कर मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में कढ़ैर चौरा के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी पहाड़पुर चांदपुर, जनपद शाहजहांपुर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के कढ़ैर चौरा के पास उनकी बाइक हाइवे किनारे खड़ी गाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

परिषदीय विद्यालय में निकला अजगर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम सिद्धनगर स्थित जूनियर हाईस्कूल के मैदान में विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। स्कूल परिसर में अजगर दिखाई देने के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया।जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह स्कूल के मैदान में विशाल अजगर दिखाई दिया। इसे देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल वन विभाग सम्पूर्णानगर की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया।अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किए गए अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। गनीमत रही कि घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और न ही कोई अप्रिय घटना सामने आई।स्कूल परिसर में अजगर निकलने की घटना से ग्रामीणों में काफी देर तक हलचल बनी रही। रेस्क्यू अभियान का वीडियो गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वन विभाग की टीम अजगर को पकड़ने का प्रयास करती दिखाई दे रही है।

मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवा से पशुपालक हो रहे लाभान्वित

अखण्डनगर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं 1962 सेवा पशुपालकों के लिए काफी लाभ प्रद साबित हो रही है। 1962 टीम के द्वारा गांव-गांव में जाकर लगाये जा रहे हैं कैंप के माध्यम से निशुल्क दवाइयो का वितरण किया जा रहा है और बीमार पशुओं को इलाज किया जा रहा है। साथ में उनके रखरखाव और खान-पान तथा पशुओं को बीमारियों से कैसे बचाया जाए के बारे में बताया जा रहा है। 1962 पर कॉल करके पशुपालक 1962 की टीम को अपने घर पर बुलाकर बीमार पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। अभी हाल में ही सुल्तानपुर जिले के अखंड नगर ब्लॉक के गोलहनपारा गांव के निवासी बृजेश जी की गाय को थनैला रोग हो गया, उन्होंने 1962 पर कॉल करके अपने गाय की परेशानी को बताया। 1962 की टीम के डाक्टर मित्रसेन यादव, डा0 अनिल यादव, पायलट राजेश उनके घर पर समय से पहुंच कर उनकी गाय का इलाज किया । सरकार द्वारा चलाए जा रहे 1962 सेवा कि उन्होंने सराहना की । बृजेश की तरह हजारों पशुपालक इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं।

सम्पादकीय

गरीबी के आंकड़े

विश्व बैंक की निर्धनता एवं समानता संबंधी रिपोर्ट में यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2011 से 2023 के बीच देश में करीब पचास करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अत्यधिक निर्धन वर्ग के लोगों की संख्या में भी करीब पच्चीस फीसदी की कमी आई है। यह संख्या अब घटकर कुल आबादी की 2.6 फीसदी रह गई है। दावा किया जा रहा है कि निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की तादाद में भारी कमी आ रही है। निस्संदेह, इन आंकड़ों को लेकर सरकारें अपनी पीठ थपथपा सकती हैं। कहा जा रहा है कि राजग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की इसमें अहम भूमिका रही। लेकिन सवाल यह है कि ये आंकड़े कितने प्रामाणिक हैं और क्या विज्ञान-सम्मत तरीके से लिये गए हैं? अर्थशास्त्र में आंकड़ों को लेकर एक मशहूर उक्ति है- 'आंकड़े ऐसी कच्ची मिट्टी है, जिससे देवता और दैत्य दोनों बनाए जा सकते हैं।' यानी सरकारें उनका उपयोग अपनी सुविधा के अनुसार कर सकती हैं। हालांकि, गरीबी में कमी की यह शुरुआत संप्रग सरकार के समय के आंकड़ों के साथ की गई है। जिसकी समयावधि वर्ष 2011 से शुरू होती है। राजग सरकारों के कार्यकाल में जरूर अधिक समय को अध्ययन में शामिल किया गया है। जिसमें निर्धनता की आई कमी के कारणों में खपत में वृद्धि, रोजगार और खासकर महिलाओं के रोजगार में वृद्धि, सामाजिक कल्याण योजनाओं तथा खाद्य सब्सिडी जैसे कार्यक्रम को शामिल किया गया है। लंबे समय से देश राजनेताओं के गरीबी हटाओ के नारों व कार्यक्रमों का साक्षी रहा है। लेकिन उन कार्यक्रमों की सफलता इस बात पर निर्भर होती है कि गरीब कल्याण की योजनाओं का कितने कारगर ढंग से क्रियान्वयन हुआ। कितनी ईमानदारी से गरीब के हाथ में कल्याण योजनाओं की राशि पहुंची। बहरहाल, राजग सरकार का दावा है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को इससे बाहर निकालने में जन-धन योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,घर-घर शौचालय, घर-घर नल व आयुष्मान योजना की बड़ी भूमिका रही है। एक समय था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि लोककल्याण के कार्य हेतु आवंटित हुए एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही जरूरतमंद के हाथ में पहुंचता है। हालांकि, न खाऊंगा और न खाने दूंगा के उद्घोष के बाद वास्तविक स्थिति में क्या बदलाव आया, यह अध्ययन का विषय होना चाहिए। हालांकि, विपक्षी नेता इस स्थिति के बावजूद मुफ्त खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम की जरूरत को लेकर भी सवाल उठाते हैं। यह सुखद है कि देश में कुछ जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अपना जीवन स्तर सुधारने का अवसर मिला। लेकिन देश में अक्सर यह सवाल उठाया जाता रहा है कि जब भारत दुनिया में सबसे तेज गति से विकसित होती अर्थव्यवस्था है, तो लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव क्यों नहीं आता? क्यों देश में अमीरी-गरीबी की खाई लगातार बढ़ती जा रही है? सही मायने में किसी देश में होने वाला विकास न केवल तर्कसंगत होना चाहिए, बल्कि न्यायसंगत भी होना चाहिए। वैसे यदि वास्तव में आंकड़ों के अनुसार देश में गरीबी में कमी आई है तो यह हमारे लिये उत्साहजनक स्थिति है। यह जानते हुए कि इस अवधि में हमने कोरोना का भयावह काला दौर देखा था। भारी संख्या में जनधन की हानि हुई, लेकिन अब ये अतीत की बातें बन चुकी हैं। बहरहाल, विश्व बैंक के आंकड़ों के आलोक में केंद्र सरकार को देश में गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसरों में तुरंत वृद्धि करनी चाहिए। उसे महसूस करना चाहिए कि देश में युवा सड़कों पर क्यों हैं। उसके लिये अवसरों की कमी क्यों हो रही है? देश में आय की असमानता कैसे दूर होगी? निस्संदेह, भारत एक श्रमप्रधान देश है। देश की बड़ी आबादी सघन श्रमशक्ति वाले उद्योगों से जुड़ी है। ऐसे में जब पश्चिमी देशों में एआई केंद्रित उत्पादकता पर बल दिया जा रहा है, तो भारतीय श्रमप्रधान उद्योगों को बचाने की जरूरत होगी।

प्रदूषण पर राजनीति का धुआं और जनता की घुटती सांसें

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। सर्दियों की शुरुआत होते ही तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में प्रदूषकों के ठहराव से वायु गुणवत्ता तेजी से बिगड़ती है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद के नागरिक हर वर्ष इस जहरीले वातावरण का सामना करते हैं। सुबह की सैर स्वास्थ्य का माध्यम बनने के बजाय जोखिम बन जाती है। बच्चों को खांसी, बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी और पहले से बीमार लोगों को अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिस हवा में जीवन का संगीत होना चाहिए, उसमें जब प्रदूषण का जहर घुल जाए तो विकास के तमाम दावे बेमानी लगने लगते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता महत्वपूर्ण है।

त्योहार खुशियां बांटने के लिए होते हैं, सांसों में जहर घोलने के लिए नहीं। दीपावली प्रकाश, प्रसन्नता, उल्लास और मंगलकामना का पर्व है, लेकिन यदि उत्सव की चमक के पीछे आसमान धुएं से भर जाए, बच्चों और बुजुर्गों का दम घुटने लगे तथा आम आदमी स्वच्छ हवा के लिए तरसने लगे तो हमें अपनी उत्सव परंपराओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर गंभीरता से विचार करना होगा। विडंबना यह है कि आज प्रदूषण जैसी जीवन-मरण की समस्या पर भी राजनीति का धुआं छाने लगा है। जब लोगों की सांसें संकट में हों, तब धर्म, जाति और राजनीतिक विचारधाराओं के चश्मे से समस्या को देखना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता का प्रमाण भी है। अभिनेत्री और पर्यावरण कार्यकर्ता दीया मिर्ज़ा ने पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने अपने पर्यावरण अनुकूल दीपावली अभियान में उनका वीडियो जारी किया, लेकिन राजनीतिक विवाद के बाद उसे हटा दिया गया। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाना आखिर विवाद का विषय कैसे बन गया? किसी कलाकार का पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में बोलना किसी धर्म या त्योहार का विरोध कैसे हो सकता है? मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा वीडियो दोबारा जारी करने का निर्देश इस बात का संदेश है कि जनहित की आवाज को राजनीतिक दबाव के आगे दबाया नहीं जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति, दल या धर्म की जागीर नहीं, बल्कि समूचे समाज की साझा जिम्मेदारी है। मुंबई का उदाहरण इस समस्या की गंभीरता को और उजागर करता है। सामान्यतः समुद्र की हवाओं और भौगोलिक स्थिति के कारण मुंबई को दिल्ली की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर वायु संचार का लाभ मिलता है, लेकिन अब वहां भी प्रदूषण का संकट गहराने लगा है। बीएमसी की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, मुंबई के 14 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 13 पर पीएम-10 का वार्षिक औसत स्तर राष्ट्रीय निर्धारित सीमा 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से अधिक पाया गया। चेंबूर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में यह स्तर 125 माइक्रोग्राम तक पहुंच गया। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि महानगरीय विकास की उस दिशा पर प्रश्नचिह्न है जिसमें इमारतें तो ऊंची होती जा रही हैं, लेकिन लोगों के हिस्से की स्वच्छ हवा छोटी होती जा रही है। यह समझना आवश्यक है कि मुंबई हो या दिल्ली, प्रदूषण का पूरा दोष केवल दीपावली के पटाखों पर डालकर हम अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, सड़कों पर जमा मिट्टी, वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरा जलाना और कमजोर शहरी नियोजन इसके बड़े कारण हैं। पटाखे प्रदूषण की समस्या को त्योहारों के दौरान और गंभीर बनाते हैं, लेकिन प्रदूषण का स्रोत वर्षभर सक्रिय रहता है। इसलिए केवल दीपावली के आसपास प्रतिबंध लगाना और फिर शेष वर्ष आंखें मूंद लेना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि मौसमी सक्रियता का प्रदर्शन है। मुंबई में 13 निगरानी केंद्रों का राष्ट्रीय मानक से ऊपर होना बताता है कि समुद्री हवाओं के भरोसे पर्यावरण की रक्षा नहीं की जा सकती। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। सर्दियों की शुरुआत होते ही तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में प्रदूषकों के ठहराव से वायु गुणवत्ता तेजी से बिगड़ती है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद के नागरिक हर वर्ष इस जहरीले वातावरण का सामना करते हैं। सुबह की सैर स्वास्थ्य का माध्यम बनने के बजाय जोखिम बन जाती है। बच्चों को खांसी, बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी और पहले से बीमार लोगों को अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिस हवा में जीवन का संगीत होना चाहिए, उसमें जब प्रदूषण का जहर घुल जाए तो विकास के तमाम दावे बेमानी लगने लगते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में दीपावली के अवसर पर केवल प्रमाणित हरित पटाखों की सीमित बिक्री और निर्धारित समय में उनके उपयोग की अस्थायी अनुमति दी है। 7 और 8 नवंबर के लिए निर्धारित समय सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे है। इसके बाद 9 नवंबर से पूर्ण प्रतिबंध फिर प्रभावी होना है। न्यायालय ने नियमों के उल्लंघन और पारंपरिक पटाखों को हरित पटाखों के नाम पर बेचने से रोकने के लिए सख्त निगरानी पर भी जोर दिया है। लेकिन प्रश्न यह है कि आदेश कागज पर सख्त और सड़कों पर बेअसर क्यों रह जाते हैं? हरित पटाखों की आड़ में पारंपरिक पटाखों की बिक्री, निर्धारित समय के बाद आतिशबाजी और प्रतिबंधित सामग्री का खुलेआम कारोबार प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोलता है। कानून बनाना पर्याप्त नहीं, उसका निष्पक्ष और कठोर क्रियान्वयन भी जरूरी है। यदि नियम तोड़ने वालों को राजनीतिक संरक्षण या प्रशासनिक उदासीनता का लाभ मिलता रहा तो न्यायालयों के निर्देश भी धुएं में उड़ते रहेंगे। दीपावली के उत्सव को सीमित पटाखों, सामूहिक आतिशबाजी और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के साथ भी पूरे उल्लास से मनाया जा सकता है। उत्सव की सार्थकता शोर की तीव्रता में नहीं, बल्कि मन की प्रसन्नता और सामाजिक सद्भाव में है। यह किसी की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सम्मान है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब दीया मिर्ज़ा जैसी अभिनेत्री पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं तो उनके संदेश को राजनीतिक विवाद में उलझा दिया जाता है। मुंबई उच्च न्यायालय ने 3 नवंबर को बीएमसी को उनका हटाया गया वीडियो दोबारा अपलोड करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि पर्यावरण के मुद्दे को राजनीतिक या सांप्रदायिक रंग देना अनुचित है। न्यायालय की यह टिप्पणी हमारे लोकतांत्रिक विवेक को झकझोरने वाली है। आज आवश्यकता है कि सरकारें, न्यायपालिका, नगर निकाय, राजनीतिक दल, उद्योग जगत, सामाजिक संगठन और आम नागरिक एक साझा संकल्प के साथ आगे आएं। निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण हो, वाहनों के उत्सर्जन पर कठोर निगरानी हो, सार्वजनिक परिवहन मजबूत बने, कचरा जलाने पर रोक लगे और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की जवाबदेही तय हो। साथ ही नागरिक भी पटाखों के अनावश्यक उपयोग, कचरा जलाने और निजी वाहनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से बचें। अंततः सवाल यह नहीं है कि दीपावली पर पटाखे चलें या न चलें, सवाल यह है कि क्या हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और सुरक्षित जीवन दे पाएंगे? राजनीति की अपनी जगह है, धर्म और परंपराओं का अपना महत्व है, लेकिन जीवन से बड़ा कोई उत्सव और स्वास्थ्य से बड़ी कोई परंपरा नहीं हो सकती। याद रखना होगा कि प्रदूषण किसी की जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधारा देखकर फ़ेफड़ों में प्रवेश नहीं करता। हवा सबकी साझा है और उसका संकट भी सबका साझा संकट है। दीपावली के दीप जलें, घर-आंगन रोशन हों, खुशियां बिखरें, लेकिन किसी की सांसों में अंधेरा न उतरे। प्रकाश का पर्व मनाएं, प्रदूषण का पर्व नहीं। यही समय की पुकार है और यही सच्चे उत्सव का विवेकपूर्ण अर्थ है। -ललित गर्ग



उत्तर प्रदेश की राजनीति में सनातनी बनने की होड़

मृत्युंजय दीक्षित

भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए व्यापक अभियान चला रहे युवा कथावाचक संत आचार्य धीरेंद्र शास्त्री द्वारा अपनी विशिष्ट कथा वाचन शैली में श्री कृष्ण को लेकर कही गई एक बात का बतंगड़ बनाकर प्रदेश में सियासी भूचाल लाने का प्रयास किया जा रहा है। नेताओं के मध्य अपने आपको सच्चा सनातनी बताने की होड़ मच गई है और तमाम कालनेमि सक्रिय हो गए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव जो हमेशा सनातन संस्कृति व संत समाज को बदनाम करने के लिए तत्पर रहते हैं और ऐसे अवसरों की ताक में रहते हैं जिससे हिन्दू एकता को कुंद किया जा सके उन्होंने इस अवसर को लपक लिया है और हिन्दू एकता में लगे धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। सपा मुखिया जो उत्तर प्रदेश में मुस्लिम तुष्टिकरण के सबसे बड़े झंडाबरदार हैं और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की बात पर जिनके मुंह पर ताला लग जाता है वो उन धीरेन्द्र शास्त्री पर टिप्पणी कर रहे हैं जो पूरे भारत में हिंदुत्व की अलख जगा रहे हैं। कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित पूरी सेक्युलर बिरादरी की राजनैतिक तनातनी कोई नई बात नहीं है क्योंकि कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपने कार्यक्रमों में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते है तथा उसके लिए हिंदू समाज को जागृत करने के लिए पदयात्राएं भी निकालते हैं। वह हमेशा ही छद्म धर्मनिरपेक्ष लोगों के निशाने पर रहते हैं। पिछले दिनों एक कत्था में अपनी रोचक शैली में बोलते हुए भगवान श्रीकृष्ण को टेढ़ा कह दिया और स्वयं को श्री कृष्ण का वंशज कहने वाले सपाईयों ने उनपर राजनैतिक हमला कर दिया बिना इस बात को समझे कि श्री कृष्ण को तो प्यार से बांका या टेढ़ा ही कहते हैं , बांके बिहारी नाम ही है उनका लेकिन सपाई हैं कि शास्त्री जी पर एफआईआर करा रहे हैं, उन पर बुलडोजर एक्शन और उनके कथा कार्यक्रमों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं । सपा को जानने वालों से ये बात छुपी नहीं है कि ये कृष्ण प्रेम नहीं हिन्दू एकता से सपा का डर है। सपा मुखिया अपने आपको सनातनी सिद्ध करने के लिए कथवाचक धीरेंद कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध अत्यंत मुखर हैं किंतु जब सपा के नेताओं का बाबरी प्रेम जागता है और सपा के पूर्व सांसद एस.टी. हसन कहते हैं कि राम अयोध्या में ही वहीं पैदा हुए थे जहां राम मंदिर बना है इसका कोई सटीक प्रमाण ही नही है तो उनका मुंह बंद रहता है। सपा के एक और नेता शिवशंकर यादव हसन से भी आगे निकल जाते हैं और कहते हैं कि शादियों और तेरहवीं की रस्म के समय पंडित जो मंत्र पढ़ते हैं वो गाली जैसे हैं। लोग पंडितों से गालियां सुनते हैं, फिर पैर छूकर दक्षिणा देते है। ये सब बंद होना चाहिए तब भी सपा मुखिया कान बंद कर लेते हैं। जब उनकी पार्टी में रहते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य रामचातिमानस फाड़ते हैं तब भी वह मौन रहते हैं। जब कोई मौलाना हिंदू देवी - देवताओं का अपमान करता है तब भी सपा मुखिया मौन रह जाते हैं, निंदा तक नहीं करते हैं कि कहीं उनका मुस्लिम वोटबैक नाराज़ न हो जाए। ऐसे सपा मुखिया एक कथावाचक को घेरने के लिए उनके पुराने वीडियो एडिट कराकर उन्हें घेरने का रणनीतिक प्रयास कर रहे हैं जिससे सनातनी एकता में फूट पड़े। वास्तव में सपा मुखिया को भगवान श्रीकृष्ण का कुछ भी ज्ञान है नहीं है और वे केवल जनमानस को उद्वेलित करने का प्रयास कर रहे हैं। बांके बिहारी का अर्थ टेढ़ा बिहारी ही है। त्रिभंगी का अर्थ भी यही है। श्री ठाकुरजी तीन जगह से शरीर को मोड़कर खड़े होते हैं, बंसी बजाते हुए उसे त्रिभंगी मुद्रा कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण टेढ़े ठाकुर जी हैं यह भला कौन भक्त नहीं जानता। धर्म की रक्षा के लिए किसी भी तरह के टेढ़ेपन का विनियोग भगवान करते हैं। सीधे खड़े हुए श्रीकृष्ण की मूर्ति बहुत ही कम मंदिरों में है। इसके विपरीत भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम रूप में हैं और उनकी सभी मूर्तियां सीधे खड़ी हुई होती हैं। भगवान श्रीकृष्ण और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम में तत्वतः अभेद होते हुए भी लीला व स्वरूप का भेद है। इस अन्यता में वस्तुतः अन्यता ही है। संसार के इतिहास का धार्मिक व्याख्यान श्रीराम के जीवन में पर्यवसित होता है वहीं आध्यात्मिक आख्यान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में पर्यवसित होता है। भगवान श्रीराम अपनी भगवत्ता की घोषणा नहीं करते फिर भी उनके मनुष्य रूप में धर्म परायण आचरण से वह प्रकट हो जाता है और सभी ऋषि- मुनि तथा भक्त उनमें भगवान का दर्शन करते हैं। जबकि भगवान श्रीकृष्ण क बचपन से ही आश्चर्यजनक घटनाओं की झड़ी लगाकर अपनी अलौकिक भगवत्ता को स्पष्ट करते हैं और अपना विराट स्वरूप भी दिखाते हैं।

सेहत मंत्र

आंतों में मौजूद बैक्टीरिया भी बन सकते हैं पेट के कैंसर का कारण, वैज्ञानिक शोध में हुआ खुलासा


इंटेस्टाइन में रहने वाले एक प्रकार के बैक्टीरिया, जिन्हें हम गट बैक्टीरिया भी कहते ये बाउल कैंसर (आंत्र कैंसर) का कारण भी हो सकते हैं। हाल ही में आए शोध की मानें, तो आंत में एक निश्चित प्रकार के बैक्टीरिया वाले लोगों को आंत्र कैंसर विकसित होने का अधिक खतरा हो सकता है। इंटेस्टेनियल माइक्रोबायम हमारे आंत के भीतर फंग्स, बैक्टीरिया और वायरस का संग्रह है। साथ ही इस बात के प्रमाण और बढ़ रहे हैं कि शरीर में माइक्रोबायोम की संरचना भी इसके पीछे का एक बड़ा कारण हो सकती है। वहीं शोधकर्ता इस बात का पता भी लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम में कैंसर वायरस पैदा हो रहे हैं या उसके किसी खास बैक्टीरिया के कारण ही ऐसा हो रहा है। आइए हम आपको बताते हैं इस कैंसर और इससे जुड़े इस शोध के बारे में। बाउल कैंसर कैंसर का वो प्रकार है, जो हमारे लार्ज इंटेस्टाइन यानी कि बड़ी आंत में होता है।लार्ज इंटेस्टाइन में जहां ये कैंसर शुरू होता है, उसके आधार पर इस बाउल कैंसर को कभी-कभी कोलन या रेक्टल कैंसर कहा जाता है। आंत्र कैंसर के 3 मुख्य लक्षण होते हैं। पहला- स्टूल या शौच करते वक्त लगातार ब्लिडिंग का होना। दूसरा- आपकी आंत्र की आदत में लगातार परिवर्तन, जो आमतौर पर पेट खराब होने जैसा होता है और तीसरा-लगातार निचले पेट में दर्द, सूजन या बेचैनी, जो हमेशा खाने के बाद होती है। इन तीनों के अलावा व्यक्ति में लगातार वजन कम होने लगता है और पेट की परेशानियां बढ़ने लगती हैं। दरअसल यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के डॉ कैथलीन वेड ने आंत्र कैंसर(बाउल कैंसर) के विकास में बैक्टीरिया द्वारा निभाई गई कार्यवाहक भूमिका की जांच की है। इसके लिए मेंडेलियन रेंडमाइजेशन नामक तकनीक का उपयोग गया और इस अध्ययन के बारे में 2019 एनसीआरआई कैंसर सम्मेलन को बताया। सम्मेलन में बताया गया कि कैसे हमारे आंत में पहलने वाले कुछ बैक्टीरिया ही हमारे पेट से जुड़ी बीमारियों को कारण होते हैं और इसी के कारण ही हम बाउल कैंसर भी होता है। शोधकर्ताओं की मानें तो आंत्र कैंसर के खतरे 2-15% के बीच बढ़ा है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है।

धर्म मंत्र

विश्वास करिये, अंक ज्योतिष में छिपा है आपके भाग्योदय का राज

अंक कैसे सहायता करते हैं? हम इनका कैसे उपयोग कर सकते हैं? यही मूल आधार है न्यूमरोलॉजी का। तो अंक हमें सहायता करते हैं प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी सेट करने के लिए! रेडियो के ऊपर अलग-अलग स्टेशन, अलग-अलग फ्रीक्वेंसी पर होते हैं। जब सही ट्यूनिंग नहीं होती तो शोर होता है। जब हम इसको सही फ्रीक्वेंसी से मैच करवा देते हैं तो क्या होता है? स्पष्ट संगीत या आवाज। कोई शोर नहीं। ठीक ऐसे ही जीवन में काम करती है न्यूमरोलॉजी। प्रश्न है- मेरी फ्रीक्वेंसी क्या हैं? मेरी नेचुरल स्टेट क्या है, मेरे नेचुरल नंबर क्या हैं, मैं किससे पहचाना जाता हूं? हिन्दू भाषा में जो अक्षरों को नम्बर दिए हुए हैं उनका प्रयोग करते हुए अपने नाम को सशक्त किया जा सकता है। अंकों और अक्षरों का संतुलन बैठा तो नाम सशक्त हो जाता है। एक सेब है उसमें दाग लगा हुआ है तो क्या उसकी कीमत पूरी मिलेगी? उसको दाग कहने की बजाय असंतुलित कहेंगे। तो सेब की कीमत कब मिलती है? जब वह बिल्कुल सही है खराब नहीं हुआ है। दुनिया में कुछ भी जब खराब हो जाता है तो उसकी कीमत गिर जाती है। उदाहरण सेब पूछ रहा है मेरे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। व्यक्ति क्या कहता है? जब मैं मेहनत कर रहा हूं तो मुझे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। न्यूमरोलॉजी में पूछेंगे क्या यह प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी से परे हटा हुआ है, शायद इसलिए उसको पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। तो क्या यहां न्यूमरोलॉजी मदद कर सकती है? अब आपको न्यूमरोलॉजी का तर्क पकड़ में आ गया होगा।

पर्यटन



देश की संस्कृति और वैभव को आज भी बखूबी कायम रखे हुए है ग्वालियर फोर्ट

गोपांचल पर्वत पर बना ग्वालियर का किले शहर की पहचान है। साथ ही ये देश के सबसे बड़े किलों में से एक है। 8वीं सदी में बना यह किला यहां की संस्कृति और वैभव की पहचान है। जिस पर मुगलों से लेकर ब्रिटिशर तक ने राज किया है। किला दो भागों में बंटा हुआ है एक है मान मंदिर पैलेस और दूसरा गुजरी पैलेस। जिसे अब म्यूजियम का रूप दे दिया गया है। जिसमें मध्यभारत के सबसे ज्यादा कलेक्शन देखे जा सकते हैं। किले में होने वाला लाइट एंड साउंड शो टूरिस्टों को सबसे ज्यादा अट्रैक्ट करता है। विशालकाय ग्वालियर किला बलुआ पत्थर की पहाड़ी पर बना हुआ है और मैदानी क्षेत्र से 100 मीटर ऊंचाई पर है। किले में प्रवेश के लिए दो रास्ते हैं पहला ग्वालियर गेट और दूसरा ऊरवाई गेट। किले की दीवारें एकदम खड़ी हैं। बाहरी दीवार 2 मीटर लंबी और चौड़ाई 1 किमी से लेकर 200 मीटर तक है। पहाड़ी तक जाने वाले रास्ते की चट्टानों पर खूबसूरत नक्काशी देखने को मिलती है। किले की वास्तुकला गजब की है। किले का मुख्यद्वार हाथी पूल के नाम से जाना जाता है। किले के स्तंभों पर ड्रैगन की नक्काशी है। किले पर गुरु गोविंद की स्मृति में एक गुरुद्वारा बना हुआ है। साथ ही पुरानी शैली का मानसिंह महल भी यहां है। इसके अलावा सहस्त्रबाहु मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, तेली मंदिर 14वीं सदी की गुफाएं भी यहां आकर देख सकते हैं। इसके साथ ही जहांगीर महल, कर्ण महल, विक्रम महल और शाहजहां महल भी बहुत ही खास है। किला दो भाग में बंटा है। मुख्य किला और महल (गुजारी महल और मान मंदिर महल)। इन किलों का निर्माण राजा मान सिंह ने करवाया था। हेरिटेज साइट होने की वजह से यह किला पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। लेकिन नवंबर से मार्च का महीना किले को घूमने के लिए है बेस्ट। जब न तो बहुत गर्मी होती है न ही ठंड। आराम से किले की हर एक जगह को एक्सप्लोर किया जा सकता है। हवाई मार्ग-शहर से 8 किमी की दूरी पर स्थित है ग्वालियर एयरपोर्ट। जहां हमेशा टैक्सी और बसों की सुविधा मौजूद रहती है।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिरौली का दबदबा, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर शैक्षिक सत्र 2026-27 की ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कृष्ण यादव और खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें न्याय पंचायत स्तर पर विजेता रहे छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से राज और बालिका वर्ग से दिव्या प्रथम रहे। 100 मीटर दौड़ में धर्मेंद्र कुमार और अनामिका ने बाजी मारी, जबकि 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से धर्मेंद्र प्रथम रहे। खो-खो और कबड्डी में बिरौली की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग की खो-खो में बिरौली विजेता और किन्तूर उपविजेता रहा। कबड्डी के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में बिरौली ने प्रथम स्थान हासिल किया।

उच्च प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद फहीम और महिमा, जबकि 200 मीटर में शिवांशु और वैष्णवी प्रथम रहे। 400 मीटर दौड़ में मोहम्मद कैफ और सुगर बानो ने पहला स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मोहम्मद जीशान तथा गोला फेंक में भी जीशान ने बाजी मारी। बालिका वर्ग के गोला फेंक में सलोनी प्रथम रहीं। कबड्डी के बालक वर्ग में बिरौली और बालिका वर्ग में हमीदनगर की टीम विजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह में उपजिलाधिकारी अनिल सरोज ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और पढ़ाई दोनों जरूरी हैं। खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और आयोजन समिति की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर तहसीलदार सिरौलीगौसपुर सहित शिक्षक, खेल अनुदेशक और संकुल प्रभारी मौजूद रहे।

देवा मेला में नौ आतिशबाजों के बीच हुई रोमांचक प्रतियोगिता, मोहम्मद आजम रहे अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मद आजम को 25 हजार, गुलाम वारिस को 20 हजार और मोहम्मद जावेद को मिला 15 हजार रुपये का पुरस्कार

पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने विजेताओं को पुरस्कार एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित

बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के समापन अवसर पर आयोजित इको-फ्रेंडली आतिशबाजी प्रतियोगिता में नौ आतिशबाजों ने अपनी हुनरमंद कला और शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में जैदपुर एवं बाराबंकी के आतिशबाजों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा और दर्शकों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में जैदपुर के मंजर अब्बास, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद अफजल तथा बाराबंकी के गुलाम वारिस, ताज मोहम्मद, मोहम्मद कदीर, मोहम्मद आजम और मोहम्मद जावेद ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित किए गए, जिसमें मोहम्मद आजम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। वहीं जैदपुर के गुलाम वारिस द्वितीय स्थान पर रहे, जिन्हें 20 हजार रुपये तथा मोहम्मद जावेद ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 15 हजार रुपये का पुरस्कार हासिल किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती रवीना त्यागी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वहीं प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले अन्य आतिशबाजों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मेला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

पत्रकार/मीडिया बंधुओं के प्रति जताया हृदय से आभार देवा मेला-2026 को सकुशल, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के सभी सम्मानित बंधुओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

मेले की तैयारियों से लेकर आयोजन के समापन तक आप सभी ने जिस सक्रियता, तत्परता एवं सकारात्मक सहयोग के साथ मेले की गतिविधियों और जनहित से जुड़ी सूचनाओं को जन-जन तक पहुंचाया, वह सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। आपके सहयोग से देवा मेला-2026 की भव्यता, सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक महत्व को व्यापक पहचान मिली।

जिला प्रशासन की ओर से आप सभी मीडिया बंधुओं के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा है।

सादर धन्यवाद एवं आभार।??

रंग-बिरंगी आतिशबाजी और मेगा लेजर-शो की जगमगाहट के बीच देवा मेला-2026 का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इको-फ्रेंडली आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमान

उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

बाराबंकी। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 का गुरुवार की संध्या उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक वैभव के बीच भव्य समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती रवीना त्यागी ने तमाशे की बत्ती प्रज्ज्वलित कर इको-फ्रेंडली आतिशबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके साथ ही आसमान सतरंगी रोशनी से जगमगा उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी की मनमोहक छटा और मेगा लेजर-शो की आकर्षक रोशनी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा मेला परिसर दर्शकों की तालियों और उत्साह से गूंज उठा।

स्मारिका विमोचन के साथ मेले की उपलब्धियों को मिली अभिव्यक्ति

समापन समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती रवीना त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर देवा मेला-2026 की स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन से जुड़ी पूरी टीम के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि मेले को सफल, सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप प्रदान करने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि देवा मेला जैसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवाहक होने के साथ ही सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

देवा मेला-2026 के सफल आयोजन एवं सुव्यवस्थित संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती रवीना त्यागी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर आयोजन की सफलता में सामूहिक सहभागिता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना की गई। एडीएम ने प्रस्तुत की मेले की संक्षिप्त आख्या इस अवसर पर मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री निरंकार सिंह ने देवा मेला-2026 की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने मेले के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विभागीय टीमों, सहयोगियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों, सहयोग और समर्पण से दस दिवसीय मेला सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

इस प्रकार दस दिनों तक आस्था, अध्यात्म, संस्कृति, कला और मनोरंजन की विविधवर्णी छटा बिखेरने वाला ऐतिहासिक देवा मेला-2026 हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। मेले ने एक बार फिर अपनी गौरवशाली परंपरा के अनुरूप प्रेम, सद्भाव, सांप्रदायिक सौहार्द, गंगा-जमुनी तहजीब और कौमी एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों के मन में अविस्मरणीय स्मृतियां अंकित कीं। समापन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी श्री पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार श्री भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित देवा मेला समिति के सम्मानित सदस्यगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मेलार्थी उपस्थित रहे।

सवालों के घेरे में सीएमओ की सक्रियता : जिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सवालों के घेरे में सीएमओ की सक्रियता - जिला

अस्पताल पर ही क्यों तनी भृकुटी? सीएचसी पीएचसी

बदहाल, झोलाछापों पर मेहरबानी

राबंकी।बुधवार सुबह 8:30 बजे सीएमओ डॉ. रंजन गौतम का जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण, बाहर की दवा पर कार्रवाई की चेतावनी, ट्रामा सेंटर को रेफर सेंटर बताना... सब कुछ ठीक लगता है। पर एक सवाल पूरे जिले में गूंज रहा है - जब पूरा जनपद बीमार है, तो इलाज सिर्फ जिला अस्पताल का ही क्यों हो रहा है?

रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय - जो अभाव में भी जिले का बोझ उठा रहा है

सच्चाई यह है कि अभावों के बावजूद जिलावासियों को बेहतर सुविधा अगर कहीं मिल रही है, तो वह मयही जिला अस्पताल है। डॉक्टर कम हैं, स्टाफ कम है, सुविधाएं अधूरी हैं, फिर भी पूरे जनपद का भार इसी अस्पताल पर है।

तो फिर सीमा साहब की भृकुटी इसी अस्पताल पर क्यों तन गई?

असली बीमारी सीएचसी पीएचसी

में है, सीएमओ साहब उधर कब जाएंगे?

पूरे जनपद के अस्पतालों में डॉक्टर नहीं मिलते। सीएम ओ के अधीन आने वाले सीएचसी पीएचसी पर रात में डॉक्टर निवास ही नहीं करते, जबकि लाखों की लागत से उनके लिए आवास बनाए गए हैं। आवास खाली, अस्पताल खाली, और मरीज भाग रहा है बाराबंकी शहर की ओर।

पीएचसी सीएचसी

की सेवाएं इतनी कमजोर हैं कि गांव-कस्बे का आदमी छोटे इलाज के लिए भी जिला अस्पताल आ रहा है।

- निंदूरा में आरोग्य मंदिरों पर ताले

- घुंघटेर, बैनाटीकरहार, चकिया में सीएचओ के पद खाली

- रात में पीएचसी पर ताला, डॉक्टर गायब

जब पीएचसी बंद होगा तो भार जिला अस्पताल पर ही पड़ेगा। फिर ट्रामा सेंटर रेफर सेंटर नहीं बनेगा तो क्या बनेगा?

निजी अस्पतालों पर क्यों नहीं पड़ता छापा जिला मुख्यालय से लेकर गांव-कस्बे तक तमाम निजी अस्पताल, नर्सिंग होम धड़ल्ले से चल रहे हैं। कई तो ऐसे हैं जिनके संचालक ही आरोग्य (झोलाछाप) हैं। दूसरे नामचीन डॉक्टर की नेमप्लेट टांगकर कोठरियों में अस्पताल संचालित हो रहे हैं। न मानक, न पंजीकरण, न स्टाफ - बस लूट।

इन पर सीएमो की सक्रियता कब दिखेगी? इन पर औचक निरीक्षण कब होगा?

जन मानस पूछ रहा है

1. जिला अस्पताल के डॉक्टरों को चेतावनी देने से पहले सीएचसी,पीएचसी के डॉक्टरों की रात की ड्यूटी कब चेक होगी?

2. बाहर की दवा लिखने पर कार्रवाई होगी, तो अस्पताल में दवा की सप्लाई पूरी कब होगी?

3. झोलाछाप नर्सिंग होम पर ताला कब लगेगा? सीएमओ की सक्रियता अच्छी है, पर वह सिर्फ जिला अस्पताल तक सीमित न रहे। अगर सच में व्यवस्था सुधारनी है तो छापा जिला अस्पताल से शुरू होकर गांव के पीएचसी और शहर के फर्जी नर्सिंग होम तक जाना चाहिए।

वरना जनता यही कहेगी - जो काम कर रहा है, उसी पर डंडा चल रहा है, जो भाग रहा है, वह मौज कर रहा है।

दीवाली से 2 दिन पहले निंदूरा में रोजगार सेवकों को 'प्रतिकूल पत्र' का तोहफा - योगी सरकार बांटे बोनस, बीडीओ दे रहे नोटिस, भड़के सेवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। जहां प्रदेश की योगी सरकार दीपावली पर अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन, बोनस देकर खुशियां बांट रही है, वहीं निंदूरा ब्लॉक में ग्राम रोजगार सेवकों को त्योहार से ठीक दो दिन पहले प्रतिकूल पत्र थमा दिया गया। खंड विकास अधिकारी निंदूरा की ओर से कम मानव दिवस सृजन को लेकर जारी इस पत्र के बाद पूरे ब्लॉक के रोजगार सेवकों में भारी नाराजगी है।

''सिर्फ रोजगार सेवक ही दोषी क्यों''..? संगठन के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी ने सीधा सवाल दागा - ''मानव दिवस सृजन में ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव और बीडीओ की भी भूमिका होती है। तो फिर पत्र सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को ही क्यों?'' उन्होंने कहा कि शासन से बिना किसी पत्र के इस तरह प्रतिकूल पत्र जारी करना पूरी तरह अनुचित है। ''मानदेय पहले से अटका, अब प्रतिकूल पत्र से कटौती का डर'' अमरेंद्र अवस्थी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय समय से मिलता ही नहीं। महीनों से मानदेय लंबित है, घर में दीवाली मनाने के पैसे नहीं हैं, ऊपर से प्रतिकूल पत्र जारी कर दिया गया। इससे मानदेय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

''त्योहार पर खुशियां बांटने की जगह हमारे पेट पर लात मारी गई है।''

''दीवाली बाद होगा आंदोलन''

संगठन ने साफ कर दिया - कर्मचारियों की मेहनत और अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

''जिला अध्यक्ष ने ऐलान किया'' - ''दीपावली के बाद संगठन आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी समस्याओं को शासन तक पहुंचाएगा।''

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी, संगठन मंत्री दीपू वर्मा, निंदूरा ब्लॉक महामंत्री त्रिभुवन, मनोज, अखिलेश, राजकिशोर, बलराम, विजय सहित तमाम ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

सवाल - जब जिम्मेदारी सबकी है, तो सजा सिर्फ सेवकों को क्यों.?

प्रतापगंज रजबहा की मरम्मत में मानकों की अनदेखी आरोप, बाहरी टीम से जांच की मांग

सफदरगंज बाराबंकी। मसौली ब्लॉक के अंतर्गत जैदपुर थाना क्षेत्र में अकबरपुर-धनेठी के पास प्रतापगढ़ रजबहा नहर पर कराए जा रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम नारायण वर्मा ने नहर के पुल के किनारे निर्माण में घटिया ईंट और मानकविहीन मसाले के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

आरोप है कि निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब है। शिकायत के बाद जेई हरीश वर्मा ने ठेकेदार को काम बंद करने के निर्देश दिए, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। खड़ंजा लगाने के बाद तत्काल मिट्टी डालकर ईंटों को ढक दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है, ताकि उनकी गुणवत्ता सामने न आ सके। प्रेम नारायण वर्मा ने नहर विभाग के अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की उम्मीद न जताते हुए जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की जांच नहर विभाग से अलग पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और स्वतंत्र तकनीकी टीम से कराई जाए। उन्होंने ईंटों और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत और कमीशनखोरी के चलते निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी हो रही है।

इंजी.अभिनव का आगमन कोटवा सड़क में हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े अभिनव सिंह पाल ने भारत सरकार के उपक्रम नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) में जूनियर इंजीनियर पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। पहली बार गृह जनपद पहुंचने पर कोटवा सड़क में उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



हैदरगढ़ तहसील के पूरे मंसूर, धनोरा निवासी राजबक्श सिंह पाल के पुत्र अभिनव के स्वागत में पिता भावुक हो उठे। उन्होंने बेटे को गले लगाकर माला पहनाई और मिठाई खिलाई। ग्रामीणों ने भी इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। अभिनव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और ग्रामीणों के सहयोग को देते हुए कहा कि वह आगे भी मेहनत कर देश की सेवा करेंगे।

रिया सिंह ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण साक्षी ने रिले दौड़ में हासिल किया कांस्य



सुल्तानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। गाजियाबाद में विद्या भारती की ओर से आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा रिया सिंह ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

वहीं विद्यालय की एक अन्य छात्रा साक्षी सिंह ने बाल वर्ग की 10ठ4 मीटर रिले दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। दोनों छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं की उपलब्धि पर विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद, सह संगठन मंत्री डॉ. राममनोहर, काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता से लौटने पर रिया सिंह का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पवन सिंह, प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी और शिक्षकों ने घोष यंत्रों की धुन के बीच उनका अभिनंदन किया। रिया सिंह लंभुआ क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी रीना सिंह और राकेश सिंह की पुत्री हैं। उनकी सफलता पर क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने भी प्रसन्नता जताई।

लोधेश्वर महादेवा मंदिर में बिजली के तार की चपेट में आकर श्रद्धालु झुलसा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीलोधेश्वर महादेवा मंदिर में गुरुवार सुबह बिजली के लटकते तार की चपेट में आकर श्रद्धालु अंजनी कुमार अवस्थी निवासी मंझौनी झुलस गए। परिजन उन्हें सीएचसी रामनगर ले गए, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक बिजली का तार एक दिन पहले से टूटा हुआ लटक रहा था, लेकिन मंदिर प्रबंधन ने उसे ठीक कराने की सुध नहीं ली। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान बिजली मरम्मत करते समय एक मिस्त्री की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद मंदिर परिसर में विद्युत सुरक्षा के इंतजाम दुरुस्त नहीं हुए। घटना के बाद मंदिर प्रबंधन और मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

जमानत के बाद घर नहीं पहुंचा युवक, हाईवे किनारे झाड़ियों में मिला शव

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क दुर्घटना के मामले में जमानत कराने के बाद घर के लिए निकले 38 वर्षीय युवक का शव गुरुवार सुबह लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाऊली चौराहे के निकट झाड़ियों में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान असंद्रा थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी अमित कुमार (38) पुत्र उमानाथ के रूप में हुई। वह अपने मामा उमाशंकर दुबे की स्कॉर्पियो चलाता था। करीब तीन माह पहले भीखरपुर मोहम्मदपुर के पास स्कॉर्पियो से हुए हादसे के मामले में वह वांछित था। बुधवार को अमित अपने मामा और बाबा के साथ बाराबंकी न्यायालय में जमानत कराने आया था। जमानत होने के बाद वह लापता हो गया। गुरुवार सुबह उसका शव झाड़ियों में पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आधार कार्ड से शव की पहचान हुई है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, अज्ञात कार चालक पर मुकदमा

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के कटियारा गांव के पास स्विट डिजायर कार की टक्कर से घायल 21 वर्षीय विष्णु वर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई। 24 अक्टूबर की सुबह शौच के बाद घर लौटते समय हाईवे-927 पर कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी रामनगर ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर लखनऊ ले जाया गया, लेकिन सुधार नहीं हुआ। बाद में जिला अस्पताल बाराबंकी लाने पर 25 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता राजेश की तहरीर पर रामनगर पुलिस ने चार नवंबर को अज्ञात स्विट डिजायर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लाइसेंसी बंदूक से गोली लगने पर 38 वर्षीय युवक की मौत, कमरे के बाहर मिला शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के अलादासपुर मजरे चौरी अलादासपुर में बुधवार देर रात गोली लगने से 38 वर्षीय अनुपम कुमार सिंह उर्फ राजन की मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों को वह खून से लथपथ बरामदे में पड़ा मिला। पास में ही उसकी लाइसेंसी बंदूक पड़ी थी। परिजनों के मुताबिक, अनुपम ने रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। रात करीब तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन बाहर निकले तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ लाइसेंसी बंदूक कब्जे में ले ली है। परिजनों के अनुसार, अनुपम पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में था और बीमार भी चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



विराट के 38वें जन्मदिन पर बीसीसीआई ने दी बधाई

रैना बोले- किंग हमेशा किंग ही रहता है

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज गुरुवार को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। वर्ष 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली आज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार हैं। अपनी दमदार बल्लेबाजी, जबरदस्त फिटनेस और मैदान पर कभी हार न मानने वाले जज्बे के दम पर उन्होंने क्रिकेट जगत में अलग पहचान बनाई है। विराट कोहली फिलहाल भारतीय टीम के साथ ऑकलैंड में हैं। जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार 74 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। 38 वर्ष की उम्र में भी कोहली का जुनून और रनों की भूख बरकरार है। वह दुनिया के सबसे फिट




खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। कोहली के जन्मदिन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय क्रिकेट जगत के पूर्व खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खास अंदाज में उन्हें बधाई दी। बोर्ड ने लिखा, ''566 अंतरराष्ट्रीय मैच और गिनती जारी है, 28,601 अंतरराष्ट्रीय रन और गिनती जारी है, 86 अंतरराष्ट्रीय शतक और गिनती जारी है। आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2011, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और 2025 तथा आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के विजेता। इस खेल को गौरवान्वित करने वाले सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक विराट कोहली को जन्मदिन की बधाई। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''जन्मदिन मुबारक हो, किंग कोहली। शानदार कवर ड्राइव से लेकर यादगार रन चेज तक आपने क्रिकेट प्रशंसकों को अनगिनत यादें और भावनाएं दी हैं। आपका जुनून, लड़ने का जज्बा और जीतने की भूख आपको वाकई खास बनाती है। आपको बल्लेबाजी करते देखने का अनुभव हमेशा शानदार रहा है। ऐसे ही प्रेरित करते रहें, जीतते रहें और भारत को गौरवान्वित करते रहें। जो एक बार किंग है, वह हमेशा किंग ही रहता है।'' पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कोहली को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''जन्मदिन मुबारक हो, विराट कोहली। खेल के प्रति आपका जुनून, लगन और प्यार लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है। आने वाला साल आपके लिए शानदार रहे, भाई।'' पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज और कोहली के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व साथी दिनेश कार्तिक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ''हर साल वही जोश। 38 की उम्र में इतने फिट पहले कभी नहीं दिखे। जन्मदिन मुबारक हो, विराट।'' कोहली की आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी खास अंदाज में उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं तन्वी

एजेंसी

डकार (सेनेगल)। भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की 15 वर्षीय तन्वी ने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी। 54 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक के लिए होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। तन्वी ने इससे पहले थाईलैंड की कुंगकाएव कनानिक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था। अब उनके पास स्वर्ण पदक जीतकर अपने यादगार अभियान को ऐतिहासिक बनाने का सुनहरा मौका है। फाइनल में उनका सामना



चीन की यी शिन झांग से होगा, जो मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन हैं। तन्वी और झांग के बीच अब तक केवल एक बार भिड़ंत हुई है। इस साल एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने आई थीं, जहां तन्वी को कड़े संघर्ष के बाद 18-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा था। युजुनो के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला तन्वी के धैर्य और मानसिक मजबूती की कड़ी परीक्षा साबित हुआ। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी और किसी ने भी आसानी से हार नहीं मानी। तन्वी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए पहला गेम 21-14 से अपने नाम किया। जापानी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-11 से जीत लिया और मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबला लगातार उतार-चढ़ाव से गुजरता रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में तन्वी ने गजब का संयम दिखाया। उन्होंने 21-19 से तीसरा गेम जीतकर यादगार जीत दर्ज की। तन्वी की यह उपलब्धि युवा ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन की बढ़ती पहचान का एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। इससे पहले 2010 में सिंगापुर में आयोजित पहले युवा ओलंपिक में एचएस प्रणय ने रजत पदक जीता था। 2018 में ब्यूनस आयर्स युवा ओलंपिक में लक्ष्य सेन उपविजेता रहे थे। आदित्य जोशी ने 2014 में पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचने के बाद पहले ही मुकाबले में हारे ज्वेरेव, जोकोविच भी पेरिस मास्टर्स से बाहर

एजेंसी

पेरिस। पुरुष टेनिस में विश्व नंबर एक की कुर्सी संभालने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव का शीर्ष रैंकिंग पर सफर हार के साथ शुरू हुआ। ज्वेरेव को बुधवार को पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में इटली के लोरेंजो मुसेटी के हाथों 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार से निराश जर्मनी के ज्वेरेव ने अपनी खराब प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए कहा, ''हां, मैं खराब खेला। पिछले कुछ महीनों में शायद यह मेरे सबसे खराब मुकाबलों में से एक था। ज्वेरेव के बाद रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफायर खिलाड़ी रिंकी हिजिकाता ने 2-6, 6-3, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। सात बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने अमेरिका के एलेक्स



मिशेलसन को 7-6, 6-3 से हराया। लगातार छठी जीत दर्ज करने वाले 23 वर्षीय अल्कराज के सामने अगले दौर में माटेओ बेरेटिनी की चुनौती होगी। दसवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने हिजिकाता के खिलाफ मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में दबदबा बनाए रखा। हालांकि, दूसरे सेट में 3-3 की बराबरी के बाद वह लगातार तीन गेम गंवा बैठे। तीसरे सेट की शुरुआत में वह अपने सहयोगी स्टाफ पर नाराजगी जताते नजर आए। इसके बाद सातवें गेम में उनकी सर्विस टूट गई।

डब्ल्यूटीए के अंतिम आठ में पहुंचीं माया का लक्ष्य खेलों पर ध्यान बनाये रखना

एजेंसी

चेन्नई। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि के महत्व से भलीभांति परिचित हैं लेकिन वह इस सफलता से उत्साहित होकर अपने लक्ष्य से भटकने के बजाय खेल पर ध्यान केंद्रित रखना चाहती हैं। सत्रह वर्षीय माया ने बुधवार को यहां चेन्नई ओपन में डब्ल्यूटीए टूर स्तर की एकल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर 2012 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पहले यह कारनामा दिग्गज सानिया मिर्ज़ा ने किया था। सानिया ने फरवरी 2012 में पटाया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की थी। विश्व रैंकिंग में 669वें स्थान पर काबिज माया ने दूसरे दौर के



मुकाबले में पोलैंड की क्वालीफायर खिलाड़ी वेरोनिका फाल्कोव्स्का (विश्व रैंकिंग 277) को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। चेन्नई ओपन के पिछले दो सत्रों में कोई भी भारतीय खिलाड़ी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकी थी। ऐसे में माया की यह जीत और भी खास हो गई है। कम उम्र में अचानक सुर्खियों में आना किसी भी खिलाड़ी के लिए अवसर के साथ चुनौती भी लेकर आता है। ऐसी उपलब्धि के बाद मिलने वाली प्रशंसा जहां खिलाड़ी को आगे बढ़ने का हौसला देती है, वहीं उससे ध्यान भटकने का खतरा भी रहता है। माया इसे खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा मानती हैं। उनका मानना है कि भारतीय महिला टेनिस को नये आदर्शों की जरूरत है और ऐसे में खिलाड़ियों को मिलने वाली पहचान काफी मायने रखती है। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद माया ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह किसी भी खिलाड़ी के करियर का हिस्सा है। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें करना जरूरी होता है और मदद मिलना हमेशा अच्छा लगता है। पहचान मिलना भी सुखद होता है। भारत जैसे देश में किसी खिलाड़ी को पहचान मिलना निश्चित रूप से बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा, '' इसके लिए सब कुछ आपके खेल पर निर्भर करता है। आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उससे सीखते हैं और वही हासिल करते हैं जो आप चाहते हैं। कोयंबतूर की इस युवा खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दूर थीं। खासकर उनकी सर्विस उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। इसके अलावा प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के आक्रामक रिटर्न ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ाईं। माया ने कहा, ''जीत हासिल करके खुश हूं। मेरा प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। पिछले दौर में मेरा खेल इससे बेहतर था, लेकिन खुशी है कि मैंने जीत के रास्ते तलाश लिए। उन्होंने कहा, ''फाल्कोव्स्का काफी आक्रामक रिटर्न लगा रही थीं और हर गेंद पर दमदार प्रहार कर रही थीं। इसलिए मैंने खुलकर खेलने, सही जगहों पर शॉट लगाने और अधिक से अधिक शॉट को अंक में बदलने की कोशिश की। माया की इस उपलब्धि के पीछे बदलावों से भरा एक पूरा सत्र रहा है। वह जूनियर टेनिस के साथ-साथ पेशेवर सर्किट में भी लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ा रही हैं।

विलियम्स को पहली बार एफ-वन चैंपियन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एलन जोन्स का निधन

सिडनी। विलियम्स टीम को पहली बार फॉर्मूला-वन (एफ-वन) विश्व चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज एलन जोन्स का निधन हो गया। उनके परिवार ने बृहस्पतिवार को उनके निधन की पुष्टि की। 1980 के फॉर्मूला-वन विश्व चैंपियन जोन्स 80 वर्ष के थे। वह कुछ समय से बीमार थे। उनकी पत्नी अमांडा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा, ''हमें एलन के निधन की खबर देते हुए बेहद दुख हो रहा है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। परिवार के करीबी लोगों के साथ-साथ उन तमाम प्रशंसकों के दिलों में भी उनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगी, जिनके प्यार और समर्थन के लिए वह सदैव आभारी रहे। 'ऑस्ट्रेलियन मोटरस्पोर्ट' हॉल ऑफ फ़ेम और 'स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया' हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल जोन्स फॉर्मूला-वन विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ड्राइवर थे। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के किसी ड्राइवर ने इस खिताब को नहीं जीता है।

रीयल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में दर्ज की जीत, लीवरपूल को फ़ेनरबाशे ने हराया

एजेंसी

मैड्रिड। फ़ेडेरिको वाल्वरडे के निर्णायक गोल की बदौलत रीयल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एक बार फिर आखिरी क्षणों में बाजी पलटते हुए बुधवार को एईके एथेंस को 3-2 से हराया। लीवरपूल को रोमांचक मुकाबले में फ़ेनरबाशे के हाथों 2-3 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने भी दो बार बढ़त गंवाने के बाद आरबी लाइपजिग को इसी अंतर से 3-2 से हराया। तो वहीं कोमो ने लेंस को 9-1 से रौंदकर बड़ी जीत दर्ज की। पिछले सत्र की उपविजेता आर्सेनल ने स्लाविया प्राग को 2-1 से शिकस्त दी। रिकॉर्ड 15 बार की यूरोपीय चैंपियन रीयल मैड्रिड लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ इस सत्र में चार मैचों के बाद शत-प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड कायम रखने वाली दूसरी टीम बन गई। मैड्रिड को ऑल्विन



एरिना में एईके एथेंस के खिलाफ दो बार पिछड़ना पड़ा, लेकिन वाल्वरडे ने 92वें मिनट में लंबी दूरी से शानदार गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मैड्रिड ने पिछले महीने रोमा के खिलाफ भी आखिरी समय में 4-3 से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में टीम ने अंतिम 10 मिनट में तीन गोल किए थे एईके की ओर से अबूबाकरी कोइटा ने पहले हाफ में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। जूड बेलिंघम ने बैकहील से गोल कर मैड्रिड को बराबरी दिला दी। मैच के 75वें मिनट में स्तावरोस पिलियोस ने मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही किलियन एमबापे ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद एमबापे का एक शॉट क्रॉसबार से टकराया, जबकि वाल्वरडे ने इंजरी टाइम में निर्णायक गोल कर दिया। लीवरपूल ने फ़ेनरबाशे के खिलाफ दोनों हाफ में बढ़त बनाई, लेकिन उसे बरकरार रखने में नाकाम रहा। अंततः उसे इस सत्र की चैंपियंस लीग में पहली हार का सामना करना पड़ा। ट्रे न्योनी और अलेक्जेंडर इसाक ने लीवरपूल के लिए गोल किये जबकि मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व स्ट्राइकर मेसन ग्रीनवुड और आर्ची ब्राउन ने फ़ेनरबाशे को बराबरी दिला दी। मैच 89वें मिनट में वेदात मुरिकी ने निर्णायक गोल दागकर फ़ेनरबाशे को 3-2 से जीत दिला दी। एर्लिंग हालांड ने आरबी लाइपजिग के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से जीत दिलाई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हालैंड ने मैच के 78वें मिनट में टीम को निर्णायब बढ़त दिलाई।

त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से करारी शिकस्त देकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। ऑफ स्पिनर संदीप सरकार और तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने सात विकेट साझा कर त्रिपुरा की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। त्रिपुरा ने 342 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही सौराष्ट्र को 208 रन पर आउट कर अपने क्रिकेट इतिहास की यादगार जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने पिछले वर्षों में एलीट ग्रुप में हिमाचल प्रदेश और गोवा के खिलाफ भी जीत दर्ज की थी। सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत में सात विकेट पर 131 रन से आगे खेलना शुरू किया। अनुभवी अर्पित वासवदा और चेतन सकारिया की कोशिश टीम को मुश्किल से निकालने की थी, लेकिन दिन के पहले ही ओवर में अभिजीत ने सकारिया को पवेलियन भेजकर सौराष्ट्र की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। इसके बाद वासवदा (89 रन, 189 गेंद) और नील पंड्या (नौ रन, 63 गेंद) ने नौवें विकेट के लिए 59 रन जोड़कर सौराष्ट्र की हार को कुछ देर के लिए टाला। अभिजीत ने पंड्या को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वासवदा ने 122 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा करते हुए एक छोर संभाले रखा। वह त्रिपुरा के कप्तान मणिशंकर मुरासिंह के सटीक थ्रो रन आउट हुए जिससे सैराष्ट्र की पारी समाप्त हो गयी। चार मुकाबलों में यह त्रिपुरा की पहली जीत है। इस सफलता के साथ टीम छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। पिछले मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ पारी की बड़ी हार झेलने के बाद पूर्व चैंपियन जैसी मजबूत टीम को शिकस्त देना त्रिपुरा की उपलब्धि को और खास बनाता है। सौराष्ट्र चार मैचों में 13 अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए राशिद को करना होगा इंतजार, फिटनेस बनी बाधा



एजेंसी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान टीम के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान अभी भी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। पीठ की चोट और फिटनेस संबंधी चिंताओं के चलते अफगानिस्तान की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी टेस्ट मैच खेलने से बचने की सलाह दी है। अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले स्पष्ट किया कि पूरी तरह फिट होने के बाद ही राशिद टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे। राशिद खान ने अपने करियर में अब तक केवल छह टेस्ट मैच खेले हैं, जबकि सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों (वनडे और टी-20) में उनके नाम 245 से अधिक मैच दर्ज हैं। पीठ की चोट और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण वह हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वह अफगानिस्तान टीम के अहम खिलाड़ी बने हुए हैं। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार रहमत शाह ने कहा कि राशिद को लेकर टीम के मेडिकल स्टाफ और फिजियो ट्रेनरों ने सलाह दी है कि उन्हें अभी टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहिए, क्योंकि वह अभी इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं।

रहमत ने कहा कि हम सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए राशिद को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राशिद खुद भी टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं। हालांकि, अगर उनका शरीर इसकी अनुमति नहीं देता और डॉक्टरों तथा मेडिकल टीम की रिपोर्ट भी इसकी इजाजत नहीं देती, तो हम कोई जोखिम नहीं लेंगे। अफगानिस्तान के कप्तान ने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजों पर पड़ने वाले शारीरिक दबाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राशिद को पीठ की समस्याओं का पुराना इतिहास रहा है, इसके लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी है। रहमत ने कहा कि वह हमारे मुख्य स्पिनर हैं। अगर वह टीम में शामिल होते हैं, तो लंबी साझेदारी के दौरान मुझे निश्चित रूप से उनसे लगातार गेंदबाजी कराने की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों में उन पर काफी बोझ होगा, क्योंकि छोटे फॉर्मेट में खेल सिर्फ तीन घंटे का होता है और एक गेंदबाज को केवल चार ओवर ही फेंकने होते हैं, लेकिन टेस्ट में जिम्मेदारी और शारीरिक दबाव काफी ज्यादा होता है। राशिद के फिजियो के अनुसार, उन्हें अपने वर्कलोड को मैनेज करना होगा, क्योंकि उन्हें पहले पीठ की चोट रह चुकी है। हालांकि, रहमत शाह ने साफ किया कि राशिद खान भविष्य में अफगानिस्तान की टेस्ट टीम की योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने राशिद और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के साथ व्यक्तिगत रूप से इस बारे में बातचीत की है। जैसे ही वह पूरी तरह फिट हो जाएंगे और खेलने के लिए 100 प्रतिशत तैयार होंगे, निश्चित रूप से टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे।

टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने कर्नाटक में सेकी के लिए 300 मेगावाट की परियोजना शुरू की

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कर्नाटक के कोप्पल में भारतीय सौर ऊर्ज़ा निगम (एसईसीआई) के लिए 300 मेगावाट की सौर ऊर्ज़ा परियोजना शुरू कर दी है। कंपनी के बयान के अनुसार, टीपीआरईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टीपी सौर्य इस परियोजना पर काम करेगी। परियोजना शुरू होने के बाद इससे सालाना 81 करोड़ यूनिट (एमयू) नवीकरणीय ऊर्ज़ा पैदा होने की उम्मीद है। इससे हर साल अनुमानित 1,03,820 टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी और स्वच्छ ऊर्ज़ा की ओर बदलाव को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना से भारतीय सौर ऊर्ज़ा निगम (एसईसीआई) को नवीकरणीय बिजली की आपूर्ति की जाएगी। परियोजना स्थल पर काम करने वाले



कर्मचारियों में करीब 40 प्रतिशत यानी 16 महिला पेशेवर हैं। कंपनी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भारत के नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र में तकनीकी और नेतृत्व संबंधी पदों पर उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। इस परियोजना के जुड़ने के साथ टीपीआरईएल की कुल नवीकरणीय ऊर्ज़ा उपयोगिता क्षमता बढ़कर 12 गीगावाट हो गई है। इसमें से करीब 7.2 गीगावाट क्षमता चालू है। इसमें 5.8 गीगावाट सौर ऊर्ज़ा और 1.3 गीगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता शामिल है, जबकि करीब 4.9 गीगावाट क्षमता विभिन्न चरणों में क्रियान्वयन के अधीन है।

कोयला गैसीकरण से पांच से सात साल में विदेशी मुद्रा में 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है: अधिकारी

एजेंसी

पणजी। कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोयला गैसीकरण परियोजनाओं से आयात के विकल्प तैयार होने के बाद अगले पांच से सात वर्षों में भारत को विदेशी मुद्रा में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। दत्त ने दक्षिण गोवा में खनन एवं कोयला क्षेत्र में सुधारों पर आयोजित खनन मंत्रियों के चौथे सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दो योजनाओं के तहत 46,000 करोड़ रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि देने की प्रतिबद्धता जताई है। अधिकारी ने कहा कि जिम्मेदार खनन कंपनियों के लिए ''विवेक के साथ खनन'' मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोयला गैसीकरण में कोयले को कृत्रिम गैस



(सिनगैस) में बदला जाता है। इससे ऐसे कई उत्पादों का विनिर्माण किया जा सकता है, जिनका भारत फिलहाल बड़ी मात्रा में आयात करता है। दत्त ने कहा, ''यदि कोयला गैसीकरण परियोजनाएं शुरू होती हैं और बड़े पैमाने पर विकसित होती हैं, तो हम अगले पांच से सात वर्षों में आयात के विकल्प तैयार करके विदेशी मुद्रा में संभावित रूप से करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में सफल होंगे। अधिकारी ने कोयला उत्पादक राज्यों से इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए अनुकूल नीतियां लाने का आग्रह किया और कहा, ''कोयला गैसीकरण औद्योगिक विविधीकरण और क्षेत्रीय विकास का एक माध्यम बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि कोयला गैसीकरण के जरिये मेथनॉल, एथनॉल, विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाला अमोनियम नाइट्रेट और प्रत्यक्ष अपचयन लौह (डीआरआई) आधारित इस्पात उत्पादन के लिए जरूरी कच्चे माल का विनिर्माण किया जा सकता है। दत्त ने बताया कि ओडिशा और महाराष्ट्र पहले ही कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन नीतियां लागू कर चुके हैं। ओडिशा के अंगुल जिले और महाराष्ट्र के चंद्रपुर क्षेत्र में समूहों के रूप में परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। उन्होंने झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे कोयला समृद्ध राज्यों से भी निवेशकों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे परियोजनाएं आकर्षित करने और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ संसाधन संपन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

किसानों के खेतों से सौर ऊर्ज़ा उद्योग को मिलेगा 116 गीगावाट का बाजार

एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का कृषि क्षेत्र सौर ऊर्जा उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनियों के लिए बड़ा बाजार बन सकता है। भारतीय सौर विनिर्माता संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के कृषि क्षेत्र में 116 गीगावाट अतिरिक्त सौर मॉड्यूल की मांग पैदा होने की संभावना है। इसमें बिजली से चलने वाले सिंचाई पंपों से 100 गीगावाट और डीजल से चलने वाले पंपों से 16 गीगावाट की मांग का अनुमान लगाया गया है। हालांकि, भूजल संकट वाले क्षेत्रों में लगे डीजल पंपों को इस अनुमान में शामिल नहीं किया गया है।

पावरिंग द फार्म्स, बिल्डिंग द फैक्ट्री' नाम से जारी इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकार की ओर से सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के प्रयासों से किसानों को पारंपरिक बिजली और डीजल पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही देश में सोलर पैनल और अन्य उपकरणों के घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में करीब 2.3 करोड़

❐ सोलर पंपों से बढ़ेंगे रोजगार और घरेलू विनिर्माण के अवसर -



सिंचाई पंप हैं। इन पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की योजना लंबे समय तक सोलर मॉड्यूल बनाने वाली भारतीय कंपनियों के लिए मांग का बड़ा स्रोत बन सकती है। इस अवसर को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है। 2 नवंबर को भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट में जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में पीएम-कुसुम के तहत रिकॉर्ड 7.6 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़ी गई। वहीं, जुलाई 2026 तक 28 लाख से अधिक सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका था। रिपोर्ट के अनुसार, देश की कुल बिजली खपत में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 17.88 प्रतिशत है। वहीं, बिजली वितरण कंपनियों की ओर से कृषि क्षेत्र को दी जाने वाली बिजली पर सब्सिडी का बोझ वित्त वर्ष 2019-20 के 1.21 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 2.41 लाख करोड़ रुपये हो गया है। आईएसएमए के महासचिव अमित मनोहर ने कहा कि पीएम-कुसुम योजना ने कृषि विकास और घरेलू सौर विनिर्माण को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि क्षेत्र से 116 गीगावाट अतिरिक्त सोलर मॉड्यूल की संभावित मांग भारतीय कंपनियों के लिए बड़ा अवसर है। हालांकि, इसके लिए सरकार की ओर से लगातार नीतिगत समर्थन, घरेलू उपकरणों की अनिवार्यता और परियोजनाओं की नियमित उपलब्धता जरूरी होगी।

प्रतिभावान युवाओं को आज भरोसा है कि देश उनके साथ है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार खेलों को विशेष प्राथमिकता दे रही है। आज भारत की ओर से प्रतिनिधित्व में कमी के कारण उपेक्षित रहे खेलों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। हमारे पैरा स्पोर्ट्स इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियाई पैरा गेम्स 2026 में भाग लेने वाले भारतीय दल के साथ बातचीत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पैरा एथलीटों की प्रशंसा की और देशवासियों की ओर से उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि 2010 के पैरा एशियन खेलों में भारत ने बस 1 स्वर्ण और कुल 14 पदक जीते थे। इस बार यह आंकड़ा 114 है। यह यात्रा खिलाड़ियों के परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा, आज के दौर में यदि किसी युवा को अपनी प्रतिभा पर भरोसा है तो उसे यह विश्वास भी होता है कि पूरा देश उसके साथ खड़ा है। पैरा स्पोर्ट्स इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। अपनी सरकार के हाल ही में दिव्यांगजन की पेंशन बढ़ाए जाने के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने पेंशन के साथ दिव्यांगता का मानक 80 प्रतिशत से 40 प्रतिशत कर दिया है। पहले पेंशन के लिए 18 वर्ष की आयु होना जरूरी था। अब जन्म से ही पात्र दिव्यांग बच्चों के लिए पेंशन का



रास्ता खोल दिया गया है। पैरा खेलों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार 30 स्वर्ण, 35 रजत, 49 कांस्य के साथ 5 नए विश्व रिकॉर्ड, 9 एशियाई रिकॉर्ड भारत ने बनाए हैं। इस बार 56 महिला खिलाड़ियों में से 34 बेटियां मेडल विजेता बनी हैं। वहीं 4 स्पर्धाओं में पोडियम पर तीनों जगह भारतीय खिलाड़ी थे। प्रतियोगिता के आखिरी दिन देश ने 9 गोल्ड मेडल जीते। कार्यक्रम में एथलीट, कोच, भारतीय पैरालंपिक समिति और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल संघों के प्रतिनिधि एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल रहे।

एसआईआर का विरोध कर रही कांग्रेस ने खोया जनता का विश्वास : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

जयपुर। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं प्रमाणिक बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आवश्यक प्रक्रिया है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध कर भ्रम और दुष्प्रचार फैला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है और अब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रही है।

वैष्णव गुरुवार को जयपुर के रामलीला मैदान में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। वर्ष 1947 के बाद विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में कई बार यह प्रक्रिया अपनाई गई है। दिवंगत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थान परिवर्तन करने वाले मतदाताओं के नाम संशोधित करना और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों को दुरुस्त करना इसका आवश्यक हिस्सा है।

मतदाता सूची लोकतंत्र का मूल आधार है और निर्वाचन आयोग का दायित्व इसे त्रुटिरहित बनाना है। केंद्रीय मंत्री ने ईवीएम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके आने के बाद चुनावी व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार हुए और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। कांग्रेस केरल में ईवीएम से चुनाव जीतने पर सवाल नहीं उठाती, लेकिन अन्य अवसरों पर इसी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कांग्रेस को संसद में खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि राजनीति सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतने से चलती है। उन्होंने कहा कि अब आतंकवाद का कोई भी दुस्साहस बर्दाश्त नहीं किया जाता और सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया जाता है।

अंतरिक्ष मलबा हटाने की तकनीक विकसित करने में भारत अग्रणी: डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सक्रिय अंतरिक्ष मलबा हटाने (एक्टिव डेब्रिस रिमूवल) की दिशा में भारत की उभरती क्षमताएं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में देश के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व और पूरी मानवता के लिए सुरक्षित अंतरिक्ष वातावरण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक अंतरिक्ष को मलबा मुक्त बनाने का लक्ष्य लिया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन से वर्चुअल माध्यम से हैदराबाद में कॉसमोसर्व स्पेस की 'बेस-1' सुविधा का उद्घाटन किया। गाचीबोवली स्थित वीएसडी टेक पार्क में आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार के आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और कॉसमोसर्व स्पेस के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. चिरंजीवी फणींद्र मौजूद रहे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 14,800 वर्ग फुट में फैली बेस-1 अत्याधुनिक और व्यापक सुविधा है। यहां अंतरिक्ष रोबोट का डिजाइन, निर्माण और परीक्षण किया जाएगा। साथ ही, मिशन कंट्रोल के माध्यम से इनके संचालन की व्यवस्था भी होगी। इस केंद्र में ऑर्बिटल रेंडेजवस एवं कैप्चर लैब, स्पेस रोबोटिक्स इनोवेशन लैब, माइक्रोग्रैविटी सिमुलेशन प्लेटफॉर्म और सैटेलाइट इंटीग्रेशन क्लीन रूम जैसी विशेष सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे भारत की निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कॉसमोसर्व स्पेस की सक्रिय अंतरिक्ष मलबा हटाने और अंतरिक्ष कक्षा में सेवाएं देने (इन-ऑर्बिट सर्विसिंग) के क्षेत्र में की जा रही पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंपनी की स्थापना के एक वर्ष के भीतर जुलाई 2026 में मिशन 'एम्ब्रेस' के तहत अंतरिक्ष में सॉफ्ट रोबोटिक पेटल्स का परीक्षण किया जाना निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तेज प्रगति और तकनीकी क्षमता का प्रमाण है। कंपनी की टीम ने इसरो और गगनयान कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव को निजी क्षेत्र में सहयोगात्मक मॉडल के रूप में आगे बढ़ाया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों ने देश की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को नए अवसर दिए हैं। करीब पांच-छह वर्ष पहले शुरू हुई सुधार प्रक्रिया और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) तथा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) की स्थापना ने देश के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था बढ़कर करीब 9 अरब डॉलर हो गई है। अगले दशक में इसे 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। वहीं, देश में अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप की संख्या पहले इकाई अंक में थी।

फर्जी मतदाताओं को बचाने की कोशिश हो रही: नित्यानंद राय

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चुनाव में हार के डर से भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है। साथ ही कहा कि कांग्रेस एसआईआर का विरोध करके 13 करोड़ फर्जी मतदाताओं को बचाने में लगी हुई है। भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत सूरत में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राय ने कांग्रेस पर विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर गलतफहमियां फैला रहा है, क्योंकि उसे आगामी चुनावों में अपनी हार का डर है।

उपराष्ट्रपति ने 'नेट-जीरो' उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का किया आग्रह

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उद्योग जगत से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और शोधकर्ताओं के साथ मिलकर काम करें। ताकि भारत के 2070 तक 'नेट-जीरो' उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल सके। 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट 2026' में उन्होंने कहा कि 2070 तक हमारी बिजली की खपत लगभग सात गुना तक बढ़ सकती है, क्योंकि हम परिवहन, उद्योगों, खेती, घरों और रसोई में बिजली का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ अरब लोगों की आबादी वाले और बढ़ती आकांक्षाओं वाले देश के लिए पुरानी सोच के साथ आगे बढ़कर इस जरूरत को पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को हमारे विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हमारे शोधकर्ताओं को वास्तविक परिस्थितियों में अपने बेहतरीन विचारों को परखने का मौका मिलना चाहिए। आने वाला दशक यह तय करेगा कि दुनिया अपने जलवायु लक्ष्यों को हासिल कर पाती है या नहीं। उन्होंने बताया कि भारत का विजन 2047 तक 'विकसित भारत' का है। जब हम आजादी के 100 साल पूरे करेंगे। 2070 तक 'नेट-जीरो' उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना है। उनका मानना ??है कि कोई भी बड़ा बदलाव सिर्फ सरकार के दम पर नहीं आता। इसके लिए पढ़ाने वाले शिक्षक, सीखने वाले छात्र, निर्माण करने वाले उद्यमी और अपनी आदतें बदलने वाले नागरिकों की जरूरत होती है।

पेज एक का शेष

आपातकाल लगाने ...

जरिए कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति पर कटाक्ष किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला को 500 वर्षों तक गुलामी और तंबू में रहने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों का विरोध किया था। आज अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद त्रेतायुग की यादें जीवंत हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर भारत की सांस्कृतिक विरासत और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने दलितों और गरीबों के लिए सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लाखों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए गए हैं। गाजियाबाद में पूर्वांचल और उत्तराखंड भवन के निर्माण का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उन्हें सम्मान देकर किसानों के योगदान को मान्यता दी है। योगी ने कहा कि पहले प्रदेश की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई देते थे, लेकिन अब एक्सप्रेसवे का जाल बिछाया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है और किसानों को आर्थिक सहायता के साथ आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सरकार की योजनाओं से किसानों की स्थिति में सुधार हुआ है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री योगी ने सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस के शासनकाल पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पहले देश के जवानों पर हमले होने के बाद सरकार केवल कार्रवाई करने की बात कहती थी, लेकिन अब आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है और देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। देश में 56 करोड़ बैंक खाते खोले गए, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया और 3.30 करोड़ लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि संकट के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के साथ खड़े रहे। लोगों को मुफ्त राशन और मुफ्त टीके की सुविधा दी गई, लेकिन कांग्रेस ने इन व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कांग्रेस और सपा के नेता शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्होंने इसका विरोध किया था। उन्होंने कांग्रेस पर चुनाव आयोग, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक असफलताओं का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ने का आरोप लगाया। योगी ने दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर है और कई राज्यों में उसका राजनीतिक आधार कमजोर हुआ है। उन्होंने विपक्ष के आंदोलन को लोकतंत्र बचाने के बजाय अपने राजनीतिक परिवारों को बचाने की कोशिश बताया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के इतिहास पर सवाल उठाते हुए वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में सिख समुदाय के लोगों के साथ हिंसा हुई थी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि सपा की सरकारों के दौरान प्रदेश में कई दंगे हुए। उन्होंने उस दौर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा सरकार में अपराधियों और गुंडों का प्रभाव था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वही लोग लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं, जिनके शासनकाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की पदयात्रा लोकतंत्र और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भव्य पदयात्रा के दौरान गाजियाबाद की सड़कों पर समर्थकों और आम लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मुख्यमंत्री हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़े। रास्ते के दोनों ओर खड़े लोगों ने हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा की और नारे लगाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों, मकानों की छतों और रास्तों के किनारे मौजूद रहे। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पदयात्रा के पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी और मुख्यमंत्री के आसपास सुरक्षा का कड़ा घेरा बनाया गया था। भारी भीड़ के बावजूद पदयात्रा को सुरक्षा व्यवस्था के बीच आगे बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग काफी देर तक इंतजार करते नजर आए।

जिस निष्पक्षता...

निष्पक्षता के साथ प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि साक्ष्यों की विश्वसनीयता ही अपराधी को उसके अंजाम तक पहुंचाने और निर्दोष को सम्मान दिलाने का मजबूत आधार बनेगी। अपराधी कोई भी हो, उसे बचने का अवसर नहीं मिलना चाहिए, वहीं निर्दोष के सम्मान और अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र केवल एक व्यक्ति को नहीं मिलता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियां जुड़ी होती हैं। इन वैज्ञानिक अधिकारियों का चयन शासन की शुचिता और भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता का उदाहरण है। अभ्यर्थियों ने बताया कि उनका साक्षात्कार हुआ और उसी दिन शाम तक परिणाम घोषित कर दिया गया। न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ी, न लेन-देन हुआ और न ही किसी अनुचित तरीके का सहारा लेना पड़ा। केवल योग्यता और मेरिट के आधार पर चयन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय के मंदिर में सत्य की विजय तभी संभव है, जब पर्याप्त और विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। भारतीय न्याय दर्शन में महर्षि गौतम ने प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द प्रमाण के चार प्रकार बताए हैं। हजारों वर्ष पहले प्रतिपादित यह ज्ञान आज की फॉरेंसिक जांच व्यवस्था में भी प्रासंगिक है। कई बार पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद विवेचना में कमियों के कारण अपराधी कानून के शिकंजे से बच निकलते हैं। एक दुर्दांत माफिया का उदाहरण देते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य होने के बावजूद वह बरी हो गया था। उस समय यूपी एसटीएफ ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, लेकिन उन्हें प्रभावी ढंग से स्थापित करने में कमी रह गई। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में एक बालिका के जले हुए अवशेषों से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक अपराधी तक पहुंचने का उदाहरण देते हुए कहा कि रक्त के नमूने, उंगलियों के निशान, बाल और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य अपराध की गुत्थी सुलझाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 28 वैज्ञानिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारी-बारी से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. कुमुदिनी बाला गौतम, पवन कुमार प्रजापति, डॉ. कपिल वर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार तिवारी, रवि गुप्ता, शशांक शेखर तिवारी और डॉ अतुल कुमार सहित चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

धनतेरस से ...

हॉस्पिटल सहित कुछ शेयरों में गिरावट भी दर्ज की गई।

छह राज्यों और...

आयोग ने 15 अक्तूबर को 17 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की घोषणा की थी। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब जैसे चुनाव वाले राज्य भी शामिल हैं। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जारी है या हाल ही में पूरा हुआ है, वहां एसएसआर तत्काल शुरू नहीं किया जाएगा। इनमें आंध्र प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, नगालैंड, दिल्ली, त्रिपुरा और तेलंगाना शामिल हैं। इन क्षेत्रों के लिए अलग से कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी पुनरीक्षण का कार्यक्रम बाद में घोषित होगा, जहां एसआईआर अभी शुरू नहीं हुआ है। इन क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा।

यूजीसी के नए...

उच्चतम न्यायालय ने इसी वर्ष जनवरी में यूजीसी के नए नियमों के कुछ प्रावधानों को पहली नजर में अस्पष्ट बताते हुए उन पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायालय ने इनके दुरुपयोग की आशंका भी जताई थी। साथ ही वर्ष 2012 के पुराने नियमों को लागू रखने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि हर विद्यार्थी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सरकार से नियमों पर दोबारा विचार करने को कहा, ताकि आने वाली पीढ़ी के हितों का भी ध्यान रखा जा सके। दरअसल, उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से यूजीसी ने नए नियम बनाए थे। इन नियमों को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई थीं। इससे पहले की सुनवाई में भी सरकार और यूजीसी की ओर से नियमों पर पुनर्विचार की बात कही गई थी। अब केंद्र सरकार विशेष समिति के माध्यम से सभी मुद्दों की समीक्षा करेगी।

जंतर-मंतर हिंसा...

जनरल तुषार मेहता ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जनहित याचिका दायर करने वाले तीसरे पक्ष के लोग पीड़ितों की संख्या को लेकर दावा कर सकते हैं, जबकि वास्तविक संख्या अलग हो सकती है। वृंदा ग्रोवर ने आरोप लगाया कि हिंसा के मामले में एक भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन चलाने की अनुमति किसने दी थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं से पीड़ितों को समिति के सामने अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि उपलब्ध सामग्री के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट तैयार करे। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने स्पष्ट किया कि जांच समिति के गठन का मतलब यह नहीं है कि पुलिस अधिकारी अपने स्तर पर कार्रवाई नहीं कर सकते। यदि किसी पुलिसकर्मी की गलती सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अपनी सभी संबंधित सामग्री, वीडियो, याचिकाओं और हलफनामों की प्रतियां समिति को सौंपने की अनुमति दे दी। अदालत ने समिति को निर्देश दिया कि संबंधित पक्षों के जवाब लेकर नियमित अंतराल पर अंतरिम रिपोर्ट पेश की जाए।

संसद में हंगामा...

मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष सार्थक बहस चाहता है तो संसद के भीतर बहस करे। घुसपैठियों की पहचान करना और उन्हें हटाना भाजपा का संकल्प है, जबकि इंडिया गठबंधन घुसपैठियों की रक्षा करना चाहता है। इससे पहले मंगलवार को भी शाह ने कहा था कि सरकार एसआईआर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार है और उन्होंने विपक्ष को इस बहस में शामिल होने की चुनौती दी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं का ब्यौरा मांगते हुए कहा कि आम लोगों को नेता प्रतिपक्ष के विदेश दौरों के बारे में जानने का अधिकार है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ अभियान को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि 600 जिलों में हुई इन रैलियों की सफलता विपक्ष को करारा जवाब है। शाह ने कहा कि 2024 से राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। अपनी हार स्वीकार करने के बजाय कांग्रेस रेफरी यानी चुनाव आयोग को ही दोष देती है। शाह ने कहा कि 2024 के आम चुनावों के बाद देश की जनता ने बार-बार कांग्रेस को नकारा है। हरियाणा में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वे महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, असम और पश्चिम बंगाल में भी हार गए। भाजपा ने पुडुचेरी में भी सरकार बनाई। करनाल में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में हजारों समर्थकों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल के सांसद मनोहर लाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, पार्टी की हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी और राज्य के कई मंत्री शाह के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक तिरंगा लहराते हुए रैली का हिस्सा बने।

संसद के दोनों...

मानना चाहता। मैं खुद चुनाव मैदान में नहीं था। उन्होंने दावा किया कि मतदाताओं को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार पसंद नहीं आए। अब ट्रंप इस हार से अपना पल्ला झाड़ने और यह साबित करने में जुटे हैं कि इसके लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। हालांकि ट्रंप ने अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए धुआंधार चुनावी सभाएं कीं। समर्थकों से यहां तक अपील की कि वे उन्हें ही उम्मीदवार मानकर मतदान करें, लेकिन इसके बावजूद उनकी रिपब्लिकन पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। परिणामों की पूरी तस्वीर सामने आने से पहले ही ट्रंप ने अपने कदम पीछे खींचने शुरू कर दिए थे। चुनावी रात वह सामान्य दिनों की तुलना में कुछ अधिक विनम्र दिखाई दिए। उन्होंने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करने और चुनाव परिणामों को स्वीकार करने की बात कही। वहीं, 'द एपी वोटर पोल' के आंकड़े संकेत देते हैं कि ट्रंप खुद रिपब्लिकन उम्मीदवारों के लिए बड़ी कमजोरी साबित हुए। देशभर में केवल 10 में से चार मतदाताओं (40 प्रतिशत) ने राष्ट्रपति के रूप में उनके कामकाज को सराहा। ओहायो, आयोवा, मेन और नॉर्थ कैरोलाइना जैसे राज्यों में रिपब्लिकन उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। रिपब्लिकन पार्टी की इस करारी शिकस्त के बाद अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में डेमोक्रेटिक पार्टी का दबदबा कायम हो गया है। डेमोक्रेट्स ने सीनेट में भी उन कई सीट पर जीत दर्ज की है, जिन्हें कभी रिपब्लिकन पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता था। उन्होंने साउथ कैरोलाइना और कंसास में भी जीत हासिल की, जहां 1932 के बाद से कोई डेमोक्रेटिक सीनेटर नहीं चुना गया था। वहीं, टेक्सास में तीन दशक से अधिक समय से राज्यस्तरीय चुनावों में लगातार हार का सामना कर रहे डेमोक्रेट्स ने इस बार वहां भी जीत दर्ज की।

दिल्ली के चावड़ी बाजार इमारत हादसे में दो की मौत, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह निर्माणाधीन तीन मंजिली इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच कराने और ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने घटना स्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ गृहमंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री ने संबंधित जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को तत्काल निलंबित करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों को तत्काल अनुग्रह राशि प्रदान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीमें मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्रभावित परिवारों को तुरंत मदद पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं। हर नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि जिम्मेदारी संपत्ति मालिकों की भी है। इनमें से कई गलियां मुश्किल से दो से तीन फुट चौड़ी हैं, जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। एनडीआरएफ ने घटनास्थल पर तलाशी और बचाव अभियान चलाया। दिल्ली पुलिस के अनुसार इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है और चार घायल हैं। डीसीपी सेंट्रल रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि यहां इमारत का निर्माण चल रहा था। इस दौरान स्लैब डालते समय इमारत गिर गई। इमारत बुरी तरह धंस गई है और आसपास की इमारतों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। गिरी हुई इमारत के बगल वाली इमारत भी खतरनाक स्थिति में है। एनडीआरएफ टीम मलबे में फंसे लोगों की निकाला रही है। तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो की मौत हो गई है। बचाव अभियान जारी है। निर्माणकर्ताओं की पहचान हो गई है। हम फिलहाल उनकी तलाश कर रहे हैं। यह अवैध निर्माण कार्य यहां चल रहा था और हमने इस संबंध में नगर निगम एजेंसियों को पहले ही पत्र भेज दिया था। हम इस पर कार्रवाई कर रहे थे, लेकिन काम अभी तक नहीं रोका गया था। घटना के समय 10-15 मजदूर मौजूद थे।

कपड़ा मंत्रालय सचिव ने इटली के 'कॉन्फिंडस्ट्रिया टोस्काना नॉर्ड' के अध्यक्ष से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रातो/नई दिल्ली। भारत-इटली के बीच कपड़ा और फैशन क्षेत्र में रणनीतिक तथा तकनीकी संबंधों को गहरा करने के उद्देश्य से कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इटली की यात्रा पर हैं। उनके नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के तीसरे दिन इटली के प्रसिद्ध कपड़ा विनिर्माण केंद्र 'प्रातो' का विस्तृत दौरा किया।

मंत्रालय के अनुसार बुधवार को नीलम शमी राव ने 'कॉन्फिंडस्ट्रिया टोस्काना नॉर्ड' के अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद आयोजित एक विशेष सेमिनार में भारत-इटली सहयोग, तकनीकी आदान-प्रदान, निवेश और औद्योगिक साझेदारी पर बल दिया गया। इस दौरान 'भारत टेक्स 2027' को वैश्विक कपड़ा उद्योग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो दोनों देशों के उद्योगपतियों को नए व्यापारिक अवसर प्रदान करेगा। सेमिनार के बाद भारतीय और इतालवी विनिर्माताओं के बीच आमने-सामने व्यावसायिक बैठकें हुईं। इसमें सीधे व्यापार, सामग्री आपूर्ति और नए समझौतों पर सहमति तलाशने के प्रयास किए गए। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रातो की कपड़ा विनिर्माण इकाइयों का प्रत्यक्ष दौरा किया। इस दौरान इतालवी विनिर्माण विशेषज्ञता, चक्रीय कपड़ा अर्थव्यवस्था और टिकाऊ उत्पादन पद्धतियों का गहन अवलोकन किया गया। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की पृष्ठभूमि में, यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारी और बाजार पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी।

रोजगार उपलब्ध कराने के साथ गांवों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता : सम्राट चौधरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) को लेकर गुरुवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता बढ़ाने के साथ गांवों का समग्र एवं संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी राम जी मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी है। केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में वित्त पोषण की व्यवस्था होगी। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर अर्थात 15 दिनों में मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी राम जी मिशन के तहत गांवों के समग्र विकास एवं ग्रामीण रोजगार के लिए 22,000 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं को शामिल करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में 12 लाख रूपये खर्च किये जायेंगे। साथ ही अतिरिक्त 02 लाख रूपये आंगनबाड़ी केन्द्रों के साज-सज्जा, पठन-पाठन सामग्री, फर्नीचर आदि पर खर्च किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वीबी जी राम जी मिशन के तहत अभी तक 1.5 लाख योजनायें ली गई हैं, इनकी संख्या बढ़ाकर 3 लाख करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी गांवों में मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये उन सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें, इसके लिए संबंधित विभाग समन्वय करें, जिलाधिकारी इसकी सतत निगरानी करें। आंगनबाड़ी, स्कूल, हेल्थ केयर सेंटर, ग्रामीण हाट, वृक्षारोपण कार्य, जल संरक्षण, विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान का निर्माण सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए तेजी से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। इसके तहत जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्द्धन तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित चार प्रमुख श्रेणियों में कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने योजनाओं के चरणबद्ध क्रियान्वयन के साथ कार्यों की निगरानी में तकनीक के अधिकाधिक उपयोग तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सामाजिक अंकेक्षण की प्रभावी व्यवस्था और जनशिकायतों के त्वरित निवारण पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत आधारभूत संरचनाओं के निर्माण एवं विकास को विशेष प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

पराली जलाने के मुद्दे पर लोगों को 'गुमराह' कर रही पंजाब सरकार: मनजिंदर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पराली जलाने के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है।

सिरसा ने आरोप लगाया कि पंजाब में खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में तेजी राष्ट्रीय राजधानी की हवा के जहरीली होने की प्रमुख वजह है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह कहकर गलत जानकारी दी कि उनके राज्य में धान की कटाई अभी शुरू नहीं हुई है, जबकि पंजाब सरकार के ही आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 77 प्रतिशत कटाई पूरी हो चुकी है। उन्होंने मान के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि पंजाब से उठने वाला धुआं दिल्ली तक नहीं पहुंचता। सिरसा ने चार नवंबर 2022 को हुए एक संवाददाता सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री ने पराली जलाने पर रोक लगाने की जिम्मेदारी ली थी, जबकि दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी स्वीकार किया था कि प्रदूषित हवा राज्य की सीमाएं पार करती है। सिरसा ने प्रदूषण और पराली जलाने से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 30 अक्टूबर को 60 था, जो चार दिन के भीतर बढ़कर 350 के करीब पहुंच गया। इसी अवधि में पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में भी भारी बढ़ोतरी हुई। उन्होंने दावा किया कि तीन नवंबर को पंजाब में पराली जलाने की 584 घटनाएं दर्ज की गईं, जो इस मौसम में एक दिन में दर्ज की गई सबसे अधिक घटनाएं हैं। पिछले साल चार नवंबर को ऐसी 292 घटनाएं दर्ज की गई थीं। सिरसा ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि राज्य में अब तक पराली जलाने की 2,196 घटनाएं दर्ज की गई हैं और इस संबंध में 494 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जबकि इसके क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बख्शा जा रहा है। सिरसा ने पंजाब सरकार पर किसानों को पराली के निस्तारण के पर्याप्त विकल्प उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 'हैप्पी सीडर' और 'बेलर' जैसे कृषि उपकरणों की खरीद के लिए 5,000 करोड़ रुपये जारी किए थे, लेकिन राज्य सरकार किसानों तक इनकी उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने पराली जलाने पर रोक लगाने में कथित विफलता को लेकर चार नवंबर को पंजाब के कई जिलों के उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तलब किया था। सिरसा ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार पराली जलाने की घटनाओं के आंकड़े कम करके पेश कर रही है। उन्होंने इस मौसम में ऐसी घटनाओं में हुई बढ़ोतरी का हवाला देते हुए सरकार के 90 प्रतिशत की कमी के दावों पर सवाल उठाए। मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, इस मामले पर आम आदमी पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं और राष्ट्रीय राजधानी में 220 दिन अपेक्षाकृत साफ हवा दर्ज की गई। उन्होंने यह भी कहा कि वायु गुणवत्ता में अचानक आई गिरावट के लिए कोई बड़ी नयी निर्माण गतिविधि, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग या वाहनों की भारी आवाजाही जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने प्रदूषण बढ़ने की एक वजह पंजाब से आने वाले धुएं को बताया। उनके मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ से जुड़ी हवाएं इस धुएं को दिल्ली की ओर ला रही हैं। सिरसा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों से खेद जताया कि बीएस-छह मानकों से नीचे के वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर लगी पाबंदी के कारण उन्हें असुविधा हो रही है।

त्योहारी सीजन में उत्तर रेलवे चलाएगा अनारक्षित विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली। त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा के लिए अलीगढ़ और राजघाट नरौरा के बीच अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। ये विशेष रेलगाड़ियां 9 नवंबर और 24 नवंबर को दोनों दिशाओं में संचालित की जाएंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04187 अलीगढ़-राजघाट नरौरा अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी निर्धारित तिथियों पर अलीगढ़ जंक्शन से सुबह 5:40 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 7:15 बजे राजघाट नरौरा पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04188 राजघाट नरौरा-अलीगढ़ अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी राजघाट नरौरा से सुबह 8:15 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 9:55 बजे अलीगढ़ जंक्शन पहुंचेगी। दोनों रेलगाड़ियां मंजूरगढ़ी, हरदुआगंज, सुनामई हॉल्ट, गोधा हॉल्ट, अतरौली रोड, धर्मपुर हॉल्ट और डिबाई स्टेशनों पर ठहरेंगी। इन विशेष रेलगाड़ियों में सामान्य श्रेणी के डिब्बे होंगे।

दिल्ली में मौसम साफ रहने और दक्षिण भारत में बारिश के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ली है। एक तरफ दिल्ली-एनसीआर में आसमान साफ रहने के साथ हल्की ठंड की शुरुआत हो रही है, वहीं दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में चक्रवाती परिसंचरण और निम्न दबाव प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार-पांच दिनों में बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली और आसपास के इलाकों में इन दिनों मौसम सुहाना बना हुआ है। आने वाले दिनों में तापमान में हल्की गिरावट होने के आसार हैं। शुक्रवार से रविवार तक मौसम मुख्य रूप से साफ रहने के आसार हैं। सुबह के समय कुछ जगहों पर हल्का कोहरा या धुंध छाने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक पूर्वी तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर बना दबाव कमजोर होते-होते अब एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल चुका है, लेकिन इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण निचले वायुमंडल में सक्रिय है। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ और अन्य चक्रवाती परिसंचरण बने हुए हैं, जिसके प्रभाव से बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 6 एवं 9-11 नवंबर के दौरान बारिश के आसार हैं। वहीं 7-8 नवंबर के दौरान यहां काफी व्यापक बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर 6-11 नवंबर के दौरान भारी बारिश भी हो सकती है। तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, केरल, माहे और रायलसीमा में 6-11 नवंबर के दौरान कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। केरल और माहे में 6 से 8 नवंबर के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। कर्नाटक और तेलंगाना में 6-7 नवंबर के दौरान बारिश के साथ-साथ कुछ स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 8-11 नवंबर के दौरान व्यापक बारिश और 9 से 11 नवंबर के बीच भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 6-11 नवंबर के दौरान बारिश होने के आसार हैं।

शारदा सिन्हा के सुरों में आज भी धड़कती है बिहार की सांस्कृतिक आत्मा: नीतीश कुमार

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार कोकिला स्वर्गीय शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बिहार की धरती और संगीत प्रेमियों के हृदय में उनकी स्मृतियां हमेशा अमर रहेंगी। नीतीश कुमार ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि शारदा सिन्हा ने अपनी मधुर आवाज और विलक्षण गायन प्रतिभा से बिहार की लोक संस्कृति एवं संगीत परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई। विशेषकर छठ महापर्व पर उनके द्वारा गाए गए गीत आज भी बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और आस्था के साथ गूंजते हैं। उन्होंने कहा कि शारदा सिन्हा की आवाज बिहार की मिट्टी, लोकआस्था और सांस्कृतिक विरासत की पहचान बन चुकी है। उनके गीतों में हमारी परंपराओं की आत्मीयता और लोकजीवन की मिठास समाहित है। संगीत जगत में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

धनतेरस पर सुपौल का बाजार गुलजार



- बर्तन, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। धनतेरस को लेकर गुरुवार को सुपौल शहर का बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आया। दीपावली की तैयारियों के बीच धनतेरस पर खरीदारी करने के लिए सुबह से ही शहर के विभिन्न बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। बर्तन, सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स, बाइक, फर्नीचर और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। बाजार में बढ़ी रौनक से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। वहीं, दूसरी ओर खरीदारों की भारी भीड़ के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया और कई प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। धनतेरस के अवसर पर परंपरा के अनुसार बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य घरेलू सामान खरीदने को शुभ माना जाता है। इसी को लेकर लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी करते दिखाई दिए। खासकर बर्तन की दुकानों पर स्टील, पीतल, तांबा और कांसे के बर्तनों की मांग देखी गई। वहीं, आभूषण दुकानों में सोने-चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और चांदी के छोटे आभूषण खरीदने के लिए ग्राहक पहुंचे। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। लोग टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल और अन्य घरेलू उपकरणों की खरीदारी करते नजर आए। इसके अलावा बाइक और दोपहिया वाहनों के शोरूम में भी धनतेरस को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। बाजार में दीपावली की सजावट से संबंधित सामान, रंग-बिरंगी लाइटें, झालर, दीये, मोमबत्तियां और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। मिठाई और फूल-माला की दुकानों पर भी त्योहार को लेकर चहल-पहल बनी रही। शहर के पोस्ट ऑफिस के समीप, महावीर चौक और गुजरी बाजार में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। इन इलाकों में खरीदारों के साथ-साथ वाहनों की आवाजाही बढ़ने से जाम की समस्या गंभीर हो गई। कई जगह स्थिति ऐसी रही कि लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों को थोड़ी दूरी तय करने में भी काफी समय लग रहा था। सड़क किनारे और दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों ने भी परेशानी बढ़ाई। यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। पोस्ट ऑफिस के पास एक महिला पुलिसकर्मी को भी यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बावजूद वाहनों और लोगों की अत्यधिक भीड़ के कारण व्यवस्था संभालने में कठिनाई हो रही है। खासकर महावीर चौक पर बार-बार जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यातायात पुलिस बल की तैनाती के बावजूद जाम की समस्या पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

उत्तराखंड में परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हुईं 59 नई बसें, मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई हरी झंडी

- नैनीताल मंडल को 19, टनकपुर और देहरादून मंडल को 20-20 बसें आवंटित
- बीएस-06 मानकों वाली बसों से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होगी मजबूत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास से उत्तराखण्ड परिवहन निगम की 59 नई साधारण बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों के निगम के बेड़े में शामिल होने से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के अंतिम छोर पर बसे गांवों तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए सड़क संपर्क के साथ मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई बसों के संचालन से विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्क बेहतर होगा। इससे स्थानीय निवासियों के साथ पर्यटकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। सरकार सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। परिवहन निगम की इन 59 बसों में से नैनीताल मंडल को 19, टनकपुर मंडल को 20 और देहरादून मंडल को 20 बसें आवंटित की गई हैं। इनका संचालन जरूरत के अनुसार विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा। वर्तमान में परिवहन निगम के बेड़े में कुल 1,276 बसें संचालित हैं। इनमें निगम की 891 और 385 अनुबंधित बसें शामिल हैं। बीएस-06 उत्सर्जन मानकों के अनुरूप नई बसों के शामिल होने से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में सार्वजनिक परिवहन का विशेष महत्व है। बेहतर परिवहन सेवाएं दूरस्थ क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करती हैं। सरकार परिवहन सेवाओं को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063